✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 103 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 7 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




मधुबनी के राजनगर स्थित मां काली मंदिर में पूजा-अर्चना करते सीएम सम्राट

# झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का निधन, दो दिनों का राजकीय शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक और हेमंत सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का आज असामयिक निधन हो गया। देर रात अचानक सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां रविवार की सुबह उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर से झारखंड के राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार मंत्री पिछले कई दिनों से गिरिडीह से बाहर थे और दो दिन पहले ही लौटे थे। शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि वे हरसिंगरायडीह स्थित अपने घर पर थे, जहां अचानक उनके सीने में दर्द हुआ। दर्द की शिकायत पर उन्हें रात में ही गिरिडीह के एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच और




इलाज शुरू किया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। झारखंड सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए राज्य सरकार ने उनके सम्मान के लिए दो दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा आधिकारिक संकल्प जारी कर दिया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय के संकल्प के अनुसार 6 और 7 सितंबर को पूरे झारखंड में राजकीय शोक का पालन किया जाएगा। इस अवधि में राज्य के उन सभी सरकारी **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## आप हमेशा याद आएंगे सोनू भैया : हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के कैबिनेट मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें सिर्फ वरिष्ठ राजनीतिक साथी नहीं बल्कि बड़े भाई के समान बताया और कहा कि उनका जाना उनके जीवन में ऐसी रिक्तता छोड़ गया है, जिसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर भावुक संदेश साझा करते हुए कहा कि देर रात उन्हें अपने बड़े भाई और प्रिय सुदिव्य कुमार सोनू के निधन



की दुखद खबर मिली। उन्होंने कहा कि इस खबर को स्वीकार कर पाना उनके लिए बेहद कठिन है। हेमंत सोरेन ने कहा कि सोनू उनके लिए सिर्फ वरिष्ठ साथी या राजनीतिक सहकर्मी नहीं थे बल्कि बड़े भाई की तरह थे। वे स्नेह देने वाले, मार्गदर्शन करने वाले और हर मुश्किल समय में मजबूती से साथ खड़े रहने वाले व्यक्ति थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके साथ बिताए पल और उनसे मिली सीख हमेशा उनके साथ रहेंगी। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में सुदिव्य कुमार सोनू के झारखंड आंदोलन के दौर से जुड़े योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि सोनू भैया झारखंड आंदोलन के समय से ही स्मृति शेष बाबा दिशोम गुरुजी के साथ पूरी निष्ठा और मजबूती से खड़े रहे। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक समर्पित सिपाही के रूप में सुदिव्य कुमार सोनू ने अपना पूरा जीवन झारखंड की अस्मिता, अधिकार और स्वाभिमान की लड़ाई को समर्पित किया। झारखंडियत के प्रति उनका समर्पण और उनकी जुझारू भावना **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## संक्षिप्त समाचार

### घर में घुसकर मां-बेटी पर फायरिंग, चार गिरफ्तार

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** श्यामपुर भटहां थाना क्षेत्र के लालगढ़ योगिया गांव में शनिवार की आधी रात सोई अवस्था में घर में घुसकर मां-बेटी को गोली मारने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना के बाद से पुलिस की लगातार छापेमारी जारी है। घायल मां राजकुमारी देवी और बेटी रश्मि कुमारी का इलाज मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच में चल रहा है। दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। रविवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है।

### निशांत मिश्रा बने लोजपा (रा.) के प्रदेश मीडिया प्रभारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** निशांत मिश्रा को लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) का मीडिया प्रभारी बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी धीरेंद्र कुमार मुन्ना ने पत्र जारी कर इस बात की जानकारी दी। निशांत मिश्रा पटना के पटेल नगर के रहने वाले हैं। श्री मुन्ना ने पत्र जारी कर बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देशानुसार निशांत कुमार मिश्रा को लोजपा (रा.) का बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि नई जिम्मेदारी के साथ निशांत मिश्रा संगठन की मीडिया गतिविधियों को और प्रभावी बनाने में भूमिका निभाएंगे।

### हेरोइन के साथ दंपति गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने दो लाख रुपए की हेरोइन के साथ पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर की गई। पुलिस ने कच्ची पक्की थाना क्षेत्र के शेरपुर दिघड़ा इलाके में एक संदिग्ध घर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने हेरोइन बरामद की और मौके से राधा देवी और उसके पति संजीत कुमार को पकड़ा। दोनों आरोपियों ने बताया कि वे वैशाली जिले के महुआ इलाके से हेरोइन लाकर यहां बेचते थे।

### शराब तस्करों से सांठ-गांठ के आरोप में थानाध्यक्ष निलंबित

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस की साख पर बट्टा लगाने वाले व शराब तस्करों से सांठ-गांठ रखने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ पूर्वी चंपारण पुलिस ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता और संदिग्ध आचरण के गंभीर आरोपों में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने पहाड़पुर के थानाध्यक्ष अजय कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया गया है कि थानाध्यक्ष अजय कुमार पर लगे आरोपों की जांच में पर्यवेक्षी वे पूरी तरह दोषी पाए गए। इसके बाद उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया था। थानाध्यक्ष द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं देने पर एसपी ने प्रशासनिक नियंत्रण और अनुशासन के तहत सख्त कार्रवाई की है।

## बिहार में बड़े पैमाने पर एसडीपीओ, डीएसपी और एएसपी का तबादला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के गृह विभाग ने 37 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। इनमें कई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) स्तर के अधिकारी शामिल हैं। तबादले के बाद अधिकारियों को अलग-अलग जिलों और पुलिस की महत्वपूर्ण इकाइयों में नई जिम्मेदारी दी गई है। राज कुमार साह को सदर एसडीपीओ, आरा से बदलकर पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना बनाया गया है। आनंद कुमार पाण्डेय को सदर एसडीपीओ, बेगूसराय से अपर पुलिस अधीक्षक, आर्थिक अपराध इकाई, पटना भेजा गया है। अशोक कुमार दास को दाउदनगर(औरंगाबाद) एसडीपीओ से अपर पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अजय कुमार सिंह को एसडीपीओ सदर-1, सिवान से अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा, पटना बनाया गया है। संजय कुमार झा को एएसपी सिवान से अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा, पटना भेजा गया है। संजय कुमार पाण्डेय को एसडीपीओ सदर, समस्तीपुर से अपर पुलिस अधीक्षक, बीपीटीसी-1, पटना बनाया गया है। प्रवेंद्र भारती को एसडीपीओ सदर, मधेपुरा से अपर पुलिस अधीक्षक, आर्थिक अपराध इकाई, पटना और विभाष कुमार को एसडीपीओ त्रिवेणीगंज, सुपौल से अपर पुलिस अधीक्षक, बीपीटीसी-7, कटिहार भेजा गया है। संजीव कुमार को एसडीपीओ महुआ (वैशाली) से अपर पुलिस अधीक्षक, बीपीटीसी-15, भीमनगर, सुपौल की जिम्मेदारी दी गई है। धद्दद्धथ सुनील कुमार पांडेय को पुलिस उपाधीक्षक विशेष सुरक्षा दल पटना, सुरेंद्र कुमार को पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) सीवान, बिपिन नारायण शर्मा को पुलिस उपाधीक्षक रक्षित पटना, विनोद कुमार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना की जिम्मेदारी मिली है। सुनील कुमार पाण्डेय को एसडीपीओ वजीरगंज, गया से पुलिस उपाधीक्षक, विशेष सुरक्षा दल, पटना बनाया गया है। संजय कुमार जायसवाल को एसडीपीओ-1, सदर, बिहारशरीफ से पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ, पटना भेजा गया है। आलोक कुमार को एसडीपीओ सदर, सहरसा से पुलिस उपाधीक्षक, रेल, जमालपुर और एम. आदिल बेनाल को पुलिस उपाधीक्षक, बीपीटीसी-10, पटना से पुलिस उपाधीक्षक, रेल, समस्तीपुर बनाया गया है। रोशन कुमार गुप्ता को पुलिस उपाधीक्षक, रेल, समस्तीपुर से पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, सिवान और संदीप गोल्डी को एसडीपीओ धमदाहा, पूर्णिया से पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, रोहतास भेजा गया है। राज कुमार-2 को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-दो, सदर, छपरा से पुलिस उपाधीक्षक, विशेष शाखा, पटना बनाया गया है। राजेश कुमार को एसडीपीओ-दो, सदर, गोपालगंज से पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, अरवल भेजा गया है। सुरेन्द्र कुमार को एसडीपीओ वीरपुर, सुपौल से पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), सिवान बनाया गया है। गौरी कुमारी को एसडीपीओ-दो, सदर, सीवान से पुलिस उपाधीक्षक, आर्थिक अपराध इकाई, पटना की जिम्मेदारी दी गई है। रवि कुमार को एसडीपीओ अरेराज, मोतिहारी से पुलिस उपाधीक्षक, विशेष शाखा, पटना भेजा गया है। कन्हैया सिंह को एसडीपीओ-दो, मसौढ़ी, पटना से पुलिस उपाधीक्षक, विशेष शाखा, पटना बनाया गया है। विनोद कुमार को पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), सिवान से पुलिस उपाधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना और सुरेश प्रसाद सिंह को पुलिस उपाधीक्षक, बीवीएसपी-7, कटिहार से पुलिस उपाधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के पद पर भेजा गया है।

## महानंदा एक्सप्रेस के इंजन समेत तीन कोच पटरी से उतरे, टला बड़ा हादसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले में रविवार सुबह बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। आरा रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर अलीपुरद्वार से दिल्ली जा रही महानंदा एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15484) अचानक डिरेल हो गई। ट्रेन के पटरी से उतरते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के दौरान ट्रेन में सवार बड़ी संख्या में यात्री नींद में थे। तेज आवाज होने के कारण अचानक यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक महानंदा एक्सप्रेस आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 से रवाना हुई थी। स्टेशन से कुछ दूरी आगे पश्चिमी ओवरब्रिज के समीप पहुंचते ही ट्रेन के इंजन, एसएलआर बोगी और एक एसी कोच के पहिए पटरी से उतर गए। हादसा रविवार सुबह के समय हुआ। उस वक्त ट्रेन में बड़ी संख्या में यात्री नींद में थे। अचानक ट्रेन के डिरेल होने और तेज आवाज आने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। लोग घबराकर अपनी सीटों से उठ गए और स्थिति को समझने की कोशिश करने लगे। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों और यात्रियों के बीच चिंता का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। रेलवे की टीम ने डिरेल हुए हिस्सों और बोगियों को अलग-अलग किया। इसके बाद दूसरे इंजन की मदद से ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान रेल परिचालन कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। इस मामले में आरा स्टेशन के मैनेजर एनके राय को तत्काल सस्पेंड कर दिया गया है। सस्पेंड होने वाले स्टेशन प्रबंधक एनके राय ने बताया कि सुबह 4 बजकर 20 मिनट पर मुझे ट्रेन के डिरेल होने की सूचना मिली थी। मैं तुरंत घर से गाड़ी रिजर्व कर 10 मिनट पर घटनास्थल पर पहुंच गया। सस्पेंड होने के बाद एनके राय ने कहा कि मेरी कोई गलती नहीं है, जो मेरा कर्तव्य था, मैंने उसे किया। मैं तो स्पॉट पर था और सबसे पहले पहुंचने वाला मैं ही था, लेकिन फिर भी मुझे सस्पेंड कर दिया गया। अधिकारी का आदेश है, मुझे सस्पेंड कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मेरी नजर में लापरवाही ड्राइवर की है।

## बस-बाइक की भिड़ंत में तीन दोस्तों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के बाइपास थाना अंतर्गत कजरैली रोड के समीप शनिवार की देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार यात्री बस और प्रीमियम स्पोर्ट्स बाइक की भीषण टक्कर में तीन दोस्तों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही जान चली गई जबकि दो अन्य दोस्तों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रविवार को ट्रैफिक थाने की पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। मृतकों की शिनाख्त बबरगंज थाना क्षेत्र के अलीगंज गंगटी निवासी देवेंद्र यादव के पुत्र अंशु कुमार, अशोक पासवान के पुत्र सावन कुमार और हबीबपुर दाउद बाट निवासी प्रेम कुमार पासवान के पुत्र आशुतोष कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि शनिवार की देर शाम तीनों दोस्त अंशु की नई पल्सर एन-160 बाइक पर सवार होकर घूमने निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक बाइक से जीरोमाइल की तरफ बढ़ रहे थे तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित तेज रफ्तार बस ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। टक्कर की तीव्रता इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक सीधे बस के निचले हिस्से में जा घुसे। घटना की जानकारी मिलने पर बाइपास थानाध्यक्ष विकास कुमार जब पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तब तक बस का चालक फरार हो चुका था।

## बिहार की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही हो कोई संधि : संजय झा

फरक्का जल संधि के खिलाफ जदयू के 'नीतीश संवाद' की शुरुआत | कार्यक्रम शुरू होने पर डॉ. निर्मल कुशवाहा ने संजय कुमार झा को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** फरक्का जल संधि से बिहार को हो रहे नुकसान के मुद्दे को लेकर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ओर से 'नीतीश संवाद' कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। कार्यक्रम के शुभारंभ पर जदयू के वरिष्ठ नेता एवं शाहाबाद क्षेत्र के चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें बुके देकर सम्मानित किया और कार्यक्रम की शुरुआत पर बधाई दी। इस दौरान बिहार के जल हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर जदयू नेता दीपक निषाद, गुड्डू पटेल, मुन्ना कुशवाहा, अनिल कुमार सहित कई कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।



'नवबिहार टाइम्स' से बातचीत में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि वर्ष 1996 में भारत और बांग्लादेश के बीच हुई फरक्का जल संधि भारत, विशेषकर बिहार के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि इस संधि का नवीनीकरण नहीं होना चाहिए। यदि भविष्य में कोई नई संधि होती है, तो उसमें बिहार की दीर्घकालिक जल आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार की वर्ष 2050 तक की जल जरूरतों को ध्यान में रखकर ही जल बंटवारे से संबंधित कोई समझौता किया जाना चाहिए। बिहार के हितों की अनदेखी कर कोई भी जल संधि स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। जदयू नेताओं ने कहा कि 'नीतीश संवाद' के माध्यम से फरक्का जल संधि से बिहार को होने वाले प्रभाव और राज्य के जल अधिकारों से जुड़े मुद्दों को व्यापक स्तर पर जनता के बीच रखने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बिहार के जल हितों की रक्षा को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

## देश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा ईडीएफसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** देश में माल परिवहन को अधिक तेज, सुगम, सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) एक महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में उभरकर सामने आया है। आधुनिक रेल अवसंरचना से युक्त यह फ्रेट कॉरिडोर मालगाड़ियों के परिचालन को गति प्रदान करने के साथ-साथ देश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारतीय रेल अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को तेजी से विकसित कर रही है। इन्हीं प्रयासों का ही एक परिणाम ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) है। यहां अब मालगाड़ियां तीव्र रफ्तार से दौड़ रही हैं जिससे उत्पादों का परिवहन कम समय और कम कीमत पर हो रहा है। ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी), पंजाब में साहनेवाल को बिहार में सोननगर से जोड़ता है। ईडीएफसी के चालू होने से पूर्वी कोयला और औद्योगिक क्षेत्रों तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बीच माल ढुलाई में लगातार वृद्धि हुई है। साहनेवाल से सोननगर तक 1337 किलोमीटर लंबे ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) का बिहार



में 99 किलोमीटर क्षेत्र आता है। यह मार्ग भारी सामान ढोने वाली, बिजली से चलने वाली ट्रेनें पूर्वी यूपी के इंडस्ट्रियल और पावर सेक्टर के लिए प्रति टन ट्रांसपोर्ट लागत और यात्रा के समय को कम करती हैं। ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का डिजाइन थर्मल पावर प्लांट को बेहतर कोयला लॉजिस्टिक्स और परिवहन में कम उतार-चढ़ाव के साथ झारखंड और पश्चिम बंगाल को फायदा पहुंचाता है। कनेक्टिविटी में सुधार के फलस्वरूप झारखंड और पश्चिम बंगाल में बेहतर माल ढुलाई कनेक्टिविटी से औद्योगिकरण को बढ़ावा मिलता है, लॉजिस्टिक्स की रूकावटें कम होती हैं और राज्य में चल रहे औद्योगिक विकास में मदद मिलती है। ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर माल ढुलाई का खर्च और यात्रा समय में बचत होती है जिससे सामान कम कीमत पर उपलब्ध होती हैं और भारत की लॉजिस्टिक्स प्रतिस्पर्धात्मकता बेहतर होती है। रेलवे आधुनिक, तेज, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो 'गति, क्षमता और विश्वसनीयता' के साथ देश के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान कर रहा है। बिजली से चलने वाली माल ढुलाई के लिए बनी लाइनों से डीज़ल की खपत और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम होता है। इससे प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोज़गार के अवसर उपलब्ध होते हैं। साथ ही कॉरिडोर के पास बने इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स पार्क निजी निवेश को आकर्षित करते हैं।

## बिहार में बाढ़ राहत के लिए आपदा प्रबंधन मुस्तैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में नदियों के बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ की स्थिति के बीच राज्य सरकार और आपदा प्रबंधन विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ राहत कार्य में जुटा हुआ है। प्रभावित आबादी को तत्काल सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से राज्यभर में कई त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुल 110 सामुदायिक रसोई केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से अब तक लगभग 1.98 लाख लोगों को गर्म और पौष्टिक भोजन कराया जा चुका है। इसके साथ ही विस्थापित लोगों के लिए एक राहत शिविर भी शुरू किया गया है जहां 326 बाढ़ शरणार्थियों के रहने, भोजन और चिकित्सा देखभाल की पुख्ता व्यवस्था की गई है। आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए जमीनी स्तर पर राहत सामग्री का वितरण तीव्र गति से किया जा रहा है। ऐसे परिवारों को तात्कालिक आश्रय और खान-पान की सुविधा देने के लिए अब तक लगभग 55,500 पॉलीथीन शीट और 10,400 ड्राई राशन पैकेट बांटे जा चुके हैं। जलभराव वाले इलाकों में आवागमन को सुगम बनाने और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए राज्य भर में कुल 1,345 नावों को परिचालित किया गया है। मौजूदा समय में राज्य के 11 जिलों के 66 प्रखंडों की 330 ग्राम पंचायतों की लगभग 19.57 लाख आबादी जलभराव से प्रभावित है, जहां प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

C M Y K

# स्वास्थ्य व्यवस्था का सशक्त स्तंभ फिजियोथेरेपी : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व्यवस्था का सशक्त स्तंभ है फिजियोथेरेपी। यह केवल दर्द कम करने की पद्धति नहीं, बल्कि व्यक्ति को उसकी क्षमता, आत्मविश्वास और जीवन की गति वापस दिलाने का विज्ञान है। ये बातें ग्रामीण विकास, जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कही। वे रविवार को पटना के मौर्या होटल में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन-2026 में विशेष अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। मंत्री ने कहा कि आज भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। हमारा संकल्प सिर्फ आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है। हम एक ऐसे भारत का निर्माण करना चाहते हैं जो स्वस्थ हो, सक्षम हो, आत्मनिर्भर हो और हर नागरिक को सम्मान से जीने का अवसर दे। इस लक्ष्य को हासिल



करने में स्वास्थ्य क्षेत्र की भूमिका सबसे अहम है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज बनाते हैं और सशक्त समाज ही विकसित राष्ट्र की मजबूत नींव रखता है। अब दौर सिर्फ बीमार होने के बाद इलाज का नहीं है। हम एक हेल्थ कॉन्शियस सोसाइटी की ओर बढ़ रहे हैं जहां लोग बीमार होने से पहले ही अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हों। इसमें फिजियोथेरेपी की भूमिका आने वाले समय में और बड़ी होने वाली है। भविष्य की संभावनाओं का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि देश में बढ़ती बुजुर्ग आबादी, जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां, खेल गतिविधियों का विस्तार, सड़क हादसों के बाद पुनर्वास की जरूरत और आधुनिक तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल ने फिजियोथेरेपी में असीम संभावनाएं पैदा की हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डिजिटल हेल्थ और टेली-रिहैबिलिटेशन जैसी तकनीकों के साथ फिजियोथेरेपी का भविष्य और भी प्रभावशाली होगा। उन्होंने युवा फिजियोथेरेपिस्ट पर विश्वास जताते हुए कहा कि वे आने वाले समय में वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं में भारत की नई पहचान स्थापित करेंगे। स्वास्थ्य को केवल अस्पतालों तक सीमित नहीं रखना है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना होगा। मौके पर उन्होंने उपस्थित फिजियोथेरेपिस्टों, चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और छात्रों का अभिनंदन करते हुए कहा कि फिजियोथेरेपी सिर्फ एक पेशा नहीं है, बल्कि उन लाखों लोगों की आशा है जो शारीरिक चुनौती के बाद फिर से अपने पैरों पर खड़े होने का सपना देखते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सम्मेलन से नए शोधों और नई संभावनाओं का रास्ता खुलेगा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. यूसी. शामल, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. खुर्शीद आलम, चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. एलबी सिंह, भौतिक चिकित्सक डॉ. उदय शंकर प्रसाद, डॉ. रवि प्रकाश, डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, डॉ. पीयूष कुमार सिंह, डॉ. शाहनवाज आलम खान, डॉ. निशांत, डॉ. कुमार निशस, डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम, डॉ. अमृता स्वराज सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक और छात्र व अन्य मौजूद थे।

# बिहार में हॉकी को बढ़ावा दिया जायेगा : श्रवण कुमार

## राज्य के सभी जिलों एवं प्रखंडों में हॉकी के विस्तार का लिया गया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार की वार्षिक आम सभा की बैठक आज एस.आर. गार्डेन, पटना में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण विकास मंत्री सह हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने की। बैठक में वर्ष 2025-26 की कार्य समीक्षा की गई तथा आगामी वर्ष 2026-27 के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए उसे स्वीकृति प्रदान की गई। वार्षिक आम सभा में एनएसएफ सहित सभी निर्धारित एजेंडों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही संघ के सुचारू संचालन एवं विभिन्न गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभिन्न समितियों का गठन करते हुए उनके चेयरमैन की नियुक्ति की गई। बैठक में संघ के सचिव राणा प्रताप सिंह ने कार्यवृत्त प्रस्तुत किया जबकि कोषाध्यक्ष द्वारा संघ का लेखा-जोखा एवं वार्षिक वित्तीय विवरण सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विभिन्न जिला इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श कर आगामी योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर भी चर्चा की




गई। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा कि हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार का लक्ष्य राज्य में हॉकी को जमीनी स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बिहार के सभी जिलों एवं प्रखंडों में हॉकी को व्यवस्थित रूप से शुरू किया जाएगा जिससे ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाला समय बिहार के हॉकी खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आएगा। बिहार सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार, बिहार सरकार के साथ मिलकर राज्य में हॉकी के विकास के लिए व्यापक स्तर पर कार्य करेगा और बिहार को देश के अग्रणी हॉकी राज्यों में शामिल करने का हरसंभव प्रयास करेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रवण कुमार ने दलित शोषित समाधान विद्यालय के हॉकी खिलाड़ियों को ग्रेफाइट हॉकी स्टिक प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के विकास में बाधा नहीं बने, इसके लिए संघ एवं सरकार मिलकर आवश्यक प्रयास करेंगे।

बैठक के अंत में अनुभा सिंह ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों, जिला इकाइयों एवं सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बाढ़ को लेकर गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में रखी जा रही विशेष चौकसी

## तटबंधों को बचाने के लिए जल संसाधन विभाग तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार ने बाढ़ को लेकर गंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बढ़ाने का आदेश दिया है। बाढ़ से प्रभावित होने वाले तटबंधों को बचाने के लिए जल संसाधन विभाग ने सभी आवश्यक तैयारी करने का आदेश दिया है, ताकि तटबंधों को टूटने से बचाया जा सके। विदित हो कि गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि एवं गांधी घाट पर जलस्तर के उच्चतम बाढ़ स्तर को पार करने के बाद अब पानी का दबाव डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में रहेगा। इसका प्रभाव अगले 1 से 3 दिनों तक हाथीदह एवं उसके बाद के डाउनस्ट्रीम गेज स्टेशनों पर देखने को मिल सकता है तथा यह हाथीदाह में पुराने उच्चतम बाढ़ स्तर को पार कर सकता है। इसको देखते हुए जल संसाधन विभाग ने बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार जिले के गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही विभाग ने गांधी घाट पर बढ़े हुए जलस्तर की लहर के डाउनस्ट्रीम की ओर बढ़ने को देखते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय अधिकारियों को सतर्क रहने तथा जलस्तर की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि बाढ़ को लेकर विभागीय स्तर से नदी के जलस्तर, तटबंधों, संवेदनशील स्थलों एवं निचले इलाकों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता के अनुसार एहतियाती उपाय पहले से करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित विभागीय एवं क्षेत्रीय अभियंताओं को बाढ़ नियंत्रण से संबंधित सभी संसाधनों एवं मशीनरी को तैयार स्थिति में रखने को कहा गया है। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्र को लोगों को भी अनावश्यक नदी के निकट नहीं जाने तथा सतर्क और सुरक्षित रहने का सुझाव दिया गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा नावों के परिचालन पर निगरानी रखने, ओवरलोडिंग को रोकने तथा लोगों को निरंतर सूचना उपलब्ध कराते हुए जागरूक रखने का निर्देश दिए गए हैं। वहीं मुख्यालय स्तर से लगातार बाढ़ की निगरानी रखी जा रही है।

# पटना में 8 को एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज का क्षेत्रीय दौर का आयोजन

## 'द वर्ल्ड ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट' होगी क्विज की थीम, विजेता टीम को मिलेंगे 60,000

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश की अग्रणी एकीकृत विद्युत कंपनी एनटीपीसी द्वारा अपने प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉन क्विज 2026-27 के क्षेत्रीय दौर का आयोजन 8 सितंबर 2026 को पटना स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस अवसर पर बिहार के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन संस्थानों के विद्यार्थी अपनी ज्ञान क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच और टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे। इस वर्ष इलेक्ट्रॉन क्विज की थीम 'द वर्ल्ड ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट' रखी गई है। प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम में दो सदस्य होंगे। क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यवसाय प्रबंधन, उद्योग, अर्थव्यवस्था तथा समसामयिक विषयों




से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपनी जानकारी और प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इलेक्ट्रॉन क्विज 2026-27 का आयोजन देशभर में नौ क्षेत्रीय केंद्रों लखनऊ, पटना, रांची, रायपुर, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और नोएडा में किया जा रहा है। पटना क्षेत्रीय दौर में बिहार के विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों की टीमें हिस्सा लेंगी। क्षेत्रीय दौर में विजेता टीम को 60,000 जबकि उपविजेता और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को क्रमशः 40,000 और 20,000 की पुरस्कार राशि दी जाएगी। चौथे से छठे स्थान पर रहने वाली प्रत्येक टीम को 8,000 प्रदान किए जाएंगे। पटना क्षेत्रीय दौर की शीर्ष दो टीमें राष्ट्रीय सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। प्रत्येक क्षेत्रीय सेमीफाइनल से शीर्ष दो टीमें राष्ट्रीय फाइनल में प्रवेश करेंगी। राष्ट्रीय सेमीफाइनल और फाइनल का आयोजन क्रमशः 7 एवं 8 अक्टूबर 2026 को एनटीपीसी के पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, नोएडा में किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर विजेता टीम को 1 लाख, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को क्रमशः 60,000 और 40,000 प्रदान किए जाएंगे। चौथे से छठे स्थान की टीमों को 16,000 प्रत्येक, जबकि शेष 12 फाइनलिस्ट टीमों को 8,000 प्रत्येक की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इलेक्ट्रॉन क्विज एनटीपीसी की युवा प्रतिभाओं के साथ जुड़ने और विद्यार्थियों में ज्ञान, जिज्ञासा, तार्किक क्षमता, टीमवर्क तथा व्यवसाय एवं प्रबंधन की समझ विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और उद्योग जगत की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलता है। एनटीपीसी विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है तथा इसकी कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता 91 गीगावाट से अधिक है। इलेक्ट्रॉन क्विज जैसे आयोजनों के माध्यम से एनटीपीसी देश के युवा वर्ग के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत करने के साथ-साथ भावी पेशेवरों एवं नेतृत्वकर्ताओं को प्रोत्साहित कर रहा है।

# शिक्षक समाज का निर्माण करने वाले सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ : डॉ. विकास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गोल इंस्टीट्यूट सभागार में किया गया जहां लायंस क्लब से जुड़े सम्मानित शिक्षकों के साथ-साथ गोल इंस्टीट्यूट के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के कार्यकारी प्रभारी एवं वरीय पशु चिकित्सक डॉ. विकास शर्मा ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा देने का कार्य नहीं करते, बल्कि वे समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा एक शिक्षक अपने ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन से कई




पीढ़ियों को दिशा देता है। इसलिए शिक्षकों का सम्मान वास्तव में ज्ञान और संस्कार का सम्मान है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था की ओर से प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित करने का उद्देश्य समाज में गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षा के महत्व को और मजबूत करना है। साथ ही आज की नई पीढ़ी वाले छात्र जो जेन- जी एवं अल्फा हैं। उन्हें आज के परिवेश में उचित मार्गदर्शन की जरुरत है। गोल इंस्टीट्यूट के निदेशक विपीन सिंह ने कहा कि आज के बदलते दौर में शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा शिक्षक विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम की जानकारी नहीं देते, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, संस्कार और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं। उन्होंने लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था की ओर से शिक्षकों के सम्मान के लिए आयोजित इस पहल की सराहना की। गोल इंस्टीट्यूट की निदेशक ममता सिंह ने कहा कि शिक्षक दिवस शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का विशेष अवसर है। उन्होंने कहा हर सफल व्यक्ति के पीछे किसी न किसी शिक्षक का मार्गदर्शन और योगदान जरूर होता है। क्लब की ओर से कहा गया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित करने की यह परंपरा प्रत्येक वर्ष जारी रखी जाएगी। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था के सम्मानित सदस्यगण, गोल इंस्टीट्यूट के शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर टीचर्स ऑफ बिहार की पांच बड़ी पहल शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षक दिवस पर टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा शिक्षकों, विद्यार्थियों और समाज को शिक्षा के नए आयामों से जोड़ने के उद्देश्य से पांच महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम लेट्स टॉक में शिक्षा, साहित्य, तकनीक, साइबर सुरक्षा और संवाद को केंद्र में रखते हुए कई अभिनव पहल की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं मॉडरेशन डॉ. विनोद कुमार उपाध्याय द्वारा किया गया। समारोह में शिक्षक दिवस स्पेशल ऑनलाइन क्विज-2026, 'शिक्षा के गुमनाम नायक' पुस्तक के लिए कहानी आमंत्रण, 'लेट्स टॉक' में पूर्व अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग डॉ.एस.सिद्धार्थ के साथ विशेष संवाद, 'आंचलिका' पत्रिका के कवर पेज का विमोचन तथा 'मैं हूं साइबरदूत' कोर्स का शुभारंभ किया गया।

# केवाइपी केंद्र के पुन: संचालन की खुशी में शिक्षक दिवस का जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली।** लंबे समय से बंद पड़े केवाईपी केंद्र के पुनः संचालन की खुशी के बीच कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। केंद्र के दोबारा शुरू होने की खुशी और शिक्षक दिवस के अवसर ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के उत्साह को दोगुना कर दिया। समारोह के दौरान केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक-सह-संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने शिक्षकों की गरिमा, महत्ता एवं विद्यार्थियों के जीवन में गुरु की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा देने का कार्य नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य



को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक समाज और राष्ट्र के भविष्य निर्माण की मजबूत नींव हैं। इस अवसर पर महान शिक्षाविद् एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं केंद्र प्रबंधन ने उनके आदर्शों एवं शिक्षा के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। डॉ. झा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, आधुनिक कौशल एवं नवाचार से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवाईपी जैसे कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने और बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने केंद्र के पुनः संचालन को क्षेत्र के युवाओं के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना है।

# सांसद पप्पू यादव ने बाढ़ पीड़ितों को दी राहत, सरकार पर उठाए सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले के फुलवारीशरीफ विधानसभा क्षेत्र के पुनपुन और लोदीपुर में बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेने पहुंचे पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर यथासंभव मदद किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ की स्थिति और प्रभावित लोगों को मिल रही सुविधाओं को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। बाढ़ पीड़ितों की पप्पू यादव ने आर्थिक मदद भी की। पटना के फुलवारी इलाके में बाढ़ के पानी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सड़कों और आसपास के इलाकों में पानी भरने के बावजूद लोग रोजमर्रा के जरूरी कामों के लिए इसी पानी के बीच आने-जाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक बाढ़ के पानी के



कारण आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है और सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। इसी बीच पप्पू यादव अपने गाड़ी से बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे। पप्पू यादव को क्षेत्र में उन्हें एक बच्ची मिली, जो तेज बुखार से पीड़ित थी। उनके अनुसार बच्ची का परिवार उसे पटना में चिकित्सक को दिखाने के बाद कमर भर पानी पार कर वापस लौट रहा था। इस स्थिति का हवाला देते हुए उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए स्वास्थ्य और राहत सुविधाओं को लेकर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के आवास से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर अगर लोगों को इस तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है तो बिहार के दूर-दराज के बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति क्या होगी। उन्होंने सरकार की बाढ़ राहत व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। सांसद ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को भाषण नहीं, बल्कि राहत, इलाज, भोजन और सुरक्षित जीवन की जरूरत है।

# तेजस्वी को बिहार की चिंता होती तो बाढ़ पर राजनीति नहीं, राहत कार्यों में सहयोग करते : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार में बाढ़ की स्थिति को लेकर राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि आपदा की घड़ी में भी राजनीति करना तेजस्वी यादव की पुरानी आदत है। बिहार की जनता की पीड़ा पर घड़ियाली आंसू बहाने से पहले तेजस्वी यादव अपने माता-पिता के 15 वर्षों के शासनकाल का हिसाब बिहार की जनता को दें। सरावगी ने कहा कि तेजस्वी यादव आज बाढ़ प्रभावित लोगों की चिंता का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह बताना चाहिए कि उनके परिवार के 15 वर्षों के शासनकाल में बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए क्या किया गया। बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए क्या स्थायी आपदा प्रबंधन तंत्र विकसित किया गया। तेजस्वी यादव को इन सवालों से भागने के बजाय बिहार की जनता को जवाब देना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार और केंद्र सरकार की एजेंसियां पूरी मुस्तैदी से बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद में जुटी हैं। प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगातार राहत एवं बचाव अभियान चला रही हैं। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है और जरूरत के अनुसार राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

# पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बनेगा हाइटेक इंडोर स्टेडियम, 21.20 करोड़ होंगे खर्च

## 1000 से अधिक दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, खिलाड़ियों के लिए आवासीय सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में इंडोर खेलों के बुनियादी ढांचे को नई मजबूती मिलने जा रही है। कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम-2 का निर्माण कराया जा रहा है। करीब 21.20 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह स्टेडियम लगभग 30,864 वर्गफीट (2,867 वर्गमीटर) क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इसमें करीब 25 हजार वर्गफीट का विशाल स्पोर्ट्स फ्लोर होगा। स्टेडियम को मार्च 2027 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके शुरू होने के बाद कबड्डी, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, वॉलीबॉल, सेपक टाकरा, कुश्ती, जिम्नास्टिक, योग और अन्य इंडोर खेलों के खिलाड़ियों को अपने ही राज्य में आधुनिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के बीच अभ्यास और प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। स्टेडियम के निर्माण का उद्देश्य सिर्फ प्रतियोगिताओं के आयोजन तक सीमित नहीं है। खेल विभाग की योजना राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को कम उम्र से ही बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करने की है। विशेष रूप से 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक और 2030 के प्रस्तावित कॉमनवेल्थ गेम्स को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय अभ्यास का वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इससे बिहार के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता कम होगी। प्रस्तावित इंडोर हॉल में करीब 25,000 वर्गफीट का स्पोर्ट्स फ्लोर होगा। यहां अलग-अलग इंडोर खेलों की जरूरत के अनुसार कोर्ट और प्रशिक्षण गतिविधियां संचालित की जा सकेंगी। बड़े खेल आयोजनों के दौरान दर्शकों के बैठने की भी पर्याप्त व्यवस्था होगी। स्टेडियम में 1000 से अधिक दर्शकों की क्षमता वाला रिट्रैक्टेबल सीटिंग सिस्टम लगाया जाएगा।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर बिहार में होगा सेवा-संकल्प का महाअभियान : रणबीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को इस बार बिहार में धार्मिक आस्था, जनसेवा और युवा सहभागिता से जोड़कर मनाने की तैयारी है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'सेवा और संकल्प दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान किया। इसके तहत राज्य के मठ-मंदिरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और देश की सुख-समृद्धि की कामना के लिए विशेष पूजा-अर्चना और सामूहिक प्रार्थना की अपील की गई है। वहीं युवाओं से इस अवसर पर किसी एक



सामाजिक सेवा कार्य को अपनाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया जाएगा। प्रो. नंदन ने कहा कि सभी मठ मंदिरों से आग्रह है कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन केवल उत्सव तक सीमित न रहे, बल्कि इसे सेवा, साधना और संकल्प का अवसर बनाया जाए। बिहार के मठ-मंदिरों में महामृत्युंजय जाप, सुंदरकांड पाठ, विशेष पूजा अथवा सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की जा सकती है। साथ ही मंदिर परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाए। इस अभियान में युवाओं की भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया है। इसके तहत 'एक युवा-एक सेवा संकल्प' की भावना के साथ युवाओं से रक्तदान, जरूरतमंदों को भोजन, वृद्धजनों की सहायता, पौधारोपण, मंदिर परिसर की स्वच्छता, गरीब बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने और अस्पतालों में मरीजों के परिजनों की सहायता जैसे कार्य करने की अपील की जाएगी।

# वार्षिक दशहरा मेला 2026 का समापन, अंतिम दिन लोगों ने की जमकर खरीदारी

## महिलाएं हमेशा से ही शिल्पकार और निर्माणकर्ता रही हैं : शीला कुमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित वार्षिक दशहरा मेला - 2026 का भव्य समापन ज्ञान भवन में संपन्न हुआ। 2 सितंबर से 6 सितंबर तक आयोजित इस मेले में अफगानिस्तान, बिहार सहित अन्य राज्यों के सैकड़ों महिला उधमियों ने हिस्सा लिया। मेले के समापन के दिन पटनावासियों ने जमकर खरीदारी की। उद्योग विभाग, बिहार सरकार, एमएसएमई, डब्लूसीडीसी, नाबार्ड के सहयोग से आयोजित इस मेले में 230 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए थे जिनकी



कुल बिक्री चार करोड़ छब्बीस लाख रही। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बिहार सरकार की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी ने कहा कि महिलाएं हमेशा से ही शिल्पकार और निर्माणकर्ता रही हैं। बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित यह मेला महिलाओं को सशक्त मंच देता है जिससे वो अपने हुनर को प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना किसी भी समाज का विकास नहीं हो सकता है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए बिहार महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी।

# ऊर्जा दक्षता पर जनसंवाद को व्यापक बनाने के लिए बीइइ ने पटना में आयोजित किया 'इन्फ्लुएंसर्स कॉन्क्लेव'



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अन-एडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, बिहार की ओर से रविवार को भारतीय नृत्य कला मंदिर, फ्रेजर रोड में 8वां अपसा शिक्षक सम्मान समारोह-2026 आयोजित किया गया। समारोह में निजी विद्यालयों के शिक्षकों, प्राचार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात गणितज्ञ प्रो. के. सी. सिन्हा रहे। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने के साथ उनके व्यक्तित्व के विकास में भी शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी है। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए 'अपसा शिक्षा रत्न' सम्मान प्रदान किया गया।

# लंबित राजस्व मामलों के निपटारे में देरी बर्दाश्त नहीं : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** जिलाधिकारी ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के लंबित मामलों में अनावश्यक देरी पर कड़ी नाराजगी जताई। समाहरणालय स्थित डीआरडीए भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम दीपक कुमार मिश्र ने जिले के सभी अंचलाधिकारी और डीसीएलआर को सख्त निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि बिहार सरकार के निर्देशों के अनुरूप दाखिल-खारिज, जमाबंदी सुधार, परिमार्जन प्लस, ई-मापी, अतिक्रमण वाद, नीलाम पत्र वाद, बासगीत पर्चा और अभियान बसेरा से जुड़े किसी भी मामले में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद और राजस्व मामलों का सीधा संबंध आम लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं से है। मामलों के लंबित रहने से नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं जो प्रशासन की छवि पर भी असर डालता है। डीएम ने स्पष्ट किया कि जिन अंचलों में लंबित मामलों की संख्या अधिक है, वहां विशेष अभियान चलाकर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। निर्धारित समय-सीमा का उल्लंघन होने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने विधि-सम्मत और पारदर्शी तरीके से काम करने का निर्देश दिया ताकि आम नागरिकों को परेशान न होना पड़े।

## फांसी लगा युवती ने खुदकुशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर- 13 के गौतम नगर मोहल्ले की एक 18 वर्षीय युवती ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक युवती का नाम खुशबू कुमारी था। वह पवन शर्मा की पुत्री थी। वह वाराणसी में रहकर पढ़ाई करती थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से अपने घर पर आई हुई थी। बताया जाता है कि खुशबू की एक सहेली भी वाराणसी से उसके साथ आकर उसके बिक्रमगंज स्थित आवास पर रह रही थी, लेकिन 5 दिन पहले उत्तर प्रदेश की पुलिस अचानक बिक्रमगंज पहुंची तथा खुशबू की सहेली को रिकवर कर अपने साथ लेकर चली गई।

## अनियंत्रित बाइक से गिरकर महिला की मौत, पति अस्पताल में भर्ती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकबरपुर (रोहतास)।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर बेसहारा घूमते पशु अब वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। शनिवार की देर शाम डिहरी-बंजारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ऐसा ही दर्दनाक हादसा देखने को मिला जहां तेलकप गांव के धनगरबिगहा के पास अचानक भैंस के सड़क पर आ जाने से एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में बाइक सवार महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतका की शिनाख्त डिहरी के कमरनगंज निवासी जंग बहादुर चौधरी की 32 वर्षीय पत्नी लक्ष्मुनिया देवी के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दंपती बाइक से जा रहे थे कि अचानक रास्ते में एक भैंस आ गई। अचानक सामने आई रुकावट के कारण चालक संतुलन खो बैठा और दोनों सड़क पर जा गिरे। हादसे की जोरदार आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए गंभीर रूप से घायल पति को इलाज के लिए पास के तेलकप स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## श्री अरविंद की 154वीं जयंती पर निबंध प्रतियोगिता में श्री अरविंद एकेडमी के छात्रों ने मारी बाजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** श्री अरविंद सोसाइटी, बिहार प्रांत स्तरीय श्री अरविंद की 154वीं जयंती के अवसर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में श्री अरविंद एकेडमी, सांबिका नगर, डिहरी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन विगत 17 मई 2026 को श्री अरविंद सोसाइटी की डिहरी शाखा में किया गया था। प्रतियोगिता का परिणाम 6 अगस्त 2026 को घोषित किया गया जिसमें श्री अरविंद एकेडमी के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। सफल छात्रों को श्री अरविंद सोसाइटी की जनकोप, औरंगाबाद शाखा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रमाणपत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश अध्यक्ष, पूर्णिया शाखा से नारायण लाल दास, गया शाखा के सचिव विनय कुमार सिन्हा, डिहरी शाखा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनोद मरोदिया, डिहरी शाखा अध्यक्ष डॉ. ज्योति उपाध्याय, जनकोप शाखा के प्रदेश सचिव सह शाखा सचिव उपेंद्र कुमार वर्मा तथा दाऊदनगर शाखा के सचिव संजय कुमार सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री अरविंद एकेडमी के निदेशक कृष्ण प्रसाद भी उपस्थित थे। उन्होंने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में छात्रों के साथ उनके माता-पिता भी उपस्थित रहे और बच्चों की उपलब्धि पर खुशी जताई।

## खराब ठेले व स्ट्रीट लाइटों की होगी मरम्मत, नाली निर्माण को भी मिलेगी गति

**नगर परिषद बोर्ड की बैठक में चार एजेंडों पर हुई चर्चा, स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने का निर्णय**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शहरी क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए डिहरी नगर परिषद ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। शनिवार को नगर परिषद सभापति शशि कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड की बैठक में चार एजेंडों पर चर्चा की गई। सभापति शशि कुमारी ने बताया कि स्वच्छता अभियान को मजबूत करने के लिए सभी वार्डों में खराब पड़े कूड़ा उठाने वाले ठेलों की मरम्मत कराई जाएगी। इस प्रस्ताव पर सभी पार्षदों ने सहमति जताई। इसके अलावा खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराने तथा आवश्यकता के अनुसार नई लाइटों की खरीद कर वार्डों में लगाने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने बताया कि 15वीं वित्त आयोग सहित अन्य संसाधनों से प्राप्त राशि का उपयोग शहर के विकास कार्यों में किया जाएगा। वार्डों से चयनित योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति देने तथा पूर्व में रद्द की गई निविदाओं का पुनः निविदा प्रकाशन कराने का भी निर्णय लिया गया है। इससे गली-नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों को गति मिलेगी और जलजमाव व गंदे पानी की समस्या से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। बैठक में शहर में छिड़काव के लिए चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर की खरीद कर पर्याप्त मात्रा में भंडारण करने पर भी सहमति बनी। नगर परिषद के नए कार्यपालक पदाधिकारी अमर ज्योति के पदभार ग्रहण करने के बाद लंबित कार्यों को गति देने और शहर की समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रयास तेज किए गए हैं। नगर परिषद की ओर से बताया गया कि खराब ठेले व लाइटों की मरम्मत, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट समेत अन्य जनसमस्याओं के समाधान के लिए लिए गए निर्णयों को धरातल पर लागू करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में उप मुख्य पार्षद रानी कुमारी, सहायक लोक स्वच्छता एवं अभियंत्रण प्रबंधन पदाधिकारी प्रणव कुमार सहित सभी पार्षद, सशक्त समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## सोन नदी का जलस्तर घटा, किनारे बसे गांवों में राहत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** सोन बराज इंद्रपुरी पर सोन नदी का पानी तेजी से घट रहा है जिससे नदी किनारे बसे गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली है।

बराज से मिली जानकारी के अनुसार बराज का ट्रेंड अब फाइलिंग है। अपस्ट्रीम में कुल डिस्चार्ज 207852 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया जबकि डाउनस्ट्रीम में 200619 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध प्रशासन के अनुसार बराज के कुल 69 गेटों में से 53 गेट अभी भी खुले हुए हैं। अपस्ट्रीम जलस्तर डिजाइन पोंड लेवल के बराबर 355.00 फीट पर बना हुआ है जबकि डाउनस्ट्रीम जलस्तर 341.00 फीट दर्ज किया गया है। इसके साथ ही नहरों में पानी की आपूर्ति जारी है। वेस्टर्न लिंक कैनाल में 5511 क्यूसेक, वेस्टर्न पैरलल लिंक कैनाल में 906 क्यूसेक और ईस्टर्न लिंक कैनाल में 816 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। पिछले दो दिनों से बढ़े जलस्तर के कारण तिलौथू, दावथ और इंद्रपुरी के दियारा इलाके के गांवों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा था। पानी घटने से लोगों में खुशी है और प्रशासन भी अलर्ट मोड से सामान्य स्थिति में लौट रहा है।

## कार्यपालक सहायक संघ की बैठक, अनुमंडल कार्यकारिणी का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय के सभागार में रविवार को बिहार राज्य कार्यपालक सहायक सेवा संघ की जिला इकाई रोहतास के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्यपालक सहायकों ने भाग लिया और बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, आपसी समन्वय, कार्यपालक सहायकों की समस्याओं तथा आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन के माध्यम से समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल करने पर भी विचार-विमर्श हुआ और इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि संगठन को प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर पर और अधिक मजबूत तथा प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया गया जबकि प्रदेश मीडिया प्रभारी मो. आदिल खान ने बताया कि संगठन की आगामी गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित करने और सभी कार्यपालक सहायकों को एकजुट रखने पर विशेष जोर दिया गया तथा बैठक में उपस्थित सदस्यों की सर्वसम्मति से मुकेश कुमार को अनुमंडल अध्यक्ष और आशीष उपाध्याय को अनुमंडल सचिव चुना गया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष के रूप में बिक्रमगंज से मनीष कुमार, दावथ से पप्पू चौरसिया, दिनारा से मुकेश कुमार, संझौली से अजित कुमार, काराकाट से उदय कुमार, राजपुर से हरी ओम भास्कर, नासरीगंज से विष्णु कुमार और सूर्यपुरा से पूजा कुमारी को सर्वसम्मति से चुना गया जिसके बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित कार्यपालक सहायकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और नवनिर्वाचित अनुमंडल अध्यक्ष एवं सचिव ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती एवं कार्यपालक सहायकों के हितों के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और एकजुटता के साथ कार्य किया जाएगा तथा कार्यपालक सहायकों की समस्याओं को उचित मंच तक मजबूती से पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा। वहीं बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और कार्यपालक सहायकों के हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी आवश्यक चर्चा हुई और इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मदन कुमार सिंह, मुकेश पाण्डेय, गणेश कुमार, प्रदीप कुमार, विवेक विशाल सहित बिक्रमगंज अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न विभागों के कई कार्यपालक सहायक उपस्थित रहे।

## रिलायंस स्मार्ट पॉइंट मॉल में चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सासाराम के नगर थाना क्षेत्र के बौलिया के पास रिलायंस स्मार्ट पॉइंट नामक मॉल में भीषण चोरी हो गई। बताया जाता है कि मॉल के पीछे के दीवार में सेंधमारी कर अंदर प्रवेश किया तथा चोरी के वारदात को अंजाम दिया है। चोरी में कितना नगदी तथा समान गायब हुआ है इसकी जांच की जा रही है। आज जब कर्मियों ने मॉल को ओपन किया तो देखा कि पीछे के दीवार में ऊपर सेंधमारी किया हुआ है। साथ ही माल के ऑफिस का कक्ष का शीशा भी टूटा हुआ है तो इन लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सासाराम नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा छानबीन शुरू कर दी जिस दीवार में सेंधमारी हुई है उस जगह को सील किया गया है। साथ ही फॉरेंसिक की टीम को भी बुलाई गई है। उसके बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि कितना नगद एवं सामान की चोरी हुई है। चूंकि इस वारदात की सीसीटीवी फुटेज में भी थोड़ी बहुत तस्वीरें कैद हुई है। पुलिस उसकी भी जांच कर रही है।

## विहिप ने मनाया 62वां स्थापना दिवस

**सामाजिक समरसता, संस्कार और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व हिंदू परिषद की ओर से रविवार को स्थानीय इं. ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब परिसर में 62वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज, नरेंद्र राय, बजरंग दल प्रांत सह संयोजक अभिषेक राजा एवं उप पार्षद रानी कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप डिहरी प्रखंड अध्यक्ष संतोष सिंह ने की जबकि संचालन पंकज कुमार उर्फ गोपी कुमार ने किया। मुख्य अतिथि ने विहिप के स्थापना एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की स्थापना 29 अगस्त 1964 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन हुई थी। उन्होंने हिंदू समाज को संगठित, सशक्त और सामाजिक रूप से समरस बनाने पर जोर दिया।

नरेंद्र राय ने सेवा, सुरक्षा और संस्कार के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता अभिषेक राजा ने सामाजिक समरसता, संस्कृति एवं धर्म रक्षा, सेवा कार्य तथा युवा व महिला सशक्तिकरण के विषयों पर चर्चा की। मौके पर विकास कुमार गुप्ता, भोला चौहान, बबल कश्यप, राणा प्रताप सिंह, दीपक कुमार दास, अर्जुन केसरी, चंदन गुप्ता, अंकित गुप्ता, गोलू दुबे, विकास पहलवान, रणधीर कुमार, अमर सिन्हा, सनी कुमार, सुनील सिंह, रवि बहादुर, धर्मवीर सिंह सहित विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनी बाबा गणिनाथ की पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के बाघाखोह में शनिवार को बाबा गणिनाथ की पूजा बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। पूजा का आयोजन कमेटी के अध्यक्ष राम प्रधान साह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में अशोक चंद्रवंशी, हरेराम मुखिया, प्रियंका सिंह, उपेंद्र सिंह, नंद जी, राजू गुप्ता सहित अन्य बुद्धिजीवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कमिटी द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया गया। मंच संचालन कृष्णा प्रसाद ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने बाबा गणिनाथ के जीवन, त्याग और समाज में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूजा के बाद देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें उद्घोषक अनिल विश्वास, बबीता किन्नर आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत और लोकगीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## दिल्ली में पहली बार शाहाबाद के कला संस्कृति का दिखेगा जलवा : अखिलेश

**आगामी 27 अक्टूबर को मावलंकर ऑडिटोरियम में होगा जुटान**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** शाहाबाद के कलाकार पहली बार देश की राजधानी दिल्ली स्थित लूटियन जोन में अपने गौरवशाली ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से देश के लोगों को रुबरु कराएंगे। इसके लिए इस वर्ष शाहाबाद महोत्सव का आयोजन संसद भवन के समीप मावलंकर कांस्टीट्यूशन क्लब के ऑडिटोरियम में आगामी 27 अक्टूबर को किया जा रहा है। उक्त बातें शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने रविवार को स्थानीय नागेन्द्र झा महिला महाविद्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि शाहाबाद शाहाबाद की कला संस्कृति सर्वोत्तम मानव जीवन पद्धति का शिक्षा देता है, जिसे अक्षुण्ण बनाए रखना हम-सभी का नैतिक दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि यहां के ऐतिहासिक विरासत, गौरवशाली परंपरा का संरक्षण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विक्रमगंज की पावन भूमि से वर्ष 2019 में जो शुरुआत हुई थी वह अपने मुकाम के तरफ तेजी से बढ़ रही है। इसी अभियान के तहत इस वर्ष दिल्ली में शाहाबाद महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। ताकि देश दुनिया के लोग इससे रुबरु हो सके तथा केन्द्र सरकार विरासत को सहेजते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने में योगदान दे। अखिलेश कुमार ने बताया कि उस कार्यक्रम में राजनीतिक, प्रशासनिक, साहित्यिक, कला संस्कृति, पत्रकारिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महती भूमिका निभा रहे लोग शामिल होंगे। इस दौरान प्रो. बलिराम मिश्र, मधु उपाध्याय, मदन वैश्य, श्रीनिवास यादव, अमरेन्द्र मिश्रा, विमल कुमार सिंह, प्रो रविन्द्र सिंह, प्रवीण कुमार, सुभाष तिवारी, अभिषेक कुमार, अनिष कुमार, क्षितिज जी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् अय्यूब खान ने की।

## देर रात सासाराम एसडीएम ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** सासाराम अनुमंडल पदाधिकारी प्रिया रानी ने शनिवार देर रात सदर अस्पताल सासाराम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में आम लोगों एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में एसडीएम द्वारा अस्पताल के विभिन्न वार्डों, आपातकालीन सेवा, चिकित्सकीय व्यवस्था, दवा एवं आवश्यक चिकित्सा सामग्री की उपलब्धता, मरीजों के लिए पेयजल, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, मरीजों एवं उनके परिजनों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही अस्पताल में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, आपातकालीन स्थिति में त्वरित उपचार तथा आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का सुचारू रूप से लाभ उपलब्ध कराने से संबंधित व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली गई। एसडीएम ने अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने पर जोर दिया।

## दही-हांडी महोत्सव का आयोजन, एसडीएम ने दीप जलाकर किया शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आज रविवार को बिक्रमगंज के अनजीवित सिंह कॉलेज मैदान में दही-हांडी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम के सफल तथा शांतिपूर्ण आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक और पारंपरिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सौहार्द और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं तथा नई पीढ़ी को हमारी समृद्ध संस्कृति से जोड़ते हैं। महोत्सव के दौरान मैदान में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा और श्रद्धालु उत्साह के साथ उपस्थित रहे और दही-हांडी फोड़ने की प्रतियोगिता का आनंद लिया। ढोल-नगाड़ों की थाप और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान विधि-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

## साइबर ठगी गिरोह का सरगना गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर जिले की पुलिस ने साईबर ठगी करने वाले एक गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया जिसके तार बिहार सहित झारखंड, चंडीगढ, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ आदि दर्जनों राज्यों से जुडे हुए हैं। यह मामला एक्सिस बैंक के खाते से जुड़ा हुआ था जिसे बीते 15 मार्च को भभुआ साईबर थाने में दर्ज किया गया था। उसके बाद उस खाते के माध्यम से ठगी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना भभुआ थानान्तर्गत ग्राम कुडासन निवासी पुनीत तिवारी पिता विनायक तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर देश भर के अनेकों राज्यों के करोड़ों लोगों को चूना लगाने वाले अन्तरराज्यीय गिरोह के मास्टर माईंड धर-दबोच लिया गया है जिस खाते का तलाश 8 राज्यों की पुलिस कर रही थी उसका खुलासा कैमूर पुलिस ने करते हुए यह भी स्पष्ट किया कि मात्र 40दिनों के दरम्यान हीं इस खाते से करोड़ों रुपये के ट्रांजेक्शन हुए हैं।

## आरएलएम ने आयोजित किया श्रद्धांजलि सह आभार कार्यक्रम

**रामफल मंडल की स्मृति में डाक टिकट जारी होने पर जताया आभार**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के रोहतास जिला इकाई ने 5 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के मार्गदर्शन में एवं प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार श्रद्धांजलि सभा एवं आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती सह शिक्षक दिवस, महान समाजवादी एवं सामाजिक न्याय के जोधा जगदेव बाबू के शहादत दिवस तथा स्वतंत्रता संग्राम के महानायक रामफल मंडल के शहादत दिवस पर डाक टिकट जारी करने पर तीनों विभूतियों को श्रद्धा पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** आयर कोठा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 33.3 लीटर देसी और विदेशी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पडुहार गांव के समीप मुख्य सड़क किनारे झाड़ियों में शराब की खेप रखी गई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पडुहार गांव निवासी पप्पू कुमार साह, पिता शिवराती साह को गिरफ्तार किया गया।

## डिहरी में निःशुल्क मेडिकल चेकअप एवं आइवीएफ परामर्श शिविर आयोजित

**बांझपन की समस्या को लेकर महिला-पुरुषों की जांच**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी के नील कोठी स्थित चंद्रराज वाटिका में बिलीव एंड ब्लेस्ड फर्टिलिटी एंड आइवीएफ सेंटर, पटना की ओर से निःशुल्क मेडिकल चेकअप एवं आइवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डिहरी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष मरीज पहुंचे और विशेषज्ञ चिकित्सकों से अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर परामर्श लिया। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों की निःशुल्क जांच की गई। आवश्यकता के अनुसार मेडिकल जांच, दवाइयां एवं उचित चिकित्सकीय सलाह भी दी गई। महिलाओं के साथ पुरुष पार्टनर की भी विभिन्न जांच कर बांझपन के संभावित कारणों के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में मौजूद डॉक्टर सना ने बताया कि बिलीव एंड ब्लेस्ड फर्टिलिटी एंड आइवीएफ सेंटर, पटना की स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा आइवीएफ विशेषज्ञ डॉ. सोनाली गुप्ता के मार्गदर्शन में डिहरी ऑन सोन में यह निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं और पुरुषों दोनों में बांझपन की समस्या देखी जा रही है। समय पर जांच और उचित उपचार से कई मामलों में समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि बांझपन और आइवीएफ को लेकर लोगों के बीच कई तरह की भ्रांतियां हैं। चिकित्सकों द्वारा पहले जांच, दवाइयों और अन्य आवश्यक उपचार के माध्यम से समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाता है। आवश्यकता पड़ने पर ही आइवीएफ जैसी आधुनिक तकनीक की सलाह दी जाती है। वहीं पटना पारस हॉस्पिटल के सीनियर एंड्रोलॉजिस्ट एवं यूरोलॉजिस्ट डॉ. विकास कुमार ने कहा कि बांझपन केवल महिलाओं से जुड़ी समस्या नहीं है, बल्कि पुरुषों में भी इसके कई कारण हो सकते हैं। उचित जांच, परामर्श और इलाज के माध्यम से पुरुषों से संबंधित समस्याओं का भी उपचार संभव है। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों से अपील की कि संतान प्राप्ति में किसी प्रकार की परेशानी होने पर झिझक या भ्रांतियों में रहने के बजाय समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से सलाह लें।

# जन-जन तक पहुंचेगा सेवा संकल्प अभियान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वारिसलीगंज**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा एवं समर्पण को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के तहत वारिसलीगंज नगर मंडल की कार्यशाला आयोजित की गई। अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष संजय कुमार मंगल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, वारिसलीगंज की निवर्तमान विधायक अरुणा देवी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रियरंजन श्रीनिवास, कार्यक्रम के सह संयोजक एवं निवर्तमान भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा तथा जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मंच संचालन जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने किया। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाला सेवा संकल्प अभियान कार्यकर्ताओं के लिए सेवा, संगठन और समाज के प्रति जिम्मेदारियों को मजबूत करने का अवसर है। अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री के विचारों, कार्यों एवं जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। निवर्तमान विधायक अरुणा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उनकी 25 वर्षों की सेवा यात्रा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सेवा कार्यों को गति देंगे। जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि सेवा भाजपा की मूल भावना है। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में विभिन्न सेवा एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ता आम लोगों से जुड़ेंगे और सेवा एवं सुशासन के संकल्प को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम के सह संयोजक एवं निवर्तमान भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय और समर्पण के साथ जुटना होगा। युवा कार्यकर्ता अभियान में विशेष भूमिका निभाते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ेंगे। जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों का सेवा एवं समर्पण देश के लिए प्रेरणा का विषय है।

# एसडीओ ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय व एएनएम कॉलेज का किया निरीक्षण





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। उच्च न्यायालय, पटना में दायर याचिका तथा अपर पुलिस महानिदेशक, कमजोर वर्ग, अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना एवं जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जिले में संचालित सरकारी एवं गैर-सरकारी/निजी गर्ल्स हॉस्टल एवं लॉज में छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भौतिक निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रजौली अनुमंडल पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, रजौली एवं एएनएम कॉलेज, रजौली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध सुरक्षा मानकों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष, अग्निशमन विभाग एवं विद्युत विभाग के पदाधिकारी/कर्मी शामिल रहे। टीम द्वारा संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन एवं विद्युत सुरक्षा से संबंधित आवश्यक बिंदुओं का निरीक्षण किया गया तथा छात्राओं के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी केंद्र में भारी धांधली और अनियमितता का मामला

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड क्षेत्र के हंडिया पंचायत अंतर्गत जहानपुर गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में भारी धांधली और अनियमितता का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी सेविका रीता कुमारी पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले सरकारी पोषाहार का गबन करने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र पर पिछले एक साल से बच्चों को पोषाहार नहीं बांटा जा रहा है। सरकार द्वारा बच्चों के लिए मिलने वाले दूध, अंडा व अन्य पोषाहार सामग्री का वितरण पूरी तरह बंद है, यहाँ तक कि केंद्र पर चूल्हा तक नहीं जलता। आरोप है कि सरकारी राशि का गबन कर पूरी रकम खुद रख ली जाती है। शिकायत करने पर रंगदारी केस में फंसाने की धमकी दिया गया।ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने इस बाबत सेविका से बात की, तो उसने यह कहकर टाल दिया कि "अधिकारियों को हर महीने 5,000 रुपये देने पड़ते हैं।" इतना ही नहीं, विरोध करने पर ग्रामीणों को फर्जी रंगदारी केस में फंसाने और जहाँ चाहें शिकायत करने की धमकी भी दी गई। वरीय अधिकारियों से कानूनी कार्रवाई की मांग लापरवाही और धांधली से नाराज ग्रामीण वाल्मीकि चौधरी, विनोद रविदास और विजय रविदास सहित अन्य लोगों ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नारदीगंज को लिखित आवेदन देकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस आवेदन की प्रतिलिपि जिलाधिकारी नवादा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सीडीपीओ नवादा और मुख्यमंत्री बिहार सरकार को भी भेजी गई है।इधर,दूसरे पक्ष से सम्पर्क नहीं होने से उनका पक्ष नहीं रखा गया है।

### शिक्षक की स्मृति में क्विज प्रतियोगिता



**नवादा**। शिक्षक दिवस के अवसर पर मेसकौर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परोरिया में पूर्व में पदस्थापित दिवंगत प्रधानाध्यापक एवं बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ, नवादा के जिला सचिव तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, बामसेफ, नई दिल्ली और बिहार एवं झारखंड राज्य के प्रभारी रहे मूल निवासी आलोक कुमार की स्मृति में क्विज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत शिक्षक आलोक कुमार के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। क्विज प्रतियोगिता परीक्षा का उद्घाटन मेसकौर प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने किया। इसके बाद विद्यालय में बच्चों के द्वारा केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। विद्यालय में इस तरह के आयोजन से बच्चों में काफी खुशी और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक क्विज प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लिया। वक्ताओं ने दिवंगत शिक्षक आलोक कुमार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए योगदान को याद करते हुए उनकी स्मृति में कहा कि इस प्रकार की यह क्विज प्रतियोगिता परीक्षा विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का एक बेहतरीन माध्यम है। मौके पर बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान, माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव शिवकुमार प्रसाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 योगेंद्र पासवान, संयुक्त सचिव वीरेंद्र वीर, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, अभय कुमार, नरेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, मो0 इफतेखार आलम, करण कुमार, विकास कुमार, श्रवण कुमार, रंजीता कुमारी, पिंकी मेहता, मीना कुमारी आदि शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर बढ़ई विश्वकर्मा महासभा ने जताया शोक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा जिला प्रगतिशील लेखक संघ का आठवां जिला सम्मेलन नवादा नगर स्थित अंबेडकर पुस्तकालय भवन में 6 सितंबर को आयोजित किया गया है जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह एवं सचिव अशोक समदर्शी ने संयुक्त बयान में बताया कि नवादा प्रलेस का यह आठवां जिला सम्मेलन संघ के दिवंगत साथी मिथिलेश, जयप्रकाश, प्रो उमाकांत राही और डॉ संजय कु. सिन्हा के नाम समर्पित होगा। इस अवसर पर "साहित्य सृजन में लोकभाषिक चेतना "विषय पर गहन मंथन किया जाएगा जिसमें गया, पटना, जमुई के अतिथि वक्ताओं के अलावे स्थानीय वक्ताओं के ओजपूर्ण और सार्थक विचार विमर्श होंगे। सम्मेलन में बिरादराना लेखक व सांस्कृतिक संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन के चार मुख्य सत्र होंगे जिसमें उद्घाटन सत्र, उदगार सत्र, संगठन सत्र और आखिर में कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन होगा। कार्यक्रम में इप्टा कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति भी प्रस्तावित है जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल का नामकरण हाल ही में दिवंगत हुए मिथिलेश के नाम पर मिथिलेश सभागार के रूप में किया गया है क्योंकि वे नवादा प्रलेस के सम्मानित संस्थापक रह चुके हैं। इस कार्यक्रम में समान विचारधारा के लेखक, कवि, संस्कृतिकर्मी इत्यादि विशेष रूप से आमंत्रित हैं।

# रेड एंड टेलर शोरूम का पहला वर्षगांठ धूमधाम से मना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। शहर के रामनगर स्थित रेड एंड टेलर शोरूम का पहला वर्षगांठ शनिवार को धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शोरूम परिसर में केक काटकर वर्षगांठ समारोह आयोजित किया गया। खास बात यह रही कि केक काटने का कार्यक्रम छोटे-छोटे बच्चों द्वारा किया गया, जिससे समारोह में मौजूद लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। शोरूम के संचालक राजीव नयन एवं सौरभ अग्रवाल ने बताया कि पिछले एक वर्ष के दौरान नवादा के लोगों से शोरूम को काफी अच्छा प्यार और सहयोग मिला है। ग्राहकों के विश्वास एवं सहयोग के कारण ही रेड एंड टेलर ने सफलतापूर्वक अपना पहला वर्ष पूरा किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह लोगों का प्यार और सहयोग मिल रहा है, उससे आने वाले समय में भी बेहतर सेवाएं देने का प्रयास जारी रहेगा। संचालकों ने कहा कि ग्राहकों की पसंद और संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए शोरूम में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एवं बेहतर सेवा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। वर्षगांठ समारोह के दौरान ग्राहकों एवं शुभचिंतकों ने शोरूम संचालकों को शुभकामनाएं दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भाजपा नेता ज्योतिष को साहू समाज ने किया सम्मानित



**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। साहू समाज के प्रखंड अध्यक्ष ज्योतिष कुमार साहू को भाजपा जिला वाणिज्य प्रकोष्ठ का नवादा जिला संयोजक बनाए जाने पर रविवार को रानीबाजार गांव स्थित साहू धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहू समाज के लोगों ने नव मनोनीत जिला संयोजक ज्योतिष कुमार साहू का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए फूल-माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान समाज के लोगों ने कहा कि ज्योतिष कुमार साहू को भाजपा संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से साहू समाज में हर्ष का माहौल है। उन्होंने लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई है। समाज के लोगों ने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए वे संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ समाज के हितों को भी मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। सम्मान समारोह के दौरान ज्योतिष कुमार साहू ने समाज के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है,उसका पूरी निष्ठा और इमानदारी के साथ निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों का सहयोग और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

## नालंदा

# प्रसव के लिए महिला को निजी अस्पताल ले जाने की कमाई के विवाद में भिड़े दो गुट





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सदर अस्पताल से प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं को कथित तौर पर निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराने और इसके बदले होने वाली कमाई को लेकर दो गुटों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया और दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। बाद में घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रसव के लिए सदर अस्पताल पहुंचने वाली महिलाओं को निजी अस्पताल में भर्ती कराने को लेकर कुछ लोगों के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही थी। इसी क्रम में रविवार को प्रसव महिला को बाहर ले जाने के क्रम में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई। बात बढ़ते-बढ़ते हाथापाई तक पहुंच गई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। मारपीट की घटना में एक पक्ष के सतेंदर पासवान घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से बिपिन कुमार सिंह के घायल होने की बात सामने आई है। दोनों पक्षों के घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।घटना के बाद दोनों पक्ष एक-दूसरे पर मारपीट शुरू करने का आरोप लगा रहे हैं। दोनों का कहना है कि उन्होंने किसी प्रकार की पहल कर विवाद नहीं किया, बल्कि दूसरे पक्ष ने उनके साथ मारपीट की। विवाद का वास्तविक कारण क्या था और मारपीट की शुरुआत किसने की, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि सदर अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पतालों तक ले जाने के मामले में कई बार बिचैलियों और अस्पताल से जुड़े लोगों के बीच प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है। प्रसव कराने पहुंचने वाली महिलाओं और उनके परिजनों को बेहतर सुविधा या तत्काल इलाज का हवाला देकर निजी अस्पताल ले जाने के आरोप भी समय-समय पर सामने आते रहे हैं। हालांकि, इस घटना में कथित कमीशन या कमाई का विवाद वास्तव में मारपीट की वजह था या कोई अन्य कारण, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। इस घटना ने सदर अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पतालों तक ले जाने की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। खासकर प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं के मामले में परिजन पहले से ही तनाव में रहते हैं। ऐसे में यदि उन्हें अस्पताल परिसर से बाहर ले जाने को लेकर अलग-अलग गुटों के बीच प्रतिस्पर्धा और विवाद की स्थिति बनती है, तो इसका सीधा असर मरीज और उनके परिजनों पर पड़ सकता है।घटना के बाद अस्पताल प्रशासन और पुलिस के स्तर से अब तक कारवाई नही की गई है।

# अतिक्रमण हटाने के बाद 10-12 महादलित परिवारों के सामने रहने का संकट

**जियार गांव में पुलिस बल के साथ पहुंची प्रशासन की टीम, 30 घरों पर कार्रवाई का दावा**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। अस्थावां प्रखंड के जियार गांव में अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई के बाद करीब 10 से 12 महादलित परिवारों के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। रविवार को पुलिस बल के साथ प्रशासन की टीम गांव पहुंची और अतिक्रमण वाले निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान गांव में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।पीडित ग्रामीण जामदाइया देवी, कुमकुम कुमारी, सीमा देवी, नीतू देवी, सजनी कुमारी, चंद्रमणि पासवान और अशोक पासवान समेत अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि गांव के रतन सिंह एवं उनके सहयोगियों की ओर से हाईकोर्ट में आवेदन दिए जाने के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत करने वाले लोगों ने भी कथित रूप से गैरमजरुआ जमीन पर कब्जा कर रखा है, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। इधर, अस्थावां अंचल अधिकारी विनीता कुमारी ने बताया कि कुल 30 घरों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। बरसात के मौसम को देखते हुए 30 घर-परिवारों को समय दिया गया है, ताकि उन्हें तत्काल परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों के अनुसार, 5-6 परिवारों ने स्वयं अपने स्तर से अतिक्रमण हटाने की बात कही है। पीडित परिवारों का कहना है कि वे भूमिहीन हैं और कई वर्षों से झोपड़ी बनाकर रह रहे थे। घर हटने के बाद उनके सामने रहने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। बरसात के मौसम में छोटे बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों को लेकर उनकी चिंता और बढ़ गई है।

# आठ माह से वेतन का इंतजार, अब भुगतान की जगी उम्मीद

**वेतन मद में नालंदा को 2.30 करोड़ रुपये का वर्चुअल आवंटन, आदेश पत्र का इंतजार**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। आठ माह से वेतन का इंतजार कर रहे वीबी-जी रामजी के कर्मियों के लिए राहत की खबर सामने आई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) के प्रशासनिक मद में बिहार को बड़ी राशि आवंटित की गई है। इसमें नालंदा जिले के लिए वेतन मद में 2 करोड़ 30 लाख 9 हजार 469 रुपये का वर्चुअल आवंटन किया गया है। राशि आवंटित होने के बाद कर्मियों में वेतन मिलने की उम्मीद जगी है। विभागीय जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा योजना के तहत बिहार को प्रशासनिक मद में 2 अरब 5 करोड़ 37 लाख 82 हजार रुपये व्यय की स्वीकृति दी गई है। इसमें वेतन मद सहित विभिन्न मदों में राशि का प्रावधान किया गया है। आवंटित राशि में से नालंदा को वेतन मद के लिए 2 करोड़ 30 लाख 9 हजार 469 रुपये दिए गए हैं।हालांकि, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल यह वर्चुअल एलॉटमेंट पत्र है। विभाग को अभी तक राशि जारी करने संबंधी विधिवत आदेश पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। आदेश पत्र मिलने के बाद ही वेतन भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी।इधर, आठ माह से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे कर्मियों में आवंटन की सूचना से उम्मीद जगी है। योजना में अब मजदूरों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान किए जाने की बात कही गई है। रोजगार नहीं मिलने की स्थिति में मजदूरों को भत्ता दिए जाने का भी प्रावधान है।नालंदा में वीबी-जी रामजी के तहत पौधारोपण का कार्य भी कराया जा रहा है। प्रत्येक पंचायत में 200 यूनिट पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, जिले में अब तक करीब 3.50 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं।

# अनीमिया मुक्त अभियान के तहत 287 जीविका दीदियों की हुई स्वास्थ्य जांच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा**। अनीमिया मुक्त अभियान के तहत नगरनौसा के एकता जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड भोभी के परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र की 287 जीविका दीदियों के स्वास्थ्य एवं अनीमिया की जांच की गई। शिविर का नेतृत्व कर रहे बीपीएम अजय कुमार ने मौजूद जीविका दीदियों को अनीमिया के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वस्थ रहना सशक्त परिवार और समाज की बुनियाद है। संतुलित एवं पौष्टिक आहार, आयरन युक्त खाद्य पदार्थ और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के माध्यम से अनीमिया से बचाव किया जा सकता है।शिविर को सफल बनाने में जीविका टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने महिलाओं को आयरन युक्त आहार लेने तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया।जाँच के दौरान जरूरतमंद जीविका दीदियों को चिकित्सीय परामर्श एवं आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य महिलाओं को अनीमिया जैसी गंभीर समस्या के प्रति जागरूक कर स्वस्थ एवं सशक्त जीवन की दिशा में आगे बढ़ाना रहा। मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक राजीव रंजन, सामुदायिक समन्वयक संध्या रानी एवं रेखा कुमारी मौजूद रहीं।

# सम्मानित होकर शिक्षकों ने टाटा एआइए इंश्योरेंस के प्रति जताया आभार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी टाटा एआईए इंश्योरेंस कंपनी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले के 200 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मानित होकर शिक्षकों ने कंपनी के प्रति आभार जताया और कहा कि सम्मान पाकर और अधिक बेहतर करने की प्रेरणा मिली है। शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र भेंट किया गया। रीजनल मैनेजर भास्कर कुमार ने बताया कि सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कंपनी विभिन्न अवसरों पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करती है। ब्रांच मैनेजर मुकेश कुमार ने बताया कि जिले के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को समारोह का निमंत्रण दिया गया था।कंपनी, बीमा क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। कई आकर्षक स्कीमों के माध्यम से लोगों को बीमा का लाभ दिया जा रहा है। मौके पर कंपनी के एसएन सिन्हा, प्रवेश कुमार, सत्येन्द्र पासवान, रामफल पासवान, शिक्षक प्रदीप कुमार, मो. कमरुज्जमा, धर्मेन्द्र कुमार, मनोज कुमार राय आदि मौजूद थे।

### पारिवारिक विवाद में महिला से मारपीट

**हिलसा**। प्रखंड क्षेत्र के नौगढ़ गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों और आसपास के लोगों के सहयोग से घायल महिला को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।घायल महिला की पहचान नौगढ़ गांव निवासी पिंटू कुमार की पत्नी पूजा कुमारी के रूप में हुई है। पूजा कुमारी ने बताया कि पारिवारिक विवाद को लेकर परिवार के लोगों के बीच कहासुनी हो रही थी। इसी दौरान अचानक परिवार के लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।बताया गया कि महिला के अकेले रहने के कारण घटना के बाद अभी तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पूजा कुमारी ने कहा कि परिवार के लोग आने के बाद मामले को लेकर थाना में शिकायत की जाएगी। फिलहाल अनुमंडलीय अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है।

### वाहन की चपेट में आने से तीन युवक जख्मी

**सरमेरा**। रविवार को सरमेरा बाजार निवासी तीन युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान फेकू साव के 16 वर्षीय पुत्र धर्मराज कुमार, स्व. राम प्रवेश साव के 17 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार तथा परमानंद महतो के 18 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, तीनों युवक बाइक पर सवार होकर राजगीर जा रहे थे। इसी दौरान गोडी गांव के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गघटना की सूचना मिलते ही सरमेरा अस्पताल की एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर कर दिया। हादसे के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है।

### गहरे पानी में पैर फिसलने से युवक की मौत

**अस्थावां**। सारे थाना क्षेत्र के साकिम पुर गांव में शौच के दौरान पैर फिसल गया जिससे गहरे पानी में चला गया। 36 वर्षीया नगीना पासवान की मौत हो गई। मृतक की पहचान साकिम पुर गांव निवासी धुरी पासवान के पुत्र नगीना पासवान के रूप में की हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, नगीना पासवान शौच के लिए गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही सारे थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### रविदास जयंती वर्ष पर समरसता संकल्प अभियान

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत बिहारशरीफ नगर उत्तरी मंडल की ओर से इमादपुर स्थित रविदास टोला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष संदीप कुमार ने की, जबकि संचालन नगर उपाध्यक्ष रामजतन आर्य ने किया। कार्यक्रम में संत रविदास जी के जन्मस्थल सीर-गोवर्धनपुर, वाराणसी से लाई गई पवित्र मिट्टी से भरे कलश की स्थापना कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद समरस समाज के निर्माण के संकल्प के साथ उसी पवित्र मिट्टी में बेलपत्र के पौधे का रोपण किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ शामिल हुए। जिला मंत्री सह कार्यक्रम सह-संयोजक अमरेश कुमार ने कहा कि संत रविदास ने जातिगत भेदभाव, ऊंच-नीच और छुआछूत का विरोध करते हुए मानव-मानव की एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास के सामाजिक समता और श्रम के सम्मान के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।मौके पर राजकमल पासवान, बाढ़ों रविदास, मुकेश रविदास, अधिवक्ता विजय दास, अवधेश दास, रविंद्र रविदास, आनंद रविदास, रामविलास रविदास, विनोद रविदास और रामबचन रविदास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 10 सेवानिवृत्त शिक्षकों को शिक्षक साधना पुरस्कार

## सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी रहती है शिक्षक की साधना, 10 गुरुजनों को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** डिस्ट्रिक्ट टीचर वेलफेयर ट्रस्ट, गया की पांचवीं वर्षगांठ पर रविवार को महावीर इंटर कॉलेज के सभागार में 'शिक्षक साधना पुरस्कार 2026' एवं वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए 10 सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में मध्य विद्यालय राजन, गुरुआ के कन्हाई प्रसाद, मध्य विद्यालय शोभ, बाराचट्टी के सुरेंद्र कुमार अंबेडकर, मध्य विद्यालय खजवती, बोधगया के महेंद्र लाल, कन्या मध्य विद्यालय, गुरुआ के धनंजय लाल, मध्य विद्यालय बकरौर, बोधगया के मनोज कुमार सिन्हा, मध्य विद्यालय तकिया हिंदी के उमेश प्रसाद पासवान, मध्य विद्यालय आतमपुर, खिजरसराय के राजेश कुमार सिन्हा, मध्य विद्यालय खरियावां के शशि भूषण प्रसाद, मध्य विद्यालय बीथो की कुमारी नीलम और मध्य विद्यालय सिरियावां, मोहनपुर के लाल बहादुर सिंह शामिल हैं। समारोह का उद्घाटन समग्र शिक्षा अभियान के डीपीओ नित्यम कुमार गौरव ने दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। अध्यक्षता अराजपत्रित कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद यादव ने की। संचालन ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी एवं उर्दू प्राथमिक विद्यालय चातरघाट के प्रधान शिक्षक अबु फैसल ने किया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि कोविड काल में 5 सितंबर 2021 को 'सेवा परमो धर्मः' के संकल्प के साथ ट्रस्ट की स्थापना हुई थी। ट्रस्ट असामयिक निधन पर 50 हजार से एक लाख रुपये, दुर्घटना पर 25 हजार रुपये और गंभीर बीमारी के उपचार के लिए दो लाख रुपये तक सहायता उपलब्ध कराता है। डीपीओ नित्यम कुमार गौरव ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की। संस्थापक सदस्य सह ट्रस्टी जितेंद्र कुमार ने शिक्षकों से सदस्यता लेने की अपील की। संस्थापक-सह-मुख्य ट्रस्टी वीरेंद्र कुमार ने कहा कि ट्रस्ट हर शिक्षक का अपना परिवार है और इसे भविष्य में राज्य स्तर तक विस्तार देने का प्रयास किया जाएगा। समारोह में उपसचिव नेहा कुमारी, जिला समन्वयक मो. हैदर अली खां, जिला उप-समन्वयक अशोक कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कुमार निराला, उपाध्यक्ष मनीष कुमार, सचिव अरविंद कुमार, कोष संरक्षक अरविंद प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष-सह-ट्रस्टी डॉ. नरेंद्र देव, प्रवक्ता-सह-ट्रस्टी धनंजय सिंह एवं डॉ. विनोद कुमार ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने 'एक शिक्षक–एक परिवार, एक परिवार–एक सुरक्षा कवच' का संदेश दिया। कई शिक्षकों ने ट्रस्ट की सदस्यता ग्रहण की। मो. हैदर अली ख़ाँ ने धन्यवाद ज्ञापन किया और राष्ट्रगान के साथ समारोह संपन्न हुआ।

# प्रेतशिला में पितृपक्ष मेला की तैयारी तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां तेज हो गयी है। रविवार को प्रेतशिला कोषांग के नोडल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में अधिकारियों व स्थानीय प्रतिनिधियों ने प्रेतशिला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान क्षेत्र की साफ-सफाई, हाईमस्ट लाइट, धर्मशाला, कुंड समेत अन्य जरूरी सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर चर्चा की गयी। भ्रमण के बाद आयोजित बैठक में प्रेतशिला क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, हाईमास्ट लाइट की स्थिति की जांच, धर्मशाला की सफाई और कुंड की समुचित सफाई कराने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा पीएचईडी द्वारा संचालित शौचालयों एवं पेयजल के नलों की मरम्मत कराने को लेकर भी आवश्यक निर्देश एवं चर्चा की गयी। अधिकारियों ने मेला शुरू होने से पहले सभी जरूरी कार्यों को पूरा करने पर जोर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता सह पितृपक्ष मेला जल एवं स्वच्छता कोषांग के सदस्य डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला शुरू होने में अब महज 20 दिन शेष हैं। इतने कम समय में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पिंडदान एवं तर्पण के लिए गया पहुंचते हैं। ऐसे में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय और प्रकाश की व्यवस्था बेहतर रखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में पितृपक्ष मेला की तैयारियों को लेकर लगातार बैठकें और विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि मेला के दौरान श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में कोरमा पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार, पंचायत सचिव रामचंद्र प्रसाद, सतेंद्र पंडा सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से भी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव लिए।

# पुनपुन नदी का जलस्तर बढ़ने से पटना-गया रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** पुनपुन नदी का जलस्तर बढ़ने से पटना-गया रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो गया है। परसाबाजार के बीच पुल संख्या 21 पर जलस्तर बढ़ने के कारण रेल अभियंत्रण विभाग ने डाउन लाइन पर ट्रेन परिचालन अगले आदेश तक रोक दिया है। रेलवे ने सात सितंबर को चलने वाली कई ट्रेनों को रद करने के साथ कुछ ट्रेनों का मार्ग बदलकर परिचालन करने का निर्णय लिया है। रेलवे की ओर से जारी आदेश के अनुसार गया-पटना और पटना-गया के बीच चलने वाली 63242, 63244, 63245, 63247, 63248, 63250, 63251 एवं 63256 मेमू ट्रेनें सात सितंबर को रद रहेंगी। इसके अलावा 63253 पटना-गया मेमू तथा 63274 पटना-राजगीर मेमू का परिचालन भी रद किया गया है। 63248 के ईएमयू रैक को एमपीओ प्वाइंट पर लिया जाएगा, जहां से राजगीर के लिए 63339 की सेवा संचालित की जाएगी।

इन ट्रेनों का बदला मार्ग

18625 पटना-हटिया एक्सप्रेस को सात सितंबर को बीकेपीएल-राजगीर-तिलैया-पटना-गया-किऊल मार्ग से चलाया जाएगा। 18626 हटिया-पटना एक्सप्रेस का मार्ग भी परिवर्तित रहेगा। 13329 धनबाद-पटना एक्सप्रेस छह सितंबर को भभुआ रोड के बजाय निर्धारित वैकल्पिक मार्ग से पटना पहुंचेगी। 13330 पटना-धनबाद एक्सप्रेस भी परिवर्तित मार्ग से चलेगी। इसी तरह 15137 राजगीर-बनारस एक्सप्रेस और 15138 बनारस-राजगीर एक्सप्रेस का परिचालन भी परिवर्तित मार्ग से होगा। ट्रेनों के रद और मार्ग परिवर्तन से पटना, गया, जहानाबाद सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। पुनपुन नदी का जलस्तर सामान्य होने और पुल के आसपास रेल परिचालन सुरक्षित पाए जाने के बाद ही प्रभावित रेलखंड पर परिचालन पूर्ववत किए जाने की संभावना है।

# करंट से 12 वर्षीय किशोर की मौत, मुआवजे की मांग पर सड़क जाम कर आगजनी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव में रविवार को खेत में पानी देखने गए 12 वर्षीय किशोर की बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सुबोध कुमार के पुत्र इंद्रजीत कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर टिकारी-कुर्था मुख्य मार्ग को कैलाशपुर गांव के पास जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर आगजनी कर विरोध जताया। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और बिजली विभाग की लापरवाही की जांच की मांग की। सड़क जाम होने से दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतार लग गई। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। पुलिस ने समझा-बुझाकर सड़क जाम हटवाया और शव को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भेजा। तत्पश्चात स्वजनों को शव सौंपा गया।

# छात्रों पर एके-47 चलाती है सरकार : तेजस्वी

## 17 माह के कार्यकाल में दी गईं नौकरियां, लालू ने वंचितों को दिलाया अधिकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** महमन्ना में रविवार को आयोजित भुइयां मुसहर संघ सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों पर एके-47 चलाने का काम करती है जबकि मेरे 17 माह के कार्यकाल में युवाओं को नौकरी देने का काम हुआ। तेजस्वी ने कहा कि लालू यादव ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को अधिकार और सम्मान दिलाने का काम किया जिसे राजद आज भी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने आम जीवन जीने वाली भगवतिया देवी को जनप्रतिनिधि बनाया और राजद ने उनकी बेटी को विधायक बनाया। राजद हमेशा वंचितों की आवाज को मजबूती देती रही है और आगे भी देती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में भ्रष्टाचार व्यापक स्तर पर बढ़ गया है, लेकिन सरकार चुप्पी साधे हुए है। तेजस्वी ने सम्मेलन के आयोजन की सराहना करते हुए समाज को शिक्षा से जोड़ने और बदलाव के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। इससे पहले उन्होंने अब्दुल बारी सिद्दीकी, विधायक अजय कुमार सहित अन्य नेताओं के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आयोजक संघ के जिलाध्यक्ष मनोरंजन कुमार उर्फ भोला मांझी ने तेजस्वी यादव को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ, बुद्ध की स्मृति चिह्न और पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया।

# खेत में फसल की जगह उगी कांश, सिंचाई के अभाव में किसान जमीन बेचने को मजबूर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** परैया प्रखंड के मंगरावा और पुनाकला पंचायत अंतर्गत आने वाले कस्सथुआ और बैगोमन मौजा के किसानों पर इन दिनों दोहरी मार पड़ रही है। पर्याप्त सिंचाई सुविधाओं के अभाव में क्षेत्र की सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन परती पड़ी हुई है जिस पर इस मौसम में उगी काश के कारण पूरा इलाका सफ़ेद चादर से ढका हुआ नजर आ रहा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि पर्याप्त पानी न मिलने के कारण खेती करना घाटे का सौदा साबित हो रहा है। कुछ किसानों ने कड़ी मेहनत और निजी संसाधनों के बल पर धान की रोपाई तो की है, लेकिन अधिकांश हिस्सा खाली पड़ा हुआ है। परती पड़ी जमीनों पर तेजी से काश उग आई है जिससे हरी-भरी दिखने वाली फसल की जगह चारों ओर सफ़ेद फूल लहराते दिख रहे हैं। खेतों से उपज न होने और सिंचाई की कोई स्थायी व्यवस्था न मिलने से हताश होकर कई किसान अपनी आजीविका चलाने के लिए जमीनों को बेचने के लिए मजबूर हैं। किसानों की इस लाचारी का फायदा उठाने के लिए क्षेत्र में भू-माफिया और जमीन दलालों की सक्रियता काफी बढ़ गई है। प्रभावित इलाकों में आए दिन दलालों का जमावड़ा लगा रहता है, जो औने-पौने दामों में किसानों से जमीनें हथियाने की फिराक में हैं। स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन तथा कृषि विभाग से जल्द से जल्द सिंचाई की उचित व्यवस्था कराने की गुहार लगाई है, ताकि कृषि योग्य भूमि को बिकने से बचाया जा सके और किसान पुनः अपनी परंपरागत खेती की ओर लौट सकें।

# सिद्ध काव्य वाटिका में 71वीं कवि गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** बड़की डेल्हा, खरखुरा रोड स्थित सिद्ध काव्य वाटिका में 71वीं कवि गोष्ठी वरिष्ठ साहित्यकार नंदकिशोर सिंह की अध्यक्षता में उल्लासपूर्ण एवं साहित्यिक वातावरण में आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभयानन्द मिश्र ने अपनी कविता 'प्रभु तू जल्दी लो अवतार' का सस्वर पाठ कर वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर प्रभावशाली संदेश दिया। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार नंदकिशोर सिंह को राष्ट्रीय आँचलिक साहित्य संस्थान, सालहाबास, झज्जर (हरियाणा) द्वारा हरिबंश राय बच्चन सम्मान से सम्मानित किए जाने पर




साहित्यकारों एवं कवियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उपस्थित साहित्यप्रेमियों ने इसे गयाजी के साहित्यिक जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। काव्य पाठ के क्रम में अरुणोदय मिश्र ने 'नेता जी के हाल-चाल', श्रीमोहन मिश्र ने 'मैं पिता हूं', रणजीत शर्मा ने 'कृष्ण का ब्रजधाम', दशरथ प्रसाद ने 'शिक्षा', धर्मेन्द्र कुमार ने 'युवाओं तुम्हें जलना होगा', पीयूष पाठक ने 'भारतजनतम', अजय कुमार शास्त्री ने 'पतली सी लकीर', आमोद कुमार मिश्र ने 'त्याग का सुख' तथा श्यामसुन्दर मिश्र ने 'बड़ा हो जा कन्हैया' शीर्षक रचनाओं का पाठ किया। वहीं गणेश दत्त मिश्र, नीरज कुमार मिश्र, हरिनंदन मिश्र एवं विनोद बरबिगहिया सहित अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया और साहित्यिक वातावरण को और समृद्ध बनाया। संचालक अभयानन्द मिश्र ने इसके बाद अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह को उनकी रचना 'एक ऐसा भी स्कूल' के वाचन के लिए आमंत्रित किया। अध्यक्षीय काव्य पाठ के पश्चात कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर सत्येन्द्र कुमार, श्रीकांत पाठक, विनोद, त्रिगुणानन्द, प्रभानन्द, सुरेन्द्र शर्मा, प्रभु प्रजापति सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। गोष्ठी ने कविता के माध्यम से सामाजिक चेतना, मानवीय संवेदना और साहित्यिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया।

# मारपीट मामले में फरार चल रहे तीन अभियुक्त गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र में मारपीट के 3 साल पुराने मामले में पुलिस ने 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। कोंच थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व वादी अपने ममेरे भाई के साथ मोटरसाइकिल से केर गांव से टिकारी जा रहा था। इसी दौरान लोदिपुर पुल के पास मुन्ना शर्मा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल रुकवाकर गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपियों ने जान मारने की नीयत से लोहे के रॉड से मारपीट कर दोनों को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। इस संबंध में कोंच थाना में कांड संख्या 216/23 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। कोंच थाना द्वारा चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत इस कांड में संलिप्त 3 अभियुक्तों मुन्ना शर्मा, पिता वशिष्ठ शर्मा, बुगल शर्मा, पिता सुरेन्द्र शर्मा, अरविंद शर्मा, पिता राजनाथ सिंह सभी साकिन बड़गांव, थाना कोंच, जिला-गया का नाम शामिल है।

# रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज (गया)।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया जी में हर्षोल्लास के साथ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने किया। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी बताते हुए कहा सादगी एवं ईमानदारी के प्रतीक भारत के द्वितीय राष्ट्रपति ने शिक्षक समाज को अपना जन्मदिन समर्पित कर एक संदेश देने का काम किया है। शिक्षक समाज के मार्गदर्शक हैं शिक्षक के



आचरण व्यवहार का अनुसरण अनुकरण विद्यार्थी ही नहीं पूरा समाज करता है। हम शिक्षकों को चरित्रवान होना चाहिए। हम शिक्षकों को समाज के प्रति समर्पित भाव रखकर बिना किसी इरशाद द्वेष धर्म जाति संप्रदाय से ऊपर उठकर सभी विद्यार्थियों को शिक्षा देनी चाहिए और समाज का मार्गदर्शन करना चाहिए। इस अवसर पर संगीत शिक्षक प्रेम रंजन और विद्यार्थियों के द्वारा गुरु वंदना गीत का प्रस्तुति किया गया जो काफी सराहनीय रहा।

# जन्माष्टमी की रात रानीगंज में गूंजी खुशी कक्कड़ की आवाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** इमामगंज प्रखंड अंतर्गत रानीगंज हाट बाजार स्थित श्री ठाकुरबाड़ी परिसर में जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार की रात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम यादगार बन गया। एक ओर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धा और आस्था का माहौल था तो दूसरी ओर भोजपुरी गायिका खुशी कक्कड़ की आवाज ने पूरी रात को सुरमयी बना दिया। खुशी कक्कड़ ने मंच से जैसे ही भोजपुरी गीतों की तान छेड़ी, सामने मौजूद जनसैलाब झूम उठा। इस दौरान तालियों की गड़गड़ाहट के बीच युवा थिरकते रहे और देर रात तक ठाकुरबाड़ी परिसर गीत-संगीत से गुलजार रहा। वही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग खुशी कक्कड़ को सुनने पहुंचे थे। मंच पर आते ही दर्शकों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। भोजपुरी केवल गीत-संगीत की भाषा नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी, संस्कृति और पहचान से जुड़ी हुई है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ टेकारी विधायक अजय कुमार दांगी, बाराचट्टी विधायक प्रत्याशी तनुश्री मांझी, कमेटी अध्यक्ष पप्पू यादव, श्रीमोहन यादव और मुख्य देव यादव, अनिल यादव सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

# ग्लोबल इंग्लिश स्पोकेन सेंटर ने की 'गार्जियन एंजेल्स' सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आमस।** शिक्षा को किताबों से बाहर निकालकर समाज सेवा से जोड़ने की एक अनोखी पहल ग्लोबल इंग्लिश स्पोकन सेंटर, शेरघाटी द्वारा की जा रही है। कोचिंग द्वारा अपने प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार समारोह 'ऑनरिंग अवर गार्जियन एंजेल्स' का आयोजन किया गया। कोचिंग के संचालक व प्रसिद्ध इंग्लिश शिक्षक वसीम खान ने बताया कि इस विशेष समारोह का उद्देश्य समाज के उन नायकों को सम्मानित करना रहता है जिन्होंने अपनी उत्कृष्टता, करुणा और ईमानदारी से समाज की सेवा की है। उन्होंने कहा कि कोचिंग द्वारा सिर्फ स्पोकन इंग्लिश ही नहीं, बल्कि पर्सनालिटी डेवलपमेंट, पब्लिक स्पीकिंग, लीडरशिप और कम्युनिकेशन स्किल्स भी सिखाई जाती है। इसी कड़ी में छात्रों को सामाजिक सेवा और प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों से रूबरू कराया जाता है। ताकि वे आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बन सके। सम्मान समारोह में डॉक्टर, पुलिस अधिकारी, शिक्षक पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविदों सहित विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट व्यक्तियों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

# ब्राह्मण जागृति मंच ने पारिवारिक सर्वे पर दिया जोर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** हर माह की भांति इस माह के भी प्रथम रविवार को समय 10 बजे दिन से 2 बजे दिन तक ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकारी की मासिक बैठक अपने कार्यालय में आहूत किया गया। बैठक की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त शिक्षक शंभू मिश्र ने किया। शुभारंभ भगवान भास्कर की तैलीय चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना के साथ किया गया। बैठक में ग्राम वार पारिवारिक सर्वेक्षण पर अबतक की स्थिति पर चर्चा किया गया। सर्वेक्षण कार्य पर विशेष जोर दिया गया। मौके पर अनुमंडल सरंक्षक अवकाश प्राप्त शिक्षक गोविंद पाठक, जयनंदन मिश्र, धर्मेंद्र वैध, नवीन कुमार पांडेय, नौलेश मिश्र, योगेंद्र वैध, प्रीतम मिश्र, पप्पू मिश्र, संजय मिश्र, अजय पाण्डेय, राजीव कुमार वैध सहित दर्जनों लोग शामिल रहे। संचालन अनुमंडल सचिव शिव बल्लभ मिश्र ने किया।

# विजयदशमी पर रानीगंज में भव्य होगा रावण दहन

## संतोष कुमार शौण्डिक सर्वसम्मति से बने अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** नगर पंचायत अंतर्गत रानीगंज में विजयदशमी के अवसर पर होने वाले रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई है। आयोजन को इस बार और भव्य, व्यवस्थित एवं यादगार बनाने के लिए रविवार को श्री गोपाल जी ठाकुरबाड़ी परिसर में जय श्री राम सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमें रानीगंज पैक्स अध्यक्ष मनोज तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सबसे



पहले पिछले वर्ष आयोजित रावण दहन कार्यक्रम का लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके बाद पुरानी समिति को भंग कर नई कार्यकारिणी के गठन पर सहमति बनी। संतोष कुमार शौण्डिक को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं दिलीबहार कुमार को उपाध्यक्ष, पंकज कुमार गुप्ता को सचिव, अजय कुमार तैलिक को उपसचिव तथा राकेश तैलिक एवं राजत्रण सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वही समिति के संरक्षक मंडल में चंदन पाण्डेय, मनोज तिवारी, सर्वेश पासवान, निर्भय पाण्डेय, अजय वर्मा, पप्पू सिंह, रंजीत कुमार उर्फ पप्पू, अशोक रजक, भूदेव मिश्रा और भानु प्रताप सिंह को शामिल किया गया।

# थाना में फेरबदल, तीन पदाधिकारी इधर-उधर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया गया है। स्थानांतरित होने वाले पदाधिकारियों में विश्वनाथ घोष को पहतेपुर थाना, हरेराम सिंह को बुनियादगंज थाना और शैलेश कुमार सिंह को बेलागंज थाना भेजा गया है। वहीं कोंच थाना में नई पदस्थापना में रीना कुमारी को रामपुर थाना से, नीलू कुमारी को महिला थाना से और बद्री प्रसाद यादव को वजीरगंज थाना से लाया गया है।

# आरपीएफ की टीम की तत्परता से मां से बिछड़े 12 वर्षीय बच्चा सुरक्षित बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ की टीम के तत्परता से ट्रेन में अपनी मां से बिछड़े 12 वर्षीय बच्चे को सुरक्षित बरामद कर उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया। घटना गाड़ी संख्या 18104 डाउन जालियांवाला बाग एक्सप्रेस की है। आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि रेल मदद के माध्यम से सूचना मिली कि ट्रेन के पीछे वाले सामान्य कोच में करीब 12 वर्षीय बच्चा छूट गया है जबकि उसकी मां पिछले स्टेशन पर पानी लेने के लिए उतर गयी थीं और ट्रेन खुलने के कारण वापस नहीं चढ़ सकीं। सूचना पर ड्यूटी अधिकारी उपनिरीक्षक इंद्र कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ टीम ने गया जंक्शन पर ट्रेन को अटेंड किया। जांच के दौरान सामान्य कोच में बच्चा मिला। उसने अपना नाम विशाल सरकार, उम्र 12 वर्ष, निवासी कुकरडीह, थाना सुंदरनगर, जिला जमशेदपुर, झारखंड बताया। बच्चे ने बताया कि वह अपनी मां के साथ मुरादाबाद से टाटानगर जा रहा था। आरपीएफ ने बच्चे को सुरक्षित पोस्ट पर लाकर भोजन के लिए बिस्कुट और पीने के लिए पानी उपलब्ध कराया और उसकी मां को सूचना दी। बाद में बच्चे की मां ओंगोरी सरदार आरपीएफ पोस्ट गया पहुंचीं। टिकट और पहचान के सत्यापन के बाद बच्चे को सकुशल उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया।

संपादकीय

# सीईओ मिश्रा के आगे कई चुनौतियां

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के रूप में एयर मार्शल (रिटायर्ड) जितेन्द्र मिश्रा की नियुक्ति को लेकर विपक्ष की आलोचना समझ से परे है। सीईओ मिश्रा के सामने सबसे बड़ी चुनौती चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद मंदिर प्रबंधन में भक्तों की 'ट्रस्ट' फिर से कायम करने तथा वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखने की है। एयर मार्शल मिश्रा के चयन में ट्रस्ट ने पूरी प्रक्रिया और पारदर्शिता का पालन किया है। राम मंदिर सीईओ के लिए देश भर से साढ़े पांच हजार से अधिक आवेदन आए थे। जिनमें से चयन समिति ने तीन नाम छांटे। उनमें भी एयर मार्शल मिश्रा को सर्वथा योग्य पाया गया। एयर मार्शल मिश्रा के पास सेना के उच्च पदों पर काम करने का विशद अनुभव है। वो ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभा चुके हैं। अपनी तमाम योग्यताओं के साथ-साथ एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्रा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पसंद भी बताया जा रहा है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद मिश्राजी ने जो बयान दिया है, उससे वो सुलझे हुए अधिकारी प्रतीत होते हैं। उन्होंने कहा कि हमे अतीत से सीखकर आगे बढ़ना होगा। 39 वर्षों तक सेना की सेवा कर चुके एयर मार्शल मिश्रा यूपी के देवरिया जिले के गांव भोपतपुरा के मूल निवासी हैं। पदभार संभालते ही उन्होंने संकेत दिया कि अब सारी व्यवस्थाएं विधिवत और पारदर्शी तरीके से चलेंगी। इनमें दानराशि की गणना, वित्तीय प्रबंधन, कर्मचारियों में विश्वास, सुरक्षा में संवेदनशीलता, श्रद्धालुओं में आस्था कायम रखना, सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाना तथा भक्तों को रामलला के दर्शन की सुगम व्यवस्था भी शामिल है। राम मंदिर में प्रतिदिन करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु आते हैं। इस बीच मंदिर व्यवस्था में सुधार के मद्देनजर ट्रस्ट के तीन रिक्त पदों को भी भरा गया है। ये हैं महेश भागचंदका, मदनमोहन पांडेय और डॉ.निर्मला यादव। इसी के साथ ही राम मंदिर ट्रस्ट का 15 सदस्यीय स्वरूप फाइनल हो गया है। बैठक में पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों में भी बदलाव किया गया है। अब तक कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे स्वामी गोविंददेव गिरि अब महामंत्री की जिम्मेदारी संभालेंगे। ट्रस्ट की बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास अध्यक्षता में हुई। राम मंदिर चढ़ावा चोरी एक ऐसा दाग है, जो आसानी ने नहीं छूटेगा। इस बीच एसआईटी जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में ट्रस्ट ने उच्चतम न्यायालय के उस आदेश का संज्ञान लिया, जिसमें जांच का दायरा कालखंड और विषय दोनों स्तरों पर विस्तृत किया गया है। ट्रस्ट ने इसका स्वागत किया है। ट्रस्ट का नया सचिव पूर्व कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी को बनाया गया है। गोविंद गिरी ने कहा कि आगे एक ज्वाइंट सीईओ की भी नियुक्ति हो सकती है। साथ ही मंदिर में नकद चढ़ावे की डिजीटल गणना की व्यवस्था की जाएगी। उधर कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने सवाल किया है कि क्या सरकार को अपनी पार्टी अथवा आरएसएस पर यकीन नहीं रह गया है, जो मंदिर की व्यवस्था एक पूर्व सैनिक को सौंपी जा रही है? सवाल यह भी पूछा जा रहा है कि सीईओ की नियुक्ति अपनी जगह है, लेकिन चढ़ावा चोरी में संदेह के दायरे में आई बड़ी मछलियों का क्या हुआ? आरोप है कि सरकार उन्हें बचा रही है। आरोप अपनी जगह हैं, लेकिन एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्रा को काम करने का अवसर दिए बिना ही सवाल खड़े करना केवल राजनीति के लिए आलोचना करना ज्यादा है, इससे ज्यादा कुछ नहीं। मंदिर की व्यवस्था में कितना सुधार होता है, चीजें कितनी पारदर्शी होती हैं, यह देखने की बात है और राम मंदिर इस मामले में मॉडल भी हो सकता है।


# राष्ट्र निर्माता शिक्षक का सम्मान एक ही दिन क्यों

**शिक्षक दिवस राष्ट्र निर्माता शिक्षकों के नमन का दिन है जो ज्ञान की रोशनी से विद्यार्थियों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। जो अपने विद्यार्थियों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए निस्वार्थ भाव से अपना वर्तमान समर्पित कर देते हैं। वे जो वर्तमान पीढ़ी के व्यक्तित्व को परिष्कृत कर राष्ट्र के भविष्य को स्वर्णिम बनाते हैं। वे शिक्षक जो जीवन संग्राम में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की सामर्थ्य अपने विद्यार्थियों में सृजित करते हैं। इन्हीं शिक्षकों की गरिमा और यश को गौरवान्वित करने का दिवस है शिक्षक दिवस।**

राष्ट्र के विकास की नींव राष्ट्र निर्माता शिक्षक ही होते हैं। इसीलिए भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षकों को परमेश्वर से भी पहले सम्मान दिया गया है क्योंकि शिक्षक अपने विद्यार्थियों के हृदय में शुभ संस्कारों के सर्जक के नाते ब्रह्मा हैं। उनके रक्षण वर्धन के नाते विष्णु और अशुभ संस्कारों, अन्तर विकारों को नष्ट करने के कारण शिव है अर्थात् ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समन्वित स्वरूप का दूसरा नाम ही गुरु है। जिस प्रकार कुम्हार बाहर से घड़े को ठोकता पीटता है तथा भीतर से हाथ का सहारा देकर खोट निकालकर लोकोपयोगी घट का निर्माण करता है। उसी प्रकार आदर्श शिक्षक भीतर से अपनी सहानुभूति का सहारा देता हुआ ऊपर से आवश्यकतानुसार चोट मारकर गढ़-गढ़ कर अपने शिष्य का शुभ निर्माण करता है। कबीरदास जी कहते हैं 'गुरु कुम्हार सिख कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट। अंतर हाथ सहारे दै, बाहर- बाहर चोट।' ऐसे सुनिर्मित विद्यार्थी ही राष्ट्र के भावी कर्णधार और होते हैं।

यदि शिक्षक अपने छात्रों का निर्माण ठीक से न करें तो उसकी गलती राष्ट्र के भविष्य में झलकती है। महर्षि अरविंद कहते हैं कि अध्यापक राष्ट्र की संस्कृति के चतुर माली होते हैं। वे संस्कारों की जड़ों में खाद देते हैं और अपने श्रम से उन्हें सींच सींच कर महाप्राण शक्तियां बनाते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को भी यह समझ लेना चाहिए की 'यह तन विष की बेलरी गुरु अमरित की खान, सीस दिए जो गुरु मिले तो भी सस्ता जान।' डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन महान दार्शनिक, शिक्षक और भारत के द्वितीय राष्ट्रपति थे। उन्होंने कबीरदास की भांति शिक्षकों की महिमा को मंडित करने के लिए अपने प्रशंसकों द्वारा उनका जन्मदिन सार्वजनिक रूप से मनाने के आग्रह पर अपना जन्मदिन शिक्षकों के नाम समर्पित कर दिया। और 1962 से प्रति वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाने लगा।

किसी भी राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका अप्रतिम होती है जैसा कि चाणक्य कहते हैं कि 'शिक्षक कभी साधारण नहीं होता प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते हैं।' डॉ. राधाकृष्णन का मत है कि शिक्षक एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को बौद्धिक परंपराएं और तकनीकी कौशल पहुंचाने का केंद्र है। हेनरी ब्रुक्स एडम्स कहते हैं कि 'एक शिक्षक अनंत काल को प्रभावित करता है,वह कभी नहीं बता सकता कि उसका प्रभाव कहां रुकता है।' डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को सामाजिक बदलाव, अधिकार प्राप्ति और मुक्ति का सबसे शक्तिशाली साधन माना। उनकी दृष्टि में शिक्षक राष्ट्र रूपी रथ का सारथी है नौकरी करने वाला मास्टर नहीं। शिक्षा केवल किताबों से ही नहीं मिलती, वह शिक्षक के आचरण और




व्यवहार से भी मिलती है। इसलिए शिक्षक में करुणा, समता और बंधुता का भाव होना चाहिए। वह प्रज्ञावान शीलवान और लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था रखने वाला योग्य शिक्षक होना चाहिए। जिस धरा पर कबीर ने गुरु की महिमा को गोविंद से पहले ये कह कर मंडित किया कि 'हरि रूठे गुरु ठौर है, गुरु रुठै नहीं ठौर, उसी धरा पर क्या शिक्षकों की गरिमा का सम्मान सिर्फ एक दिन होना चाहिए?' क्या ये संभव नहीं है कि शिक्षक जो न केवल राष्ट्र निर्माता चरित्र निर्माता हैं उसकी महिमा का सम्मान निरंतर करें क्योंकि राष्ट्र का निर्माण सिर्फ एक दिन में नहीं होता है, वरन उसके लिए अनवरत साधना होती है और शिक्षक भी किसी एक दिन में ही अपने विद्यार्थियों को संपूर्ण नहीं बना देते, वरन वे प्रतिदिन इस दिशा में समर्पण भाव से क्रियाशील रहते हैं। अतः ऐसे आदर्श शिक्षक ही वर्ष में सिर्फ एक दिन नहीं वरन प्रतिदिन प्रतिपल प्रतिक्षण सम्मान के पात्र होते हैं। शिक्षक को राष्ट्र निर्माता कहने भर से राष्ट्र का निर्माण नहीं होता जब तक कि शिक्षक को अपने दायित्व निर्वहन में पूरी आज़ादी न दी जाए। शिक्षकों के सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक उत्थान के बिना राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। शिक्षक यदि तनाव से मुक्त आनन्द से युक्त और व्यर्थ की गुलामी से मुक्त है, राजनीति के विषैले वातावरण से ग्रस्त नहीं है, प्रशासन के अनावश्यक हस्तक्षेप से मुक्त है, विद्यालय में प्रवेश के लिए संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता है, कोचिंग संस्थानों पर प्रतिबंध है, प्रेरणा और प्रोत्साहन का वातावरण है तभी वह शिक्षा को सही अर्थों में घटित कर सकता है। अन्यथा वह अपने शिक्षकीय दायित्व के साथ न्याय नहीं कर सकेगा। यह कटु सत्य है कि शिक्षक यदि भूखा है तो समझिए ज्ञान का सागर भी सूखा है। मेरी दृष्टि में शिक्षकीय दायित्व बहुत पवित्र किन्तु कठिन है। गगन को चूमती हुई अट्टालिकाओं को निर्मित करना सरल है। उफनती नदी के वेग को नियंत्रित कर नहरें निर्मित करना भी सरल है। चट्टानों के सीने चीर कर सड़कें बनाना भी सरल है, किंतु राष्ट्र के लिए एक आदर्श और उपयोगी पीढ़ी को निर्मित करना बहुत कठिन है। यह कठिन दायित्व हमारे प्रथम गुरु पूज्य माता और पिता के बाद शिक्षक निभा रहे हैं। सोशल मीडिया, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के चमत्कारी दौर में भी शिक्षक अनेक चुनौतियों और विषमताओं के बावजूद ज्ञान की रश्मियों से अपने विद्यार्थियों को आलोकित कर रहे हैं ।उनमें जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझने का जीवट सृजित कर रहे हैं। उनके चिंतन के क्षितिज का विस्तार कर उनके विचारों के वैभव को निखार रहे हैं। तभी तो यह देश आगे बढ़ रहा है प्रगति कर रहा है। आज हमारे देश में विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर उपलब्धियों के जो नित नए आयाम स्थापित हो रहे हैं उसकी बुनियाद में कहीं न कहीं हमारे शिक्षकों का समर्पण भी है। तो ऐसी स्थिति में शिक्षकों का सम्मान सिर्फ एक दिन ही क्यों। वर्ष के बाकी 364 दिन क्यों नहीं होना चाहिए। हमारे देश में ऐसे आदर्श शिक्षकों की कमी नहीं है जिनका जीवन प्रेरणा और प्रोत्साहन का प्रकाश स्तम्भ है।

एक विद्यालय तीन विद्यार्थी विलंब से पहुंचे, तब तक प्रार्थना समाप्त हो चुकी थी। स्कूल के प्राचार्य ने इन चारों को स्कूल के मैदान में तीन चक्कर लगाने की सजा दी। तीनों विद्यार्थी प्राचार्य के आदेश के पालन में मैदान के चक्कर लगाना शुरू कर दिए। दो चक्कर लगाने के बाद उन्होंने देखा कि उनके पीछे पीछे प्राचार्य जिनकी उम्र लगभग पचपन वर्ष की रही होगी भी हांफते हुए दौड़ रहे हैं। छात्रों ने रुककर प्राचार्य से पूछा सर आप किस लिए दौड़ रहे हैं? तब प्राचार्य ने जो उत्तर दिया वह उनके आदर्श चरित्र की पराकाष्ठा है। प्राचार्य ने कहा कि मेरी तमाम कोशिशों के बाद भी यदि मैं छात्रों को अनुशासन और समय की महत्ता नहीं समझा सका तो इसका अर्थ है कि मेरे प्रयासों में ही कहीं त्रुटि है। इसलिए जितनी गलती आपकी है उससे ज्यादा मेरी गलती है। चूंकि मुझे कोई सजा नहीं दे सकता इसलिए मैंने अपनी सजा खुद ही तय कर दी है और जब तक मैं इस स्कूल के विद्यार्थियों को समय का अनुशासन नहीं समझा पाऊंगा तब तक मैं भी उनके साथ मैदान के चक्कर लगाऊंगा।

अध्यात्म

## समय की पाबंदी



बात साबरमती आश्रम में गांधी जी के प्रवास के दिनों की है। एक दिन एक गाँव के कुछ लोग बापू के पास आए और उनसे कहने लगे, 'बापू कल हमारे गाँव में एक सभा हो रही है, यदि आप समय निकाल कर जनता को देश की स्थिति व स्वाधीनता के प्रति कुछ शब्द कहें तो आपकी कृपा होगी। 'गांधी जी ने अपना कल का कार्यक्रम देखा और गाँव के लोगों के मुखिया से पूछा, 'सभा के कार्यक्रम का समय कब है? ' मुखिया ने कहा, 'हमने चार बजे निश्चित कर रखा है। ' गांधी जी ने आने की अपनी अनुमति दे दी। मुखिया बोला, 'बापू मैं गाड़ी से एक व्यक्ति को भेज दूँगा, जो आपको ले आएगा। आपको अधिक कष्ट नहीं होगा।

गांधी जी मुस्कराते हुए बोले, 'अच्छी बात है, कल निश्चित समय मैं तैयार रहूँगा। 'अगले दिन जब पौने चार बजे तक मुखिया का आदमी नहीं पहुँचा तो गांधी जी चिंतित हो गए। उन्होंने सोचा अगर मैं समय से नहीं पहुँचा तो लोग क्या कहेंगे। उनका समय व्यर्थ नष्ट होगा।गांधी जी ने एक तरीक़ा सोचा और उसी के अनुसार अमल किया। कुछ समय पश्चात मुखिया गांधी जी को लेने आश्रम पहुँचा तो गांधी जी को वहाँ नहीं पाकर उन्हें बहुत आश्चर्य हुआ। लेकिन वह क्या कर सकते थे। मुखिया सभा स्थल पर पहुँचा तो उन्हें यह देख कर और अधिक आश्चर्य हुआ कि गांधी जी भाषण दे रहे हैं और सभी लोग तन्मयता से उन्हें सुन रहे हैं। भाषण के उपरांत मुखिया गांधी जी से मिला और उनसे पूछने लगा, 'मैं आपको लेने आश्रम गया था लेकिन आप वहाँ नहीं मिले फिर आप यहाँ तक कैसे पहुँचे? ' गांधी जी ने कहा, 'जब आप पौने चार बजे तक नहीं पहुँचे तो मुझे चिंता हुई कि मेरे कारण इतने लोगों का समय नष्ट हो सकता है इसलिए मैंने साइकिल उठाई और तेज़ी से चलाते हुए यहाँ पहुँचा। ' मुखिया बहुत शर्मिंदा हुआ। गांधी जी ने कहा, 'समय बहुत मूल्यवान होता है। हमें प्रतिदिन समय का सदुपयोग करना चाहिए। किसी भी प्रगति में समय महत्वपूर्ण होता है।' अब उस युवक की समझ में मर्म आ चुका था।

# मेरी आवाज सुनिए, मुझे शान्ति से पढ़ाने दो

**यह बात सवा सोलह आने सच है कि मैं हनुमानजी की तरह अपनी शक्ति, अपना सामर्थ्य भूल बैठा हूँ। कोई मुझे यह सब याद भी क्यों दिलाएगा, क्योंकि मैं अभी स्कूल में नहीं हूँ। मुझे कोई क्यों स्कूल में रहने देगा। मेरे हाथ से किताबें फिसल रही हैं। उंगलियाँ चॉक पकड़ना भूल गई हैं। मुझे क्लासरूम से बाहर ही रहने का हुक्म है। कोई नहीं चाहता कि मैं जी भर पढ़ाऊँ अपने बच्चों को। पढ़ाना छोड़कर सब उल्टे-सीधे काम करूँ। शिक्षा विभाग को छोड़कर कभी राजस्व, कभी स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की हाज़िरी बजाऊँ, उनकी अर्दली में खड़ा रहूँ।**

मैं स्कूल का मास्टर। राष्ट्र का निर्माता। बृहस्पति का अवतार तो नहीं हूँ मैं, किन्तु वैसा दीन-हीन भी नहीं, जैसा जमाने की आँखों के रेशों पर तैरता नजर आता हूँ। यूँ मेरा वजूद किसी से छिपा हुआ नहीं है। चाहूँ, तो दुनिया का नक्शा ही बदल कर रख दूँ। इसीलिए तो सारा तंत्र, सारी व्यवस्थाएँ मेरे पीछे हाथ धो कर पड़ी रहती हैं। मैं किसी से कुछ नहीं कहता। बस, यही चिल्ला-चिल्ला कर कहता आया हूँ कि 'मुझे शान्ति से पढ़ाने दो।' यह बात सवा सोलह आने सच है कि मैं हनुमानजी की तरह अपनी शक्ति, अपना सामर्थ्य भूल बैठा हूँ। कोई मुझे यह सब याद भी क्यों दिलाएगा, क्योंकि मैं अभी स्कूल में नहीं हूँ। मुझे कोई क्यों स्कूल में रहने देगा। मेरे हाथ से किताबें फिसल रही हैं। उंगलियाँ चॉक पकड़ना भूल गई हैं। मुझे क्लासरूम से बाहर ही रहने का हुक्म है। कोई नहीं चाहता कि मैं जी भर पढ़ाऊँ अपने बच्चों को। पढ़ाना छोड़कर सब उल्टे-सीधे काम करूँ। शिक्षा विभाग को छोड़कर कभी राजस्व, कभी स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की हाज़िरी बजाऊँ, उनकी अर्दली में खड़ा रहूँ। राष्ट्रनिर्माता 'मास्टर जी' की इस दुर्दशा पर राष्ट्र प्रेमियों की आँखों से आँसू का एक कतरा तक नहीं। कोई अफसोस जाहिर करने वाला नहीं। मैं तो जानता हूँ, यही चलता रहेगा मेरे साथ। सरकार मुझे गैर-



शैक्षणिक काम का ही वेतन भुगतान करने पर तुली है। बारहों महीने बीत जाते हैं, पढ़ाने के मौसम आते ही नहीं। जब मैं चिल्लाता हूँ कि 'मुझे शान्ति से पढ़ाने दो' तो किसी के कान में जूँ तक नहीं रेंगती। संवेदना शून्य व्यवस्था के आगे मैं चुप और हताश हो जाता हूँ। पिछले कुछ सालों का हिसाब बड़ा अजीब है। तमाम योजनाएँ चाहे जिस विभाग की हों, मैं अपने कंधे पर लिये-लिये फिरता हूँ। बड़े-बड़े अफसर दो-चार कारिन्दों को लेकर आते हैं, और मेरे कंधों पर अपना सारा बोझ लाद कर चले जाते हैं। अब मैं क्या बताऊँ? कौन सुनेगा? पल्स पोलियो अभियान चला, तो वह मैं ही तो था जो अलसुबह उठकर दूर-दराज के गाँवों में जाता और बच्चों को ढूँढ-ढूँढ कर दवा पिलाता। पोलियो की दवा मैंने गटर में नहीं बहाई। पूरी जवाबदारी से पोलियो को जड़ से मैंने ही मिटाया। श्रेय न तो मुझे मिला, न मेरे विभाग को। आज तक किसी ने मेरी पीठ नहीं थपथपाई।

देश आजाद होने से लेकर अब तक कितने चुनाव हुए, नेता अपनी लड़ाई में लगे रहे, मैंने जिम्मेदार सिपाही बनकर चुनाव के युद्ध जीते। लेकिन मुझे क्या मिला? दो सौ-चार सौ रुपये पारिश्रमिक से अधिक कुछ नहीं। आज भी मैं बेमौसम निर्वाचन प्रक्रिया की अनगिनत जंजीरों में जकड़ दिया जाता हूँ। स्कूल कहीं पीछे छूट जाता है। मुझे कहीं भी जोत दो, जुत जाता हूँ। किसान तो फिर भी बैल की पीठ सहलाता है, परंतु राष्ट्र के पहरेदारों को क्या हुआ, जिन्हें मेरा नोटिस लेने की भी सुध नहीं।

मुझे नहीं पता, मैं इस वक्त कहाँ खड़ा किया गया हूँ। जो-जो आयेगा, जैसा-जैसा कहेगा, वैसा-वैसा मैं करूँगा। जिधर जाने के लिये कहा जाएगा, उधर ही जाऊँगा। अभ्यासवश यदि मैं स्कूल पढ़ाने के लिये चला गया तो खींच कर फिर उधर ही छोड़ दिया जाऊँगा। पढ़ाना मेरी नियति में नहीं है। कोई चाहता भी नहीं, कि स्कूल स्कूल रहे।

बरसों बरस मैंने सुविधावंचित बच्चों को स्कूल का मुँह दिखाने के लिये जोर लगाया। बीच में ही पढ़ाई छोड़ देने वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिये मैं सुबह से शाम तक मारा-मारा फिरता रहा। 'स्कूल चलें हम' में मैंने कोशिश की थी कि एक भी बच्चा घर पर न रहे। खास कर बेटियों के लिये मेरे भी कुछ सपने थे। सब सपने बिखरे पड़े हैं। किसी के पास वक्त नहीं कि वह स्कूल छोड़ कर घर बैठ जाने वाली बेटियों का पता लगाए। उन बच्चों की खोज खबर ले, जो मध्याह्न भोजन, निःशुल्क किताब, निःशुल्क गणवेश के आकर्षण में ही स्कूल की तरफ दौड़े तो चले आते थे। वे अब अंधेरे में लापता हो गये हैं। ये बच्चे लापता ही कहे जा सकते हैं, क्योंकि इनकी हाजिरी कहीं नहीं है।

इस बीच नई शिक्षा नीति भी आ गई, लेकिन मुझे उससे दूर ही रखा गया। सरकार को भय था, कि वह मेरे छूने से अपवित्र न हो जाए। मैं बहुत जल्दी समझ गया था कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति मेरे लिये बनी ही नहीं है। मैं तो अदना मास्टर ठहरा। मुझे पहले की तरह ही किताबें बाँटना है, बच्चों को रोटी परोसना है, उन्हें बिना पढ़ाए पास भी करना है। शिक्षा विभाग के साथ-साथ दूसरे सब विभागों के इशारे समझना है, और उनके बोझ हल्के करते चले जाना है।

इस तरह दिन पर दिन बीतते चले जा रहे हैं। मेरा स्कूल मुफ्त का बाजार बनकर खड़ा है, जहाँ मुफ्त में दाल-रोटी, मुफ्त में किताबें, मुफ्त में दवाइयाँ, मुफ्त में कपड़े-लत्ते मिलते हैं। एक डंडा घूमता रहता है, मेरे चारों ओर। उसमें से आवाज निकलती है कि स्कूल पर ताला लगने वाला है। स्कूल की जरूरत पर सवालिया निशान लगते देख मैं खतरे को भाँप रहा हूँ, लेकिन कुछ कर नहीं सकता। मुझे पक्का मालूम है कि मैं साल भर नहीं पढ़ा पाऊंगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज बातचीत में तेजी और पैसों के खर्च पर ध्यान देना होगा। पैसों के मामले में आज अटके हुए लेन-देन या पुराने पैसों को लेकर मन में काम करने का विचार आएगा।

**वृषभ**
आज बजट का ध्यान और काम में धीरज से काम लें। आज बिना जोखिम लिए पैसों की सुरक्षा बनाए रखना आपकी पहली पसंद होगी। घर-परिवार या सुख-सुविधाओं से जुड़ी चीजों पर कुछ खर्च बढ़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन नए विचार और काम की फुर्ती लायक होगा। नए विचार आना अच्छी बात है, पर हर विचार पर तुरंत पैसा लगाना सही नहीं होगा।

**कर्क**
आज पैसों में भरोसा और दफ्तर में सहयोग रहेगा। पैसों के मामले में मन में राहत और उम्मीद बनी रहेगी। परिवार के साथ पैसों की जरूरतों पर बात हो सकती है।

**सिंह**
आज दिखावे से बचाव और दफ्तर में पहचान मिलेगी। अपनी साख और आराम बढ़ाने के लिए पैसे खर्च करने की इच्छा होगी। कोई भी बड़ा खर्च करने से पहले खुद से पूछें कि क्या यह सामान भविष्य में काम आएगा।

**कन्या**
आज खर्चों की जांच और पेंडिंग में पड़े काम निपटाना होगा। पैसों के मामले में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना फायदेमंद रहेगा। पुराने बिल, सदस्यता शुल्क और बाकी बचे खर्चों की सूची जांचें।

**तुला**
आज लेन-देन में तालमेल और संबंधों से फायदा मिलेगा। पैसों के लेन-देन में अच्छा संतुलन रहेगा। पैसों से जुड़ी बातें निपटाने या किसी के साथ समझौता करने के लिए दिन अच्छा है।

**वृश्चिक**
आज संयुक्त धन की देखभाल और शांत दिमाग से काम करना होगा। आज सांझेदारी के पैसों, कर्ज और पुराने लेन-देन का हिसाब ध्यान से देखना होगा।

**धनु**
आज कमाई के नए रास्ते और टीम का साथ मिलेगा। आने वाले समय में कमाई बढ़ाने और नए स्रोतों से पैसा पाने के विचार मन में आएंगे। काम बढ़ाने के अच्छे मौके मिलेंगे।

**मकर**
आज नियम से बचत और काम में लगन से काम करना होगा। पैसों के प्रबंधन को लेकर आज दिन ध्यान देने वाला है। दफ्तर या काम से जुड़े खर्चों को सही तरह से संभालना होगा।

**कुंभ**
आज सतर्कता से निवेश और नई सोच काम आएगी। नए तरीकों से जल्दी पैसा कमाने का विचार आ सकता है। तुरंत लाभ देने वाले वादों से बचकर रहें।

**मीन**
आज आदतों में सुधार और एकाग्रता के कारण कई कार्य बनेंगे। पुरानी योजनाओं और वादों पर दोबारा नजर डालें। अगर पहले कोई अनदेखी हुई है तो उसे ठीक करें।

## संक्षिप्त समाचार

### टी पी एस कॉलेज में विद्यार्थियों ने किया शिक्षकों का अभिनंदन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक दिवस के अवसर पर टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार



शांडिल्य सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने वाले नहीं, बल्कि जीवन की सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम, अच्छे संस्कार एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। समारोह में प्रो. रूपम, डॉ. विजय कुमार सिन्हा, प्रो. हेमलता सिंह, प्रो. अंजलि प्रसाद, प्रो. नवेंदु शेखर, डॉ. विनय भूषण कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. रवि प्रभाकर, डॉ. मुकुंद कुमार सहित अनेक शिक्षकों की सहभागिता रही। समारोह का समापन सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय में पूरे उत्साह के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया. सर्वप्रथम प्राचार्या प्रो. श्यामा रॉय ने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित



किया. सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की. तत्पश्चात प्राचार्या ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया और उन्हें छात्राओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी एहसास कराया. इस अवसर पर महाविद्यालय में क्रेच का भी नवीनीकरण के बाद शिक्षिकाओं को समर्पित किया गया। इससे जिनके छोटे छोटे बच्चे हैं, उन्हें सहूलियत होगी और वे पूरी निष्ठा से अपने कर्त्तव्य का पालन कर सकेंगे। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकायें एवम छात्राएं उपस्थित रहीं।

### श्रीबाबू के सपनों का बिहार बनाएं : श्रीकृष्ण सिंह फाउंडेशन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉ. श्रीकृष्ण सिंह फाउंडेशन द्वारा किंग्स कोर्ट होटल (बेली रोड) पटना में रविवार को 'श्रीबाबू के सपनों का बिहार' बनाने को लेकर परिचर्चा आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में डॉ. शान्ति राय ने कहा कि आज जब हम अपने महापुरुषों को याद करते हैं, तो हमें केवल यह नहीं देखना चाहिए कि वे किस समाज से आते थे, बल्कि यह देखना चाहिए कि उन्होंने समाज के लिए क्या किया और किन लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का प्रयास किया. शिव बिहारी राय ने कहा आज के युवाओं को अपने महापुरुषों की विरासत को केवल जातीय गौरव के रूप में नहीं बल्कि



सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में समझना चाहिए डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह ने कहा कि अगर हमारे पूर्वजों ने विद्यालय, छात्रावास, पुस्तकालय, सामाजिक संस्थाएं और जनहित के कार्य खडे किए, तो आज की पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह शिक्षा से वंचित बच्चों को पढ़ाये, गरीब परिवारों की मदद करें चाहे वो किसी भी वर्ग का हो. इस अवसर पर रमाकांत शर्मा, कुमारेश, श्यामा राय. डॉ हरिहर दीक्षित ने भी विचार व्यक्त किये। डॉ श्रीकृष्ण सिंह फाउंडेशन के सचिव शिवाजी चौधरी ने डॉ. श्रीकृष्ण सिंह सहयोग प्रकोष्ठ एवं 2. डॉ. श्रीकृष्ण सिंह सदभाव प्रकोष्ठ बनाने का प्रस्ताव रखा जो सर्वसम्मति से पास हुआ।

### बिना चालान अवैध बालू ढो रहा ट्रक जप्त

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाबलीपुर ओपी क्षेत्र में पुलिस ने बिना चालान के अवैध रूप से बालू की ढुलाई कर रहे एक ट्रक को जब्त किया है। पुलिस की कार्रवाई के बाद मामले की सूचना खनन विभाग को दे दी गई है। ओपी प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि क्षेत्र में कुछ वाहनों से बिना चालान के बालू की अवैध ढुलाई की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई



करते हुए महाबलीपुर के पास से बालू लदे ट्रक को जब्त कर लिया। मामले में खनन विभाग द्वारा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लखनपार पंचायत में बच्ची की डूबने से मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड के लखनपार पंचायत अंतर्गत ग्राम समकुरा में बाढ़ के पानी में डूबने से एक बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है और गुस्साए ग्रामीण शव को रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं।मिली जानकारी के अनुसार समकुरा गांव में बाढ़ का पानी घुसा हुआ है। इसी दौरान एक बच्ची की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। रिपोर्ट लिखे जाने तक ग्रामीण शव के साथ सड़क पर प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग कर रहे थे।प्रदर्शन करने वालों में लखनपार पंचायत के मुखिया नागा राम, युवा नेता मिथिलेश राम, चंद्र रविदास सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद थे।इधर घटना पर भाकपा-माले के पूर्व विधायक गोपाल रविदास (फुलवारी शरीफ) ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन से सरकारी नियमानुसार उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### नहर में डूबने से अधेड़ की मौत

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के गुल्लीटांड निवासी 50 वर्षीय प्रयाग चौहान की नहर में डूबने से मौत हो गई। वह स्वर्गीय रामेश्वर चौहान के पुत्र थे। हादसा लालगंज सेहरा और गुल्लीटांड के बीच स्थित नहर में हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, प्रयाग चौहान किसी काम से लालगंज सेहरा गए थे। वहां से लौटने के दौरान सुनसान स्थान पर उनका पैर फिसल गया और वे नहर में जा गिरे। आसपास किसी के मौजूद नहीं रहने के कारण समय पर किसी की नजर उन पर नहीं पड़ी। ग्रामीणों की नजर पड़ने तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पालीगंज थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

### लोकाइन और भुतही नदी में जलप्रवाह थमा

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां प्रखंड के सभी 6 पंचायतों की बरसाती नदी लोकाइन, महतमाईन और भुतही दो दिन पहले तेज उफान पर थी।लेकिन,रविवार को नदी के जलप्रवाह में 2 से 3 फीट कमी दर्ज करने से किसानों ने राहत की सांस ली है।सरथुआ मिल्की खंधा के पूरब ठीका आहर-पईन में शुक्रवार को उफान



को रोकने के लिए बुल्ली पटेल,सफल साव, पुरुषोत्तम, मिथिलेश राम,ई0 रंजीत कुमार उर्फ वजरंगी पटेल,ल्लली कुमार, श्यामदेव व दर्जनों अन्य ने बालू के बोडियों में बैग्स भरकर श्रमदान से टतबंध पर जारी कटाव को रोका।

# गंगा ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड, हाथीदह में 43.52 मीटर पर पहुंचा जलस्तर

## मोकामा के कई गांव और नगर क्षेत्र जलमग्न, एन एच-31 व एन एच-80 पर बह रहा बाढ़ का पानी; घरों में घुसा पानी, प्रशासन ने बढ़ाई निगरानी





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही रिकॉर्डतोड़ वृद्धि से मोकामा प्रखंड के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ की स्थिति भयावह होती जा रही है। रविवार को गंगा का पानी कई नए इलाकों में फैल गया। कसहा दियारा, जंजीरा दियारा के शिवनार, बरहपुर सहित कई गांव पूरी तरह बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। शिवनार और बरहपुर में घरों एवं सड़कों पर घुटने तक पानी जमा हो गया है।सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि गंगा का जलस्तर हाथीदह में अपने पूर्व उच्चतम स्तर तक पहुंच गया है। वर्ष 2021 में गंगा का उच्चतम बाढ़ स्तर 43.52 मीटर दर्ज किया गया था। रविवार दोपहर तक जलस्तर 43.52 मीटर तक पहुंचने की बात सामने आई है। इससे तटवर्ती इलाकों में दहशत का माहौल है। यदि जलस्तर में वृद्धि जारी रही तो वर्ष 2026 में गंगा अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर नया उच्चतम स्तर बना सकती है।गंगा का फैलाव अब प्रमुख सड़कों तक पहुंच चुका है। शिवनार और बरहपुर के समीप एनएच-31 पर करीब दो फीट पानी बह रहा है। वहीं, शनिवार देर रात हाथीदह के महेंद्रपुर गांव में जलस्तर बढ़ने के बाद मोकामा-लखीसराय मुख्य मार्ग एनएच-80 पर भी गंगा का पानी बहने लगा। इससे आवागमन प्रभावित हुआ है और लोगों की परेशानी बढ़ गई है।मोकामा नगर परिषद क्षेत्र भी गंगा के बढ़ते जलस्तर से अछूता नहीं है। तपस्वी जी घाट की ओर से बढ़ रहा पानी थाना चौक से महज कुछ दूरी तक पहुंच गया है। कई वार्डों में बुड़को के नाले के रास्ते गंगा का पानी तेजी से आवासीय इलाकों में प्रवेश कर रहा है। कई घरों में पानी घुसने से लोग घर से बाहर निकलने के लिए स्थानीय स्तर पर बनाए गए अस्थायी इंतजामों का सहारा ले रहे हैं। मरांची दक्षिणी पंचायत और शेरपुर के ग्रामीण इलाकों में भी बाढ़ का पानी घरों में प्रवेश कर गया है। इससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।गंगा के लगातार फैलाव से तटवर्ती इलाकों में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। खेतों में पानी भरने से फसलें नष्ट हो रही हैं। कई घर-मकानों में पानी घुसने से घरेलू सामान खराब हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गंगा को इस तरह लगातार बढ़ते हुए उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था।जलस्तर के बढ़ने-घटने का सिलसिला लगातार जारी रहने से लोगों में रात के समय पानी के और अधिक फैलने की आशंका बनी हुई है।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता बढ़ गई है। जानकारी मिलते ही मोकामा अंचलाधिकारी लवली कुमारी जलमग्न इलाकों में पहुंचीं और पानी में उतरकर प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं। उनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेकर स्थिति की जानकारी ली।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि एनएच पर जलस्तर बढ़ने के कारण लोगों को सतर्क किया जा रहा है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही लोगों को गंगा के घाटों पर स्नान नहीं करने की सलाह दी जा रही है।गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर ने मोकामा के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में चिंता बढ़ा दी है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है, लेकिन यदि जलस्तर में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो आने वाले घंटों में बाढ़ का संकट और गंभीर हो सकता है।





### मरांची में गंगा में डूबी श्यामा देवी का शव बरामद

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर के बीच मरांची थाना क्षेत्र में गंगा में डूबी महिला श्यामा देवी का शव करीब 30 घंटे बाद बरामद कर लिया गया। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों की मदद से शव की तलाश की गई।बताया गया कि मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह के संज्ञान लेने के बाद अंचलाधिकारी मोकामा ने मामले में तत्परता दिखाई। पंचायत के मुखिया गौरव कुमार भी शव की तलाश में सक्रिय रहे। करीब 30 घंटे की मशक्कत के बाद महिला का शव बरामद किया जा सका।मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। प्रशासन की ओर से लोगों से बार-बार नदी के किनारे नहीं जाने और पानी में नहीं उतरने की अपील की जा रही है। इसके बावजूद लोग सावधानी नहीं बरत रहे हैं, जिसके कारण हादसे हो रहे हैं।पुलिस ने बरामद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी और जलमग्न क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें तथा किसी भी तरह का जोखिम न उठाएं।



## पटना-गया रेलखंड पर 10 ट्रेनें रद्द, 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का बदला रूट





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी में उफान से रेल यातायात पर बड़ा असर पड़ा है। सात साल बाद नदी का जलस्तर इतना बढ़ गया है कि पुनपुन-परसा बाजार के बीच ब्रिज नंबर-21 पर पानी पुल को छूने लगा है। इस कारण इंजीनियरिंग विभाग ने 4 सितंबर की रात 8:10 बजे से डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन निलंबित कर दिया है।और दिनांक 06.09.26 के अनुसार यानी आज 7 सितंबर को 10 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है और कई एक्सप्रेस ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। रद्द रहने वाली ट्रेनें 63242 गया-पटना मेमू, 63244 गया-पटना मेमू, 63245 पटना-गया मेमू, 63247 पटना-गया मेमू, 63248 गया-पटना मेमू, 63251 पटना-गया मेमू, 63256 गया-पटना मेमू, 63250 गया-पटना मेमू, 63253 पटना-गया मेमू और 63274 पटना-राजगीर मेमू। 63248 का रेक मसौढ़ी पॉइंट पर 63339 की सेवा के लिए लगाया जाएगा।परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें- 18625/18626 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस पटना-गया-कोडरमा के बजाय बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया-पहाड़पुर-बंधुआ होकर चलेगी13329/13330 धनबाद-पटना एक्सप्रेस बंधुआ-पहाड़पुर-तिलैया-इस्लामपुर-फतुहा-पटना होकर 15137/15138 राजगीर-बनारस एक्सप्रेस पटना-आरा-बक्सर-पं. दीनदयाल उपाध्याय होकर। 63389/ 63390/ 63391/ 63392 पटना-नवादा और पटना-इस्लामपुर मेमू पैसेंजर धनियावां-फतुहा-पटना होकर चलेंगी।पूर्व मध्य रेलवे ने हाई अलर्ट जारी करते हुए 500 से अधिक रेलकर्मियों को पटरियों के कटाव, पानी के दबाव और पुलों की मॉनिटरिंग में लगाया है। संवेदनशील इलाकों में ट्रेनों को 60-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया जा रहा है और फिलहाल अप लाइन से ही परिचालन हो रहा है।

### पुनपुन नदी में जल प्रलयः गांव के बाद अब पुनपुन शहर में घुसा पानी, 100 से अधिक घर प्रभावित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी इस बार सात साल का रिकॉर्ड तोड़ने पर आमादा है। रविवार को पुनपुन घाट पर नदी का जलस्तर 53.42 मीटर रिकॉर्ड किया गया, जो खतरे के निशान से लगभग तकरीबन 3 मीटर ऊपर है। शनिवार रात से ही नदी का पानी रेलवे ब्रिज नंबर-21 को छूने लगा था, जिसके बाद पटना-गया रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हो गया है,नदी का पानी अब गांव से निकलकर सीधे पुनपुन शहर और मुख्य बाजार में प्रवेश कर गया है। अचानक पानी घुसने से अफरा-तफरी मच गई। इस बाढ़ से तकरीबन 120 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं। अकेले पुनपुन बाजार में करीब 50 दुकानों और घरों में 2 से 3 फीट तक पानी घुस गया है, जबकि पाड़ी गली में 70 से अधिक घरों के निचले तल पूरी तरह डूब गए हैं। लोगों ने अपना अनाज, कपड़ा और जरूरी सामान छत पर रख दिया है। बिजली आपूर्ति भी कई मोहल्लों में बंद कर दी गई है।बाजार में रहने वाले नीरज कुमार ने बताया कि शनिवार रात 11 बजे के बाद पानी तेजी से बढ़ा और देखते ही देखते गली में कमर भर पानी हो गया। अजय साहू, विजय साहू की किराना दुकान में रखा लाखों का सामान भीग गया। ज्योति कुमारी, सविता कुमारी ने बताया कि बच्चों को लेकर छत पर रात गुजारनी पड़ी। तारिणी मिश्रा ने बताया कि हमारे घर के नीचे के पूरे फ्लोर में 3 फीट पानी भर गया है। फ्रिज, पलंग सब डूब गया है। सारा सामान हम लोगों ने जैसे-तैसे ऊपर किया है। जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। घर से निकलना तक मुश्किल हो रहा है। केवल शहर ही नहीं, पुनपुन के जाहिदपुर, चिनिया, बेला, अलावलपुर जैसे निचले गांवों में भी दर्जनों घर बाढ़ की चपेट में हैं। खेतों में लगी धान की फसल पूरी तरह डूब गई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। कई जगह नाव से आवागमन हो रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मसौढ़ी अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। एसडीओ ने बताया कि लगातार बाढ़ राहत कार्य चलाया जा रहा है। बाढ़ पीड़ितों के बीच पॉलिथीन शीट, चूड़ा-गुड़ और पीने के पानी का वितरण किया जा रहा है। ऊंचे स्थानों पर रहने के लिए लोगों को माइक से अपील की जा रही है। मेडिकल टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है ताकि पानी उतरने के बाद संक्रामक बीमारी न फैले।





## बिहटा-सरमेरा फोरलेन पर बीच सड़क में 3 फीट गहरा हॉल, एनएच प्रशासन में हड़कंप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी के बढ़ते जलस्तर का असर अब नेशनल हाईवे पर भी दिखने लगा है। बिहटा-सरमेरा फोरलेन पर नीमा गांव के समीप बीच सड़क में अचानक बड़ा हॉल बन गया, जिससे एनएच प्रशासन में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम बाढ़ के पानी के रिसाव से फोरलेन की बीच की सड़क का हिस्सा अचानक धंस गया। देखते ही देखते करीब 3 फीट गहरा और ढाई फीट चौड़ा गड्ढा बन गया। तेज आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे तो हॉल देखकर दंग रह गए, देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षा के मद्देनजर गड्ढे के चारों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई है और वाहनों को सर्विस लेन से निकाला जा रहा है। एनएच के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि लगातार 4 दिनों से जलजमाव के कारण सड़क के नीचे मिट्टी में रिसाव हो गया, जिससे बेस कमजोर होकर सड़क धंस गई। मरम्मत के लिए मौके पर खउइ मशीन और मजदूर लगाए गए हैं। बोल्डर, गिट्टी और मिट्टी भरकर आज देर शाम तक गड्ढे को पूरी तरह दुरुस्त कर लिया जाएगा।फिलहाल फोरलेन पर वाहनों की आवाजाही जारी है, लेकिन बीच में हॉल बनने से तेज रफ्तार वाहनों के लिए खतरा बना हुआ है।



## पुनपुन नदी के दबाव से बलुआचक में सड़क टूटी, 10 गांवों का संपर्क टूटा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी के उफान से ग्रामीण इलाकों में आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। लखना से डुमरी जाने वाली मुख्य ग्रामीण सड़क बलुआचक के पास पानी के तेज बहाव में पूरी तरह टूट गई है, जिससे करीब 10 से अधिक गांवों का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट गया है।सड़क टूटने से लखना, डुमरी, बलुआचक सहित आसपास के गांवों के लोगों को घूमकर 5 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर बाजार और अस्पताल जाना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार रात पानी का दबाव बढ़ने से सड़क का करीब 15 फीट हिस्सा बह गया। इस मामले को लेकर राजद के वरीय नेता द्वारिका पासवान ने सरकार से जल्द मरम्मत की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह पुराना डब्लूक सड़क है और इस मार्ग से करीब 10 गांवों के लोगों का रोजाना आना-जाना रहता है। किसानों, छात्रों और मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। सरकार को अविलंब इस टूटी हुई सड़क की मरम्मती करनी चाहिए।इधर मसौढ़ी अनुमंडल प्रशासन ने बताया कि बाढ़ का पानी उतरते ही सड़क की मरम्मत युद्धस्तर पर कराई जाएगी और फिलहाल लोगों को वैकल्पिक मार्ग से आवागमन करने की सलाह दी गई है।



### बाढ़ से मसौढ़ी-पुनपुन-धनरुआ में हाहाकार

**एसडीएम की अगुवाई में देर रात तक तटबंध मरम्मत और मॉनिटरिंग जारी**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी सहित अनुमंडल की अन्य नदियों के उफान पर रहने से मसौढ़ी, पुनपुन और धनरुआ प्रखंड के कई पंचायत बाढ़ की चपेट में हैं। कई जगह तटबंध टूट गए हैं, सड़कें डूब गई हैं और कई गांवों का दूसरे गांव से संपर्क पूरी तरह कट गया है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम धनराज कुमार के नेतृत्व में अनुमंडल प्रशासन दिन-रात मॉनिटरिंग में जुटा है। एसडीएम खुद देर रात तक अंचलाधिकारी ऋषिकेश कुमार और पुलिस बल के साथ बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर तटबंधों की मरम्मत करवा रहे हैं। पुनपुन के पांच बाढ़ प्रभावित पंचायतों में जलमग्न गांवों से लोगों को नाव के सहारे सुरक्षित निकाला जा रहा है। एसडीएम धनराज कुमार ने बताया कि पुनपुन का वर्तमान जलस्तर 52.42 मीटर दर्ज किया गया है। बाढ़ से निपटने के लिए सभी जगह अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है और जिला व अनुमंडल प्रशासन हर संभव मदद में जुटा है।

## पुनपुन के शेखपुरा में दर्दनाक हादसाः बाढ़ के पानी में डूबी 12 साल की बच्ची, मां के साथ गई थी मंदिर





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड में बाढ़ का कहर जारी है, इसी बीच शेखपुरा गांव में रविवार सुबह नौ बजे एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान पूजा कुमारी (12 वर्ष), पिता नंदन पंडित, निवासी शेखपुरा वार्ड नं नौ के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पूजा अपनी मां बसंती देवी के साथ गांव के पास नदी किनारे स्थित शिव मंदिर में पूजा करने गई थी। उसी क्रम में पूजा गहरे पानी में चली गई और तेज बहाव में बह गई। सूचना मिलते ही पिपरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। गोताखोरों द्वारा शव की तलाश की जहाँ तीन घंटों बाद शव बरामद किया गया, घटना के बाद गांव में मातम पसरा रहा हऔर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर विधायक श्याम रजक, जदयू ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह मुखिया रवि कुमार, पूर्व मुखिया जय प्रकाश पासवान,ओम सिंह, मनीष कुमार शिक्षक गजेन्द्र कुमार, मोहमद शाहबाज अंसारी सहित पिपरा थाना पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। पूर्व मुखिया जयप्रकाश पासवान पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने जिला प्रशासन से मृतक के परिजनों को सरकारी नियमानुसार मुआवजा देने और हरसंभव मदद करने की मांग की है।प्रशासन ने नदी के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों से अपील की है कि बाढ़ के दौरान नदी किनारे न जाएं, यह खतरनाक हो सकता है।

**पूजा करने के क्रम में पूजा गहरे पानी में चली गई और तेज बहाव में बह गई**

## पुनपुन में बाढ़ से 5 पंचायतें प्रभावित, बड़की सपहुआ में शुरू हुआ सामुदायिक किचन, 100 परिवारों में पॉलीथिन वितरण,मेडिकल कैंप

शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी में आई बाढ़ से पुनपुन प्रखंड की 5 पंचायतें पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं। दर्जनों गांवों का एक-दूसरे से संपर्क टूट चुका है और कई गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। ऐसी स्थिति में अनुमंडल प्रशासन ने बाढ़ राहत कार्य तेज कर दिया है।प्रशासन की ओर से बरावां पंचायत के बड़की सपहुआ गांव में बाढ़ पीड़ितों के लिए सामुदायिक किचन की शुरूआत की गई है। जहां फंसे हुए लोगों को दो वक्त का पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं अब तक 100 से अधिक जरूरतमंद परिवारों के बीच पॉलीथिन शीट का वितरण किया गया है ताकि वे ऊंचे स्थानों पर अस्थायी शरण ले सकें। जलमग्न गांवों से लोगों को निकालने के लिए 3 नावों की व्यवस्था की गई है, साथ ही एसडीआरएफ की 3 अतिरिक्त नावें भी राहत कार्य में लगाई गई हैं। अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार ने बताया कि पुनपुन शहरी इलाके में बाढ़ में फंसे लोगों के लिए शहीद राम गोविंद सिंह विद्यालय में भी रविवार शाम से सामुदायिक किचन की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी बाढ़ पीड़ितों तक जिला प्रशासन और अनुमंडल प्रशासन द्वारा यथासंभव राहत पहुंचाई जा रही है और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। पुनपुन अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया की पुनपुन के पांच पंचायत के तकरीबन सभी गांव में बाढ़ राहत कार्य शुरू कर दिए गए हैं सभी टूटे हुए तटबंध को दुरुस्त कर दी गई है लगातार बढ़ते जलस्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है।








CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### लंबित चालानों का एकमुश्त निष्पादन 7 से 11 सितंबर तक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन निर्धारित है, जिसमें परिवहन विभाग द्वारा एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना 2026 के तहत 90 दिनों से अधिक अवधि से लंबित ट्रैफिक चालानों का निष्पादन किया जाना है। उक्त को देखते हुए बड़ी संख्या में लोगों के चालान जमा करने हेतु सम्मिलित होने की संभावना है। अतएव भीड़ को देखते हुए वाहन स्वामियों की सुविधा हेतु दिनांक 07.09.2026 से 11.09.2026 तक जिला परिवहन कार्यालय में पूर्व पंजीकरण किया जा रहा है। अतः सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है जिनका भी ट्रैफिक चालान 90 दिनों से अधिक अवधि से लंबित है, वो दिनांक 07.09.2026 से 11.09.2026 तक जिला परिवहन कार्यालय में उपस्थित होकर पूर्व पंजीकरण करा सकते है, ताकि उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर सुविधा हो सके।

### डिग्री कॉलेज में छह विषयों में ऑन-स्पॉट नामांकन का मौका

**तुरकौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजकीय डिग्री महाविद्यालय, जयसिंहपुर तुरकौलिया में विभिन्न विषयों में रिक्त सीटों पर ऑन-स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई है। कॉलेज में इतिहास, राजनीति विज्ञान, हिंदी, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र और अंग्रेजी विषय में कुछ सीटें रिक्त हैं इच्छुक विद्यार्थी 07 सितंबर 2026 को दोपहर तीन बजे तक कॉलेज पहुंचकर नामांकन करा सकते हैं। नामांकन प्रभारी ने बताया कि नामांकन से पहले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर Edit विकल्प के माध्यम से राजकीय डिग्री महाविद्यालय, तुरकौलिया का चयन करना होगा। इसके बाद इच्छुक विषय का चयन करना अनिवार्य है। नामांकन के समय विद्यार्थियों को इंटरमीडिएट की मार्कशीट निर्धारित नामांकन शुल्क साथ लाना होगा। कॉलेज प्रशासन ने इच्छुक विद्यार्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर नामांकन सुनिश्चित कराने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी 9735597935 पर संपर्क कर सकते हैं।

### अवतार नगर थाना क्षेत्र में डूबने से दो लोगों की मौत

**छपरा/दिघवारा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के अवतार नगर थाना क्षेत्र में रविवार को अलग-अलग स्थानों पर पानी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। दोनों घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत कर शवों को पानी से बाहर निकाला। पहली घटना गोपालपुर गांव की है। बताया जाता है कि गांव निवासी बलेश मांझी का 14 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार चंवर के रास्ते बसंत गांव स्थित अपनी फुआ के घर जा रहा था। इसी दौरान मुरउतपुर नदी पुल के पास पैर फिसलने से वह गहरे पानी में गिर गया। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास कर आदित्य के शव को पानी से बाहर निकाला। वहीं, दूसरी घटना धनौरा बाजार के समीप हुई। बताया जाता है कि कोठिया गांव निवासी 40 वर्षीय लालबाबू महतो धनौरा बाजार आ रहे थे। इसी दौरान बाजार से पश्चिम की ओर पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उनके शव को भी पानी से बाहर निकाला। बाढ़ के बीच एक ही थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत से इलाके में शोक का माहौल है।

### मॉन्टेसरी स्कूल, सोनपुर में शिक्षक दिवस समारोह का भव्य आयोजन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षक दिवस के अवसर पर मॉन्टेसरी स्कूल, सोनपुर में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन महिला कल्याण संगठन, सोनपुर की अध्यक्षा डॉ. निधि सरन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समारोह में विद्यालय प्रभारी श्रद्धा सिंह, महिला कल्याण संगठन की कोषाध्यक्ष श्रीमती कंचन लता तथा संगठन की सदस्यगण उपस्थित रहीं। इस अवसर पर शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके शिक्षा जगत में अमूल्य योगदान को रेखांकित किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षकों को महिला कल्याण संगठन, सोनपुर की ओर से उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। संगठन की ओर से शिक्षकों के समर्पण, परिश्रम एवं सेवाभाव की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया।अपने संबोधन में विद्यालय प्रभारी श्रीमती श्रद्धा सिंह ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के प्रदाता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार एवं चरित्र निर्माण के सच्चे शिल्पकार होते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान की सराहना की। समारोह का वातावरण सम्मान, आत्मीयता एवं उल्लास से परिपूर्ण रहा। महिला कल्याण संगठन, सोनपुर द्वारा आयोजित यह आयोजन शिक्षकों के प्रति आदर एवं उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल साबित हुआ।

### मेरा सच्चा सम्मान आपकी जीवन में सफलता होगी : वेद प्रकाश

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आप सभी द्वारा दिया गया उपहार मेरे कार्यों को देखकर दी गई महज एक वस्तु है, लेकिन मेरा सच्चा सम्मान तब होगा, जब आप सभी जीवन में सफलता हासिल करेंगे। उक्त बातें शिक्षक सह पत्रकार वेद प्रकाश ने शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर कहीं। वे पालीगंज अनुमंडल के खिरिमोड़ थाना क्षेत्र के निरखपुर गांव स्थित ए.एस.एस. प्राइवेट कोचिंग सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित कर रहे थे।



शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने अपने शिक्षक वेद प्रकाश से केक कटवाया और उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। छात्रों के स्नेह, प्रेम और सम्मान से अभिभूत वेद प्रकाश ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उपहार उनके लिए महज एक वस्तु हैं। उनका वास्तविक सम्मान उस दिन होगा, जब उनके द्वारा दी गई शिक्षा से विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे। उन्होंने छात्रों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि जीवन में सफल होने के लिए योग्य शिक्षकों की बातों को मानना और उनके बताए मार्ग पर चलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 'गुरु' शब्द में 'गु' का अर्थ अंधकार और 'रु' का अर्थ अंधकार को दूर करने वाला होता है। गुरु अपने शिष्यों के जीवन से अज्ञानता का अंधकार दूर कर उन्हें सही मार्ग दिखाते हैं। गुरु की कृपा के साथ विद्यार्थी यदि निरंतर कर्मपथ पर आगे बढ़ता रहे तो सफलता अवश्य मिलती है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने शिक्षक की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पुनपुन नदी का जलस्तर बढ़ने से सड़क कटा, आवागमन बाधित

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण पालीगंज प्रखंड अंतर्गत रूपापुर गांव के समीप सड़क कट जाने से आवागमन बाधित हो गया है। सड़क कटने के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन, पटना के निर्देश पर पालीगंज के अंचल अधिकारी द्वारा प्रभावित क्षेत्र में निःशुल्क नाव का परिचालन शुरू कराया गया है। नाव के माध्यम से ग्रामीणों को नदी पार कराया जा रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में राहत मिल रही है। प्रशासन की ओर से जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों ने सड़क की शीघ्र मरम्मत कर स्थायी रूप से आवागमन बहाल करने की मांग की है।

### एआइ यूजर्स को डेटा और प्राइवेसी पर मिलेगा ज्यादा कंट्रोल

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ऐसा ऐप आपके डेटा को कब और कैसे इस्तेमाल कर रहा है, यह जानना यूजर्स के लिए आसान नहीं होता। इसी परेशानी को दूर करने के लिए एआई+ स्मार्टफोन ने एनएक्सटी क्वांटम ओएस का नया वर्जन 1.1 पेश किया है, जिससे यूजर्स को डेटा और प्राइवेसी पर ज्यादा जानकारी और कंट्रोल मिलेगा। खास बात यह है कि कोर डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर और सोर्स कोड भारत में ही सुरक्षित रहेगा। एनएक्सटी क्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस और एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ माधव शेठ ने कहा, "टेक्नोलॉजी का भविष्य सिर्फ इस बात से तय नहीं होता कि वह क्या कर सकती है। असली बात यह है कि लोग उस पर कितना भरोसा करते हैं।" एनएक्सटी क्वांटम ओएस 1.1 के तहत ऐप से जुड़ा 100% डेटा ट्रैफिक भारत में मौजूद सर्वर्स के जरिए प्रोसेस होगा। सिस्टम 1,000 से ज्यादा कनेक्शन्स और 172 अलग-अलग डेस्टिनेशन आईपी एड्रेस से जुड़े सोर्स रूल्स की ऑटोमैटिक जाँच करेगा। डेटा ट्रैफिक और आईपी पिंग्स भारत के नेटवर्क के अंदर ही रहेंगे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे प्रभारी मंत्री

**राहत-बचाव कार्यों का लिया जायजा ● उप मुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने अधिकारियों से ली जमीनी स्थिति की जानकारी**





**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले में बाढ़ की स्थिति के बीच उप मुख्यमंत्री सह सारण जिले के प्रभारी मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने रविवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने जमीनी स्तर पर चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया तथा प्रभावित लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने प्रभारी मंत्री को जिले में बाढ़ की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। प्रभावित क्षेत्रों में आश्रय स्थल, सामुदायिक किचन, मेडिकल टीम, पशु कैंप, नाव सहित अन्य राहत सुविधाएं संचालित की जा रही हैं।

**क्षतिग्रस्त तटबंधों की युद्धस्तर पर मरम्मती**

जिला पदाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में बाढ़ सुरक्षात्मक एवं मरम्मती कार्य लगातार जारी हैं। जहां-जहां तटबंध अथवा बांध क्षतिग्रस्त या टूटे हैं, वहां संबंधित विभागों की टीमें युद्धस्तर पर मरम्मती एवं सुरक्षात्मक कार्य में जुटी हैं। प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मी लगातार प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी कर रहे हैं तथा स्थिति के अनुसार तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**राहत कार्यों को पूरी तरह सक्रिय रखने पर जोर**

प्रभारी मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी लेने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को लगातार सक्रिय रखने तथा प्रभावित लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

**प्रशासन ने लोगों से की सतर्क रहने की अपील:**

जिला प्रशासन ने आमलोगों से अपील की है कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी लोग सजग एवं सतर्क रहें। अनावश्यक आवागमन से बचें और अपने परिवार एवं परिजनों के साथ सुरक्षित स्थान पर रहें। प्रशासन ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा जिला एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है। प्रशासन ने यह भी कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर लोग प्रशासन द्वारा बनाए गए आश्रय स्थलों में जाएं और किसी भी आपात स्थिति में संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें। इस मौके पर क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, वरीय पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार आदि अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बाढ़ प्रभावित राघोपुर दियारा क्षेत्र में डीएम ने किया निरीक्षण

**डूब रहे तीन नागरिकों को त्वरित रेस्क्यू कर बचाया**





**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह द्वारा राघोपुर प्रखंड के दियारा क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलस्तर की स्थिति, आवागमन, राहत एवं बचाव कार्य तथा प्रभावित नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। जिला पदाधिकारी द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर बाढ़ की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष रूप से आकलन किया गया तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। निरीक्षण के क्रम में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत रुस्तमपुर पंचायत के हिम्मतपुर ग्राम में जिला पदाधिकारी की नजर तीन नागरिकों पर पड़ी, जो बाढ़ के पानी में डूबने की स्थिति में थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए त्वरित रेस्क्यू कार्रवाई कर तीनों नागरिकों को डूबने से बचाया गया। जिला पदाधिकारी की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता से तीनों नागरिकों की जान बचाई जा सकी तथा उन्हें सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। घटना के पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा मौके पर बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की उपस्थिति लगातार बनी रहनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति की सूचना मिलते ही बिना विलंब के राहत एवं बचाव कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से दियारा क्षेत्रों में आवागमन एवं जलमग्न क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यकतानुसार नावों के परिचालन, राहत सामग्री, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। जिला पदाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार क्षेत्र भ्रमण एवं निगरानी रखी जाए तथा स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे अनावश्यक रूप से गहरे पानी में प्रवेश न करें तथा बाढ़ की स्थिति में प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित निर्देशों का पालन करें। आपात स्थिति में उपलब्ध रेस्क्यू संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा वैशाली जिले में बाढ़ की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुरूप राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जा रहे हैं तथा प्रशासनिक एवं आपदा प्रबंधन की टीमें सक्रिय हैं। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रशासन पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है।

# बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की प्रभारी सचिव ने की समीक्षा

**स्वच्छ भोजन-पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष जोर**





**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में बाढ़ की स्थिति एवं जिला प्रशासन द्वारा संचालित राहत एवं बचाव कार्यों की आज प्रभारी सचिव, वैशाली रचना पाटिल ने जिला अतिथिशाला में समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा), उप विकास आयुक्त सहित आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान प्रभारी सचिव रचना पाटिल ने जिले में संचालित राहत एवं बचाव कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक सुविधाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से सामुदायिक रसोई केंद्रों में साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता एवं हाइजीन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार नावों की संख्या बढ़ाने एवं सामुदायिक रसोई केंद्रों की संख्या में वृद्धि करने का निर्देश दिया। साथ ही बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए स्वच्छ पेयजल, पशुओं के लिए पर्याप्त चारा तथा मेडिकल टीम की उपलब्धता बेहतर तरीके से सुनिश्चित करने को कहा। प्रभारी सचिव ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। समीक्षा बैठक के बाद प्रभारी सचिव रचना पाटिल एवं जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने संयुक्त रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संचालित राहत व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने गंगा ब्रिज स्थित सामुदायिक रसोई केंद्र एवं स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। प्रभारी सचिव एवं जिला पदाधिकारी ने राहत शिविर में रह रहे बाढ़ पीड़ितों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो तथा आवश्यक सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएं। दोनों अधिकारियों ने सामुदायिक रसोई केंद्र में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं हाइजीन व्यवस्था का भी जायजा लिया और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसके पश्चात प्रभारी सचिव एवं जिला पदाधिकारी ने राघोपुर प्रखंड के सामुदायिक रसोई केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां संचालित राहत व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा बाढ़ प्रभावित लोगों की जरूरतों के अनुरूप राहत कार्यों को और प्रभावी बनाने को कहा।

# ए एन कॉलेज में शिक्षक दिवस पर शिक्षा रत्न सम्मान का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक दिवस के अवसर पर महामना मालवीय मिशन, बिहार इकाई एवं अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान में ए. एन. कॉलेज के लाइब्रेरी सभागार में 'शिक्षा, शिक्षक की भूमिका एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान' विषय पर विशेष विचार गोष्ठी एवं 'शिक्षा रत्न सम्मान-2026' समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत ने शिक्षक-छात्र संबंध, संस्कार निर्माण और शिक्षा के मानवीय पक्ष पर अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक या रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों का विकास करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि आर. यू. सिंह, पूर्व मुख्य सचिव, बिहार सरकार ने शिक्षकों को राष्ट्र निमार्ता बताते हुए विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) सच्चिदानंद पाण्डेय ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 12 शिक्षकों को 'शिक्षा रत्न सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिपिन कुमार सिंह, अध्यक्ष, महामना मालवीय मिशन, बिहार इकाई ने की। समारोह में प्रो. (डॉ.) वी. के. चौधरी, आलोक कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार पाण्डेय, रविन्द्र उपाध्याय सहित अनेक शिक्षाविद्, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सारण में बाढ़ के तेज बहाव में युवक डूबा, तलाश में जुटी एसडीआरएफ


**पुराने घर जाने के दौरान डुमरी नेहाला टोला के पास हुआ हादसा, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**





**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के डुमरी नेहाला टोला गांव के समीप रविवार को बाढ़ के पानी के तेज बहाव की चपेट में आने से एक 20 वर्षीय युवक के डूबने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। हादसे के बाद युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर खोजबीन में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगही कॉलोनी निवासी वीरेंद्र राय का 20 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार अपने पुराने घर नेहाला टोला जा रहा था। इसी दौरान वह बाढ़ के पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गया और बह गया। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने पानी में युवक की तलाश करने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कर दी। टीम द्वारा बाढ़ के पानी में लगातार खोजबीन की जा रही है। इधर, धीरज के बाढ़ के पानी में डूबने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण भी युवक की सकुशल बरामदगी की उम्मीद लगाए हुए हैं।

# शंकर ज्योति नेत्रालय एवं लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था ने निकाली नेत्रदान जागरूकता पदयात्रा




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित लोगों को पुनः दृष्टि दिलाने तथा समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शंकर ज्योति नेत्रालय, पटना द्वारा लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था, पटना एवं लायंस इंटरनेशनल के सहयोग से रविवार सुबह नेत्रदान जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा का शुभारंभ शंकर ज्योति नेत्रालय, दिनकर गोलंबर, राजेंद्र नगर से हुआ जिसमें मुख्य अतिथि श्री राम कृपाल यादव ने नेत्रदान जैसे मानवीय अभियान से जुड़कर लोगों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने अपने संबोधन में नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़ने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी नेत्रदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम में विशिष्ट आमंत्रित अतिथि डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह ने नेत्र दान को महत्वपूर्ण मानवीय सेवा बताते हुए इसके प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने और जन-जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। शंकर ज्योति नेत्रालय के निदेशक डॉ. गौतम कुमार ने कहा कि यदि हम अपने परिवारों में आज से ही नेत्रदान की चर्चा शुरू करें, तो कल किसी की अंधेरी दुनिया फिर से रोशन हो सकती है। डॉ. समीक्षा ने कॉर्निया प्रत्यारोपण एवं नेत्रदान की प्रक्रिया के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था की रानी नंदन एवं श्रीमती वंदना गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

# दहा नदी का बांध टूटा, सैकड़ों घरों में घुसा पानी, तीन सौ बीघा फसल डूबी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**छपरा/एकमा (सारण)।** मांझी प्रखंड की चेफुल पंचायत के इमादपुर बिनटोलिया गांव में रविवार की अहले सुबह दहा नदी का बांध टूटने से अफरातफरी मच गई। बांध टूटते ही नदी का पानी तेज रफ्तार से गांव में फैल गया और देखते ही देखते सैकड़ों घरों में पानी घुस गया। पूरा गांव पानी से घिर गया है। कई परिवार जान बचाने के लिए घरों की छतों पर शरण लेने को मजबूर हैं। बाढ़ के पानी से ग्रामीणों और मवेशियों के घिरने के साथ करीब तीन सौ बीघा में लगी फसल भी डूब गई है। ग्रामीणों के अनुसार नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे खतरा और बढ़ने की आशंका है। ग्रामीणों ने बताया कि इस स्थान पर बांध टूटने की यह दूसरी घटना है। पिछले दो वर्षों से बांध कमजोर होने और टूटने की समस्या बनी हुई है। आरोप है कि स्थायी मरम्मत के बजाय घास-मिट्टी डालकर काम चलाया जाता रहा है। निचले इलाकों में रहने वाले परिवारों के सामने सुरक्षित ठिकाने और मवेशियों को बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने तत्काल राहत-बचाव कार्य शुरू कराने और बांध की स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है। इधर, चेफुल पंचायत के उड़ियानपुर व ताजपुर फुलवरिया में भी पानी के दबाव से बांध पर खतरा मंडरा रहा है। मुबारकपुर से कोड़र टोला के बीच सड़क पर पानी बह रहा है, जबकि नोनिया घाट से गोला घाट के बीच बिनटोली में भी बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ-2 प्रेमचंद्र सिंह और मांझी के अंचलाधिकारी रोहित कुमार अग्रवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों व संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। एहतियात के तौर पर मौके पर पुलिस बल तैनात कर टूटे बांध के पास लोगों के जाने पर रोक लगा दी गई है। प्रभावित इलाकों में संभावित कटाव रोकने के लिए बांध पर बालू भरी बोरियां डालकर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### मोकामा बाजार में आवारा सांढ़ का आतंक, राहगीरों में दहशत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा बाजार में इन दिनों एक आवारा सांढ़ के आतंक से दुकानदारों और आम राहगीरों में दहशत का माहौल है। बाजार की भीड़ के बीच खुलेआम घूम रहा सांढ़ खासकर मोटरसाइकिल सवारों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सांढ़ के कारण कई महिलाओं और बाइक सवारों को चोट लग चुकी है।बताया जाता है कि यह सांढ़ मोकामा बाजार और उसके आसपास के इलाकों में ही घूमता रहता है। भीड़भाड़ वाले बाजार में अचानक इसके सामने आने से वाहन चालकों को संभलने का मौका नहीं मिल पाता। इससे कभी भी गंभीर हादसा होने की आशंका बनी हुई है।स्थानीय लोगों ने बताया कि बाजार में लगातार लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में सांढ़ के कारण किसी राहगीर, दुकानदार या वाहन चालक के गंभीर रूप से घायल होने की स्थिति पैदा हो सकती है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को किसी बड़ी घटना का इंतजार करने के बजाय समय रहते इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने सिविल प्रशासन से सांढ़ को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर भेजने की मांग की है।

## एक नजर

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रशिक्षण का आयोजन

**हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। इसकी अध्यक्षता हिलसा के प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार ने की। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत चल रहे घर-घर कचरा उठाव को बेहतर बनाना था। इसमें पैडल रिक्शा में डस्टबिन सही तरीके से रखने, हरे डस्टबिन में गीला कचरा और नीले डस्टबिन में सूखा कचरा डालने की जानकारी दी गई। साथ ही, पैडल- रिक्शा और ई-रिक्शा के रखरखाव के बारे में भी बताया गया। महादलित टोलों में सामुदायिक और व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण, उपयोग और रखरखाव पर भी चर्चा हुई। सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों को डिजिटल संचार गतिविधियों की निगरानी के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर नालंदा के जिला सलाहकार रोहित कुमार, हिलसा प्रखंड समन्वयक नरेंद्र कुमार और प्रखंड वॉर रूम कर्मी समेत कई लोग मौजूद थे।

### प्रगतिशील लेखक संघ का आठवां जिला सम्मेलन संपन्न



**नवादा।** प्रगतिशील लेखक संघ, नवादा का आठवां जिला सम्मेलन नगर के अंबेडकर पुस्तकालय भवन स्थित कथाकार मिथिलेश सभागार में साहित्यकारों, संस्कृतिकर्मियों और एक्टिविस्टों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। सम्मेलन हाल ही में दिवंगत प्रलेस के साथी मिथिलेश, जयप्रकाश, प्रो. उमाकांत राही एवं डॉ. संजय कुमार सिन्हा को समर्पित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित प्रतिनिधियों ने दिवंगत साथियों के साथ बिरादराना संगठनों एवं विचारधारा से जुड़े दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कलाकारों ने साज और आवाज के साथ मार्मिक शहीद गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावुक बना दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव अशोक समदर्शी ने किया। मुख्य अतिथि सीपीआई के जिला मंत्री डॉ. जयनंदन प्रसाद सिंह एवं पर्यवेक्षक के रूप में गया प्रलेस के अरुण हरलीवाल मौजूद रहे। परिचर्चा का विषय "साहित्य सृजन में लोकभाषिक चेतना" रहा। कार्यकारी अध्यक्ष शंभू विश्वकर्मा ने विषय प्रवेश संबंधी लिखित दस्तावेज प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने साहित्य में लोकभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रचनाकार का उद्देश्य केवल शास्त्रों के लिए लिखना नहीं, बल्कि उस आम जनता के लिए रचना करना है जो शास्त्रों से डरती है, ताकि उसमें निर्भीकता और चेतना का विकास हो सके। संगठन सत्र में 11 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। नरेंद्र प्रसाद सिंह को पुनः अध्यक्ष, शंभू विश्वकर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष, अशोक समदर्शी को जिला सचिव, सुरेंद्र कुमार सिद्धार्थ को संयुक्त सचिव तथा उमाकांत सिंह अधिवक्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। वंदना शर्मा, गौतम कुमार सरगम, निशा कुमारी, पत्रकार-कवि सुनील कुमार चौधरी और चंद्रमौली कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। तीसरे सत्र में कवि सम्मेलन हुआ, जिसमें धनंजय कुमार पाण्डेय, दशरथ प्रसाद, संजय कुमार, द्वारिका प्रसाद सहित कई कवियों ने मौलिक रचनाओं का पाठ किया। इप्टा के उपेंद्र शर्मा, पप्पू कुमार पाण्डेय एवं सहदेव पासवान की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को अंत तक जोड़े रखा।

# कई पीढियां शिक्षित करती हैं लड़कियां : अश्विनी तिवारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर वरदान लुसेंट साइंस क्लासेज एवं ज्ञान ज्योति शिक्षण केंद्र में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वरदान लुसेंट साइंस क्लासेस में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। यहां भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी ने कहा कि एक लड़का जब पढ़ता है तो एक परिवार को शिक्षित करता है। लेकिन जब लड़की पढ़ती है तो मायका और ससुराल दोनों खानदानों को शिक्षित करती है। शिक्षा ऐसा धन है जिसको नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी आवश्यक रूप से पढ़ाई करें। यहां ज्ञान गंगा इंटर स्कूल के निदेशक नंदकिशोर यादव, थाना अध्यक्ष विकास कुमार, दाउदनगर के इतिहास लेखक व वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र कश्यप, डिवाइन स्ट्रीम मिशन स्कूल के निदेशक इंजीनियर प्रवीण कुमार, पूर्व शिक्षक आरती सिन्हा ने संबोधित किया। मुखिया कृष्णा सिंह, डॉ. दिनेश प्रसाद, संस्था के संस्थापक अविनाश कुमार, निदेशक निखिल कुमार भास्कर, प्रिंसिपल एके सिंह उपस्थित रहे। उधर पुराना शहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में संस्था के निदेशक सह सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डा.चंचल कुमार ने मोमेंटो देकर शिक्षकों को सम्मानित किया। बच्चों ने भी इस समारोह में अच्छी अच्छी प्रस्तुती दी। फलक नाज एवं संध्या कुमारी ने भाषण दिया। निदेशक डा.चंचल कुमार ने शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक पूज्य थे और रहेंगे। शिक्षक धनवान हो या न हो गुणवान होना चाहिए। उसकी गुणवता की पूजा होती है। जो अपने शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए वही गुरू है।



# नगर पंचायत ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



### सड़क किनारे से हटाया गया अतिक्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज नगर पंचायत की ओर से शनिवार को शहर में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा के नेतृत्व में नगर पंचायत कार्यालय से थाना होते हुए कालीस्थान से हाजीपुर गोला तक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। नगर पंचायत की टीम ने दुकानदारों और स्थानीय लोगों को सड़क किनारे अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण के कारण आवागमन प्रभावित होता है और जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। नगर पंचायत प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे निर्धारित सीमा में ही दुकान एवं अन्य गतिविधियां संचालित करें और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने में सहयोग करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगे भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# हाजीपुर में कब्रिस्तान घेराबंदी को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना परिसर में हाजीपुर गोला स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी को लेकर उत्पन्न तनाव के मद्देनजर को दोनों पक्षों की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचलाधिकारी सतेंद्र कुमार, नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा, थानाध्यक्ष शम्भू कुमार एवं राजस्व पदाधिकारी सलाह असमर के देखरेख में किया गया। बैठक के दौरान कब्रिस्तान की घेराबंदी से जुड़े मामले पर दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने सभी पक्षों से आपसी सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले में वरीय पदाधिकारियों के आदेश एवं निर्देश के अनुसार ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से किसी भी प्रकार का विवाद या तनाव उत्पन्न नहीं करने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों के साथ पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे।



# शिक्षक की भूमिका अब मार्गदर्शक, मेंटर, रिसर्चर व नवाचारी की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर दाउदनगर महाविद्यालय में प्रधानाचार्य प्रो.डॉ. एमएस इस्लाम के निर्देशन में शिक्षक दिवस की प्रासंगिकता एवं उच्च शिक्षा में चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में शिक्षक की भूमिका, उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, कौशल विकास, शोध एवं नवाचार तथा तकनीकी बदलावों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का आरंभ डॉ. सर्वपल्लीराधा कृष्णन के तैल्यचित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। रसायन शास्त्र के शिक्षक डॉ. सुमन शेखर ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सोचने, समझने और भविष्य निर्माण की दिशा तय करने वाला मार्गदर्शक है। वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका ज्ञान प्रदान करने से आगे बढ़कर मार्गदर्शक, मेंटर, रिसर्चर और नवाचारी की हो गई है। विद्यार्थी निर्मल कुमार एवं गुड़िया कुमारी ने भी अपने विचारों को साझा किया।



अध्यक्षीय भाषण देते हुए एन.एस.एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश ने कहा कि सूचना एवं तकनीक के युग में सभी शिक्षकों को भी तकनीकी रुप से दक्ष होना होगा तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु समय के साथ शिक्षकों को अपने ज्ञान एवं शिक्षण तकनीक को नवीकृत एवं अद्यतन करते रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी शिक्षकों के मार्गदर्शन में ए.आई. जैसे तकनीकों का उपयोग अवश्य करें लेकिन क्लासरुम शिक्षण के महत्व को समझते हुए कक्षाओं अपनी सुनिश्चित करना अनिवार्य है। कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापन देते हुए आई.क्यू.ए.सी. के समन्वयक डॉ. सुमित कुमार मिश्र ने कहा कि शिक्षक दिवस केवल शिक्षकों के सम्मान का अवसर नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था और शिक्षक की जिम्मेदारियों पर आत्ममंथन का भी दिन है। संचालन उर्दू के डॉ. मो. हुजैफा ने किया।

# रेफरल अस्पताल कुटुंबा में 13 डॉक्टरों के पद, तैनात सिर्फ एक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रेफरल अस्पताल कुटुंबा स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली का सामना कर रहा है। 30 बेड वाले इस अस्पताल में प्रतिदिन 200 से 250 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं, लेकिन चिकित्सकों की भारी कमी के कारण इलाज व्यवस्था पर लगातार दबाव बना हुआ है। अस्पताल में चिकित्सकों के 13 पद स्वीकृत हैं, जबकि वर्तमान में महज एक डॉक्टर तैनात हैं। 24 घंटे आपातकालीन सेवा किसी तरह जारी रखने के लिए प्राथमिक व अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों को रोटेशन के आधार पर बुलाकर काम चलाया जा रहा है।

अस्पताल ही नहीं, पूरे प्रखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में नर्सिंग स्टाफ का भी टोटा है। 27 पीएचसी और आठ एपीएचसी में एएनएम के 73 स्वीकृत पदों में 58 ही कार्यरत हैं। वहीं जीएनएम के 16 पदों के विरुद्ध महज तीन कर्मी उपलब्ध हैं। रेफरल अस्पताल में 20 एएनएम और तीन जीएनएम पदस्थापित हैं।



अस्पताल में ब्लड स्टोरेज यूनिट के लिए आवश्यक मशीनें उपलब्ध हैं, लेकिन तकनीकी कर्मियों की कमी के कारण इसका संचालन नहीं हो पा रहा है। ऐसे में जरूरतमंद मरीजों को ब्लड के लिए दूसरे स्थानों पर निर्भर रहना पड़ता है। अस्पताल में ईसीजी, एक्स-रे और प्लेटलेट्स समेत करीब 65 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध है। 283 में से 253 प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध बताई गई हैं। सांप-बिच्छू के काटने पर एंटी-वेनम तथा कुत्ते के काटने पर एंटी-रेबीज इंजेक्शन भी अस्पताल में मौजूद हैं। रविवार को अस्पताल में केवल इमरजेंसी सेवा संचालित होती है और मेडिकल स्टोर बंद रहता है। गंभीर मरीजों के परिजनों को दवाओं के लिए निजी दुकानों का रुख करना पड़ता है। इससे उन्हें कई बार महंगी दवाएं खरीदने की मजबूरी होती है। डेंगू मरीजों के लिए अलग वार्ड और मच्छरदानी की व्यवस्था है, लेकिन अस्पताल परिसर में फॉगिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं है। बायोमेडिकल कचरे का उठाव हालांकि नियमित रूप से किया जा रहा है। बच्चों के लिए अलग पेडियाट्रिक वार्ड भी नहीं है। नवजात को मां के साथ रखने की व्यवस्था है तथा जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बेड लगाने की व्यवस्था है। एक डॉक्टर के भरोसे सैकड़ों मरीजों का इलाज और तकनीकी कर्मियों के अभाव में बंद ब्लड स्टोरेज यूनिट रेफरल अस्पताल की व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वीकृत पदों पर शीघ्र नियुक्ति और जरूरी तकनीकी कर्मियों की तैनाती के बिना अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में अपेक्षित सुधार मुश्किल है।

## शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** शराबबंदी अभियान के तहत कुटुंबा थाना पुलिस ने रविवार को थाना मोड़ के समीप कार्रवाई कर 262.3 लीटर देशी शराब बरामद की। पुलिस ने सूचना के आधार पर घेराबंदी कर एक टेम्पो और बाइक की तलाशी ली, जिसमें टनाका और टंच देसी शराब बरामद हुई। मौके से दो कथित अंतरजिला तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नवीनगर प्रखंड के रघुनाथपुर गांव निवासी राहुल कुमार और रोहतास जिले के डेहरी निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त दोनों वाहनों को भी जब्त कर लिया। उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# संत जोसेफ पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस, राधा-कृष्ण की बाल लीला ने मोहा मन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** सोनवर्षा अंबा स्थित संत जोसेफ पब्लिक स्कूल में शनिवार को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास व गरिमामय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पांच शिक्षकों को सम्मानित किया।सम्मानित होने वाले शिक्षकों में रमेश पांडेय, जयप्रकाश नारायण शर्मा, वीरेंद्र कुमार केशव, हिमांशु कुमार एवं विनय कुमार शामिल हैं। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक अनूप कुमार ने कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और उच्च नैतिक मूल्यों की नींव रखते हैं। शिक्षकों का सम्मान वस्तुतः ज्ञान और संस्कृति का सम्मान है। वहीं, प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और सही दिशा तय करने में शिक्षकों की भूमिका सर्वोपरि होती है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राधा-कृष्ण की बाल लीला पर आधारित जीवंत झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें सौम्य, हैप्पी, आयुषी, निधि, रॉकी, शांभवी, सनी, आराध्या, रितिका और रागिनी के अभिनय को खूब सराहा गया।इसके साथ ही 'मैया यशोदा' और 'कान्हा छोड़ दो कलाई को' जैसे भक्ति गीतों पर विष्णु कुमार, राहत, हलीमा खातून, अनुप्रिया, मृणालिनी, श्वेता और अंजली कुमारी के समूह नृत्य ने समां बांध दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुण कुमार, दीपक कुमार, डॉ. वीणा वर्मा, दिलीप पाठक और नौशाद आलम का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत का सपना साकार करने को लेकर भाजपा की सेवा संकल्प बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा ब्लॉक स्थित डीके शर्मा स्मृति भवन में उतरी भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं की सेवा संकल्प बैठक हुई। अध्यक्षता उतरी मंडल अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना ने की। उन्होंने पार्टी की नीतियों को चर्चा करते हुए कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक भाजपा का सेवा संकल्प है।जिसमें केन्द्र व राज्य सरकार से मिलने वाली लाभ के बारे में जानकारी बूथ स्तर तक भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली पहुंचेगी और गांव में रहने वाले लोगों को बताएगी। जिसमें गीत, संगीत, भाषण प्रतियोगिता, नमो गाथा, नुक्कड नाटक के अलावा विभिन्न माध्यमों से जानकारी दिया जायेगा। बैठक में शामिल भाजपा सह पूर्व विधायक डा. रणविजय कुमार सहित सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा . श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मालार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। इसके उपरांत सेवा संकल्प नीतियों का विस्तार से चर्चा करते हुए डा. रणविजय कुमार ने कहा विकसित भारत का सपना साकार 2047 तक बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृत संकल्पित हैं। तमाम कार्यकर्ता दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ जुट जाएं। गयालाल पंडित, सुरेश आर्य , ज्योति नारायण, रंजीव रंजन, संतोष शर्मा, देवनारायण यादव, नंदन यादव, कुन्दन पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, राहुल शर्मा, पिन्टू शर्मा, रामजीत राम,कमलेश पंडित, शैलेश शर्मा, सतीश चन्द्रवंशी के अन्य कार्यकर्ताओं ने विचार व्यक्त किया।

# 1975 के रिकार्ड से काफी कम है इंद्रपुरी का वाटर डिस्चार्ज

**डॉ. उपेंद्र कश्यप**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** सोन नदी उफान पर है। इंद्रपुरी से लेकर पटना की ओर गंगा में मिलने से पहले तक कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन ने सोन किनारे बसे गांवों के लिए अलर्ट जारी किया है। इसके बावजूद कई जगह लोग बाढ़ देखने के लिए नदी के नजदीक पहुंच रहे हैं। इंद्रपुरी बराज वाटर मैनेजमेंट द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सोन नदी में 5.60 लाख क्यूसेक पानी का प्रवाह दर्ज किया गया। बराज के सभी फाटक खोल दिए गए हैं। हालांकि, यह प्रवाह इंद्रपुरी बराज से छोड़े गए अब तक के सर्वाधिक जलप्रवाह से काफी कम है। इंद्रपुरी बराज से छोड़े गए जलप्रवाह के इतिहास के अनुसार, 23 अगस्त 1975 को 14.48 लाख क्यूसेक का सर्वाधिक प्रमाणित डिस्चार्ज दर्ज किया गया था। 25 सितंबर 2011 को 9.58 लाख क्यूसेक तथा वर्ष 2016 में लगभग 11.67 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। हाल के वर्षों में वर्ष 2024 में 5.22 लाख और 2025 में 5.39 लाख क्यूसेक का अधिकतम डिस्चार्ज दर्ज हुआ। वहीं, 2 सितंबर 2026 को 5.60 लाख क्यूसेक के साथ सोन का प्रवाह इन दोनों वर्षों के अधिकतम स्तर से ऊपर पहुंच गया। हालांकि, यह 1975 के ऐतिहासिक रिकॉर्ड से अभी काफी नीचे है। सोन की बाढ़ को स्थानीय बोली में 'हुल्लड़' कहा जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सोन में उफान आने पर पानी तेज शोर, गड़गड़ाहट और तीव्र बहाव के साथ आगे बढ़ता है। इसी कारण पुराने समय से इसकी भयानक बाढ़ के लिए 'हुल्लड़' शब्द का इस्तेमाल होता रहा है। सामान्य बोलचाल में हुल्लड़ का अर्थ शोर-शराबा, उपद्रव या अफरा-तफरी होता है।

**वर्ष 2024 व 2025 से अधिक हो रहा सोन का प्रवाह**



# शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में शिक्षकों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मखरा निवासी श्रीकृष्णनगर, औरंगाबाद में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शिवकुमार शर्मा के आवास पर शैक्षिक संवाद सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति एवं शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रधानाध्यापक स्वर्गीय छोटे नारायण सिंह को माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।



कार्यक्रम में स्वच्छता दूत एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजय शर्मा ने उपस्थित सभी शिक्षकों को स्वयं रचित मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस सम्मान के लिए शिक्षकों ने उन्हें साधुवाद दिया।

# सृष्टि नवादा की कार्यसमिति भंग, संचालन के लिए नौ सदस्यीय समिति गठित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सृष्टि नवादा विहार के संस्थापक अध्यक्ष सह आजीवन सदस्य विद्यानन्द चौधरी ने संस्था की वर्तमान कार्यसमिति को भंग करने की घोषणा की है। उन्होंने संस्था के सदस्यों को भेजे पत्र में कहा है कि मार्च 2006 के बाद से अब तक न तो कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई और न ही आमसभा की कोई बैठक आहूत की गई। इसे उन्होंने संस्था के संविधान की अवहेलना बताया है। पत्र में कहा गया है कि संस्था के सुचारु संचालन और संवैधानिक व्यवस्था को बहाल करने के उद्देश्य से वर्तमान कार्यसमिति को भंग किया जाता है। साथ ही आमसभा की बैठक आहूत होने तक संस्था के संचालन की जिम्मेदारी एक नई संचालन समिति को सौंपी गई है। संस्थापक अध्यक्ष ने संस्था के सुरक्षित सभी कोष से निकासी पर भी रोक लगाने की बात कही है। नई संचालन समिति में अरुण कुमार भगत को अध्यक्ष बनाया गया है। साहित्यकार सह गीतकार और विशिष्ट सदस्य अशोक समदर्शी को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। समिति में आजीवन सदस्य रीतू सिन्हा और वीणा मिश्रा, तबला वादक रामदेव प्रसाद यादव, अजीत कुमार सिन्हा, वर्तमान नृत्य शिक्षक चंदन कुमार, वर्तमान कोषाध्यक्ष पांडेय अभिमन्यु कुमार तथा डॉ पंकज कुमार सिन्हा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। विद्यानन्द चौधरी ने अपने पत्र में कहा है कि संचालन समिति का मुख्य उद्देश्य संस्था की गतिविधियों को व्यवस्थित रखना तथा जल्द से जल्द आमसभा की बैठक आयोजित कर आगे की संवैधानिक प्रक्रिया को पूरा करना है।

# संगठन की मजबूती को लेकर पूर्व विधायक कौशल यादव ने की कौआकोल में बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** राजद नेता व पूर्व विधायक कौशल यादव ने रविवार को सरौनी गांव स्थित अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारियों के साथ साथ पार्टी व संगठन की मजबूती पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आने वाले स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनावों में राजद समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में मजबूती से काम करने और उन्हें विजयी बनाने की अपील की।बैठक में कौशल यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने गरीबों को आवाज देने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राजद हमेशा गरीब, वंचित, अतिपिछड़ा और दलित समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष करता रहा है। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग संगठन में फिर से अप्रत्यक्ष रूप से सक्रिय होकर अपने हित साधने की कोशिश कर रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने तेजस्वी यादव को कमजोर और बर्बाद करने का काम किया, वही लोग अब संगठन में फिर से आने के लिए हाथ-पैर मार रहे हैं। ऐसे लोगों से कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने की जरूरत है। पूर्व विधायक ने एनडीए सरकार पर अतिपिछड़ा एवं दलित समाज की उपेक्षा और अत्याचार बढ़ने का आरोप लगाया। उन्होंने हिसुआ की घटना पर रोष जताते हुए अतिपिछड़ा समाज के युवक की हत्या तथा उसके बाद उसके माता-पिता को कथित रूप से झूठे मुकदमे में फंसाने की घटना की भी निंदा की। मौके पर पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, उपप्रमुख नवीन यादव, पूर्व मुखिया रामचन्द्र यादव, छोटेलाल यादव, ब्रह्मदेव रविदास, बिनोद सिंह, रजनीश कुमार, विनय मंडल, रामनिवास प्रसाद, रणजीत रजक, सनोज सिंह, जवाहर यादव, गौरी शंकर यादव, सरयुग यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीएम का 25 वर्ष का सार्वजनिक जीवन समर्पण एवं राष्ट्रनिर्माण को समर्पित : नित्यानंद

## भाजपा कार्यालय में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन, 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा कार्यक्रम

**डा. मणिकांत झा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलाए जाने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर रविवार को भाजपा जिला कार्यालय, दरभंगा के सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना ने की। कार्यशाला में मुख्य रूप से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार नित्यानंद राय, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद सहित, पार्टी के विधायक, विधान पार्षद सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण, संघर्ष, सुशासन और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणादायी यात्रा है। उन्होंने कहा



कि एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में संगठन के लिए काम करने से लेकर गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने अपना प्रत्येक क्षण राष्ट्रहित और जनसेवा के लिए समर्पित किया है। श्री राय ने कार्यकर्ताओं को 'सेवा संकल्प अभियान' की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 17 सितंबर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होकर यह अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के सार्वजनिक जीवन की 25 वर्षों की यात्रा केवल राजनीतिक उपलब्धियों की यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा के संकल्प को निरंतर जमीन पर उतारने की यात्रा है। इसलिए इस अभियान को भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को जनसेवा से जोड़ते हुए व्यापक जनभागीदारी का अभियान बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अभियान के दौरान जिला से लेकर मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों से संवाद करें तथा योजनाओं के माध्यम से आम नागरिकों के जीवन में आए बदलाव की जानकारी समाज के सामने रखें। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य, रक्तदान, जनजागरूकता, सामाजिक सेवा, लाभार्थी संपर्क, युवा एवं महिला सहभागिता तथा विभिन्न जनसेवा गतिविधियों को व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। देश के विभिन्न हिस्सों में अभियान के अंतर्गत 13 प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा सामने आई है, जिनमें 'आशीर्वाद का दीया', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'कहानी बदलाव की', 'सेवा ज्योति यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियान' और 'जनसेवा महाकुंभ' जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सार्वजनिक जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, गरीबों के कल्याण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ सेवा और सामाजिक सरोकार की भावना को भी मजबूत करना है। कार्यकर्ता गांव और पंचायत स्तर तक पहुंचकर आम लोगों से संवाद करें तथा केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों से संपर्क स्थापित करें। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र 'सेवा ही संगठन' है और इसी भावना के साथ कार्यकर्ताओं को अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ काम करना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का किया आह्वान किया।

कार्यशाला मे विधायक मुरारी मोहन झा, विधान परिषद हरि सहनी, प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, प्रदेश मंत्री अजनी निषाद, जिला प्रभारी, उमेशचन्द्र कुशवाहा, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अकूर गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी, रंगनाथ ठाकुर, मीना झा, राजेंद्र चौपाल, जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, सतोष पोद्दार, विजय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राजेश रंजन, राजु तिवारी, विकास रजक, सोनी पुर्वे, संगीता साह, श्रवण चौधरी, सुनील चौधरी, राहुल पासवान, बालेन्दू झा, सचिन जैन, मीरा मेहता, बब्लू पजियार, सतोष सिंह, अमरनाथ सिंह, गुलशन चौधरी, रौशन कुवर, विनोद सिह यादव, करुनानन्द मिश्र, मुकेश महासेठ, सपना भारती, ब्रहमानन्द यादव, विरेन्द्र पासवान, राभरोस साह सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के सभागार में हर्षोल्लास के साथशिक्षक सम्मान समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्र के साथ-साथ अररिया जिला के आरक्षी अधीक्षक जितेंद्र कुमार एवं प्राचार्य के कर कमल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के पूर्व प्रचार्य डॉ. डी.के. साहू इस विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. बी.एन. झा, शिक्षाविद सुवेंदु मुखर्जी, नगर परिषद उपाध्यक्ष गौतम साह सेवानिवृत शिक्षक इन्दू झा आदि उपस्थित थे। उपस्थित अतिथिगण को शॉल, बुके एवं ट्राली बैग व स्वामी विवेकानंद के किताब देकर सम्मानित किया गया। आरक्षी अधीक्षक ने अपने उद्बोबोधन में कहा बच्चों में इस प्रकार की गतिविधि उनके उज्जवल भविष्य की ओर संकेत करता है। इस अवसर पर मंचस्थ सभी शिक्षकगण ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर किए गए कार्यों को दर्शाते हुए एक शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षक वह है जो बच्चों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक दीपक लेपच्चा के द्वारा किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर संजय प्रधान ने कहा कि शिक्षक वह दीपक है जो अज्ञानता को हर कर सही राह दिखाते हैं और जीवन को सफल बनाते हैं। शिक्षक एवं शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षकों को उन्होंने धन्यवाद एवं सुभेच्छा दिया। सभी शिक्षक, प्राचार्य एवं शिक्षिकाओं को सम्मान हेतु ट्राली बैग एवं मिठाई गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

# प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लखीसराय।** मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार सह प्रभारी मंत्री, लखीसराय जिला सुनील कुमार द्वारा लखीसराय जिले के वलीपुर, पिपरिया प्रखंड अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में आमजन को उपलब्ध कराई जा रही राहत एवं आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली एवं बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए प्रशासन को पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। मंत्री



द्वारा प्रभावित परिवारों के लिए सामुदायिक किचन का सुचारू संचालन, पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था पर्याप्त संख्या में अस्थायी शौचालय, स्वच्छ पेयजल तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान विधायक, सूर्यगढ़ा रामानंद मंडल, जिला पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रेरणा कुमार, अपर समाहर्ता नीरज कुमार, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, आपदा शशि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी प्राची कुमारी, संबंधित अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी सहित स्थानीय मुखिया एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण कार्य का डीएम ने लिया जायजा

### तीव्र गति से निर्माण कार्य का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार ने रविवार को शहर में चल रहे एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने होली क्रॉस स्कूल एवं म्यूजियम गुमटी के समीप चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के अभियंताओं से कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान



जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, कार्य की गति, स्थल पर उपलब्ध संसाधनों तथा निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर संबंधित अभियंताओं एवं संवेदक से विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने उपस्थित अभियंताओं एवं संवेदक को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य तीव्र गति से पूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जला रड्डी, कार्यपालक मजिस्ट्रेट मो0 सज्जाद, संबंधित अभियंता गण, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### झारखंड के मंत्री सुदिव्य...

भवनों और संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) आधा झुका रहेगा जहां यह नियमित रूप से फहराया जाता है। इसके साथ ही शोक की इस अवधि के दौरान राज्य भर में किसी भी प्रकार के आधिकारिक या राजकीय समारोह का आयोजन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि देने और उनके सम्मान में राज्य सरकार ने सोमवार 7 सितंबर को झारखंड के सभी सरकारी कार्यालयों को बंद रखने का निर्णय लिया है। दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का अंतिम संस्कार रविवार को ही उसरी नदी स्थित हरसिंहरायडीह श्मशान घाट पर की गयी। राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गयी। इसके पूर्व उनकी अंतिम यात्रा में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस नेता बंधु तिर्की समेत हजारों की संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता, उनके परिजन और स्थानीय निवासी शामिल हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके पार्थिव शरीर को कंधा देकर भावुक श्रद्धांजलि दी। दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की शव यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग, समर्थक, कार्यकर्ता और विभिन्न दलों के नेता पहुंचे। पूरे रास्ते लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। माहौल गमगीन रहा और लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। झारखंड के दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की अंतिम यात्रा में अंतिम यात्रा में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की और इस कठिन घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

### आप हमेशा याद आएंगे...

हमेशा याद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में जीवन की क्षणभंगुरता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज सोनू भैया को याद करते हुए मन बार-बार यही सोचता है कि जिंदगी कितनी क्षणभंगुर है। कल तक जो आवाज उनके बीच थी, आज वह सिर्फ स्मृतियों में रह गई है। हेमंत सोरेन ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है और उनकी कमी हमेशा महसूस होगी। उन्होंने कहा कि सोनू के स्नेह, संघर्ष और झारखंड के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को वह जीवनभर अपने साथ लेकर चलेंगे। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश के अंत में लिखा कि सोनू भैया उन्हें हमेशा याद आएंगे।

# गुरुजनों के सम्मान में भाव-विभोर हुआ स्कॉटिश पब्लिक स्कूल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध को समर्पित शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया में शनिवार को भव्य एवं भावपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गुरुजनों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं स्नेह व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के महान शिक्षाविद, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने पुष्प अर्पित करते हुए राष्ट्र निर्माण एवं शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. राधाकृष्णन के अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। समारोह में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने



विद्यार्थियों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं की वेशभूषा धारण कर मनमोहक रूप प्रस्तुत किया। मासूम विद्यार्थियों का यह रूप उपस्थित सभी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरुजनों को सम्मान समर्पित किया। समारोह में विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य, समर्पण, अनुशासन एवं विद्यालय के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। शिक्षकों का सम्मान समारोह का विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम के दौरान एक भावुक एवं यादगार क्षण तब आया, जब विद्यालय के समस्त शिक्षकों की ओर से निदेशक अनूप कुमार के लिए एक विशेष वीडियो संदेश प्रस्तुत किया गया। वीडियो के माध्यम से शिक्षकों ने अररिया में शिक्षा के क्षेत्र में उनके निरंतर प्रयासों, दूरदर्शी सोच, मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अनूप कुमार ने कहा, स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया ने आज शिक्षा के क्षेत्र में जो स्थान हासिल किया है, उसमें हमारे शिक्षकों की मेहनत, निष्ठा और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालय की हर उपलब्धि में हमारे शिक्षकों का योगदान निहित है। उनका विश्वास, सहयोग और निरंतर प्रयास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने का कार्य नहीं करते, बल्कि वे विद्यार्थियों के चरित्र, व्यक्तित्व और भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन सदैव अपने शिक्षकों के सम्मान, विकास एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी शिक्षक एवं प्रबंधन मिलकर निरंतर प्रयास करते रहेंगे। शिक्षक दिवस का यह समारोह गुरुजनों के प्रति सम्मान, विद्यार्थियों की उपलब्धियों के उत्सव तथा विद्यालय परिवार की एकजुटता का जीवंत उदाहरण बना। समारोह का समापन शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों तक ले जाने के संकल्प के साथ हुआ।

# सड़क व नाली की स्थिति बदहाल रहने से परेशानी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसपुरा प्रखंड के छक्कन बिगहा स्थित वार्ड सं- पांच में करीब 90 घर है। गांव की सड़क एवं नाली की स्थिति इन दिनों अत्यंत बदहाल हो गई है। नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है। जिससे सड़क पर पैदल चलने में ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। एक समय यह पक्की सड़क थी परंतु नाली नहीं होने और सड़क पर मिट्टी जमा होने से कीचड़ में तब्दील हो गया है। पहली नजर में यह पहचान पाना मुश्किल हो जाता है कि सड़क पर कीचड़ है या कीचड़ में सड़क। देखने में सड़क की स्थिति खेत जैसी लगती है। नागरिक रामकेश्वर सिंह, यदुनंदन सिंह सहित ने बताया कि सड़क ग्रामीण गली से बदतर हो चुकी है।

# बाढ़ पीड़ितों को 16,800 पॉलीथिन शीट के आश्वासन पर भूख हड़ताल समाप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** बाढ़ राहत की मांग को लेकर प्रखंड मुख्यालय पर मुखिया संघ की ओर से चल रही भूख हड़ताल रविवार शाम प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हो गई। भोजपुर एडीएम शशि शेखर ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए 16,800 पॉलीथिन शीट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद सीओ अंशु प्रसून ने मुखिया संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार सिंह को लस्सी पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त कराई। इस दौरान पॉलीथिन शीट उपलब्ध कराने की मांग को लेकर बाढ़ पीड़ितों ने मौके पर हो-हल्ला भी किया। स्थिति को देखते



हुए बड़हरा थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद ग्रामीणों को अपने-अपने घर भेज दिया गया। मुखिया संघ की ओर से बाढ़ प्रभावित लोगों को पर्याप्त राहत सामग्री उपलब्ध कराने और पात्र लोगों के नाम राहत सूची में जोड़ने की मांग की जा रही थी। संघ का कहना था कि बाढ़ की गंभीर स्थिति के बावजूद पीड़ित परिवारों को अपेक्षित राहत नहीं मिल रही है। मांगों को लेकर संघ ने पहले धरना दिया और बाद में भूख हड़ताल शुरू कर दी थी। रविवार को प्रशासनिक अधिकारियों और मुखिया संघ के बीच हुई वार्ता में एडीएम ने मांगों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। 16,800 पॉलीथिन शीट उपलब्ध कराने तथा पात्र बाढ़ पीड़ितों के नाम राहत सूची में जोड़ने के आश्वासन के बाद संघ ने आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। भूख हड़ताल समाप्त करने के बाद मुखिया संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रशासन ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। यदि आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई नहीं हुई या बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने में किसी प्रकार की परेशानी हुई, तो संघ दोबारा आंदोलन और हड़ताल करने को बाध्य होगा।

# सिन्हा चौक पर बाढ़ पीड़ितों के बीच प्लास्टिक का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड के सिन्हा चौक पर रविवार को बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री के तहत प्लास्टिक शीट का वितरण किया गया।

**एडीएम समेत पुलिस-प्रशासन की टीम रही मौजूद**

राहत वितरण कार्यक्रम के दौरान एडीएम, कृष्णगढ़ थानाध्यक्ष, सिन्हा ओपी अध्यक्ष समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने बारी-बारी से बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच प्लास्टिक का वितरण किया गया एवं अधिकारियों ने राहत सामग्री वितरण

### मदद का दिया गया आश्वासन

के साथ-साथ बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। लोगों ने बताया कि बाढ़ के कारण उनके घरों में पानी घुस गया है और उन्हें काफी परेशानी हो रही है। इस मौके पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासन की टीम बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता पहुंचाने में जुटी हुई है।

# कोसडीहरा गांव के तालाब को जीर्णोद्धार की जरूरत

**नवबहिर टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के कोसडीहरा गांव के समीप एक प्राचीन तालाब है जिसके किनारे सूर्य मंदिर का निर्माण किया गया है। पंचायत के मुखिया द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट का निर्माण कराया गया है। साथ ही जल संरक्षण का प्रयास जारी है परंतु तालाब की गहराई कम होने के कारण गर्मियों में पानी सूख जाता है। बारिश के मौसम में पानी तो रहता है परंतु सफाई की कमी के कारण तालाब में कई प्रकार के पौधे उग आए हैं। ग्रामीण विवेक सिंह ने बताया कि तालाब का जीणोद्धार करने की जरूरत है। अगर तालाब की गहराई हो जाती है तो जल संचय में काफी हद तक सहूलयित होगी। वहीं तालाब की उचित देखरेख नहीं होने के कारण पशु-पक्षियों को भी पानी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों का मानना है कि जबतक तालाब की उड़ाही नहीं होगी तबतक उसकी गहराई नहीं बढ़ेगी। बता दें वर्ष 2020 में तालाब की उड़ाही और सुंदरीकरण का कार्य किया गया था परंतु यह पर्याप्त नहीं था। ग्रामीणों ने अधिकारियों से तालाब के जीर्णोद्धार करने की मांग की है।

# उमगा पहाड़ पर अब तक नहीं लगा रोपवे, वर्षों से घोषणाओं और आश्वासनों के बीच अटका विकास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक उमगा पहाड़ पर रोपवे लगाने की योजना वर्षों से चर्चा में है, लेकिन अब तक धरातल पर रोपवे का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक महत्व वाले इस स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की लगातार बातें होती रही हैं, बावजूद इसके रोपवे की सुविधा आज भी यहां आने वाले श्रद्धालुओं और



पर्यटकों के लिए सपना बनी हुई है। उमगा पहाड़ पर रोपवे की योजना कोई नई घोषणा नहीं है। वर्ष 2016 में यहां रोपवे लगाने की योजना सामने आई थी। उस समय सीता थापा से उमगा मंदिर तक रोपवे निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार किए जाने की बात कही गई थी। बाद के वर्षों में भी इस परियोजना को लेकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक स्तर पर मांग उठती रही, लेकिन निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। फरवरी 2026 में आयोजित उमंगेश्वरी महोत्सव के दौरान भी उमगा पहाड़ पर रोपवे लगाने की बात प्रमुखता से उठी। प्रभारी मंत्री ने रोपवे निर्माण के प्रयास की बात कही, जबकि जनप्रतिनिधियों ने भी इसे पर्यटन विकास के लिए जरूरी बताया। रोपवे निर्माण के लिए नई कमेटी बनाए जाने की बात भी सामने आई। लेकिन सवाल यह है कि वर्षों से चली आ रही कवायद आखिर कब जमीन पर उतरेगी। स्थानीय लोगों के बीच यह सवाल लगातार उठ रहा है कि जब राज्य के दूसरे पर्यटन स्थलों पर रोपवे की सुविधा विकसित की जा सकती है, तो उमगा पहाड़ की परियोजना अब तक क्यों लंबित है। उमगा पहाड़ धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां सूर्य मंदिर, उमंगेश्वरी मंदिर, गौरी-शंकर मंदिर सहित कई प्राचीन धार्मिक स्थल मौजूद हैं। पहाड़ पर मंदिरों की श्रृंखला और प्राकृतिक सुंदरता इसे पर्यटन की दृष्टि से खास बनाती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि रोपवे का निर्माण हो जाए तो बुजुर्ग श्रद्धालुओं, महिलाओं और दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों को पहाड़ तक पहुंचने में सुविधा मिल सकती है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार और छोटे कारोबार के अवसर भी बढ़ सकते हैं। उमगा पहाड़ को विकसित करने की मांग केवल रोपवे तक सीमित नहीं है। सड़क, पेयजल, पार्किंग, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और अन्य पर्यटक सुविधाओं को बेहतर बनाने की जरूरत भी लंबे समय से महसूस की जा रही है।

# जिले में गंगा खतरे के निशान से 1.75 मीटर ऊपर

## 3.80 लाख की आबादी प्रभावित, डीएम ने दी राहत कार्यों की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने जिले में बाढ़ की वर्तमान स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने तटबंधों की निगरानी, नाव परिचालन, सामुदायिक रसोई, स्वास्थ्य सेवाओं और पशुधन सुरक्षा की विस्तृत जानकारी दी। डीएम ने बताया कि जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दोपहर 12 बजे तक गंगा नदी का जलस्तर 43.51 मीटर दर्ज किया गया, जबकि खतरे का निशान 41.76 मीटर और उच्चतम बाढ़ स्तर 43.52 मीटर है। प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है और सभी पदाधिकारी क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से संवाद कर समस्याएं सुनी जा रही हैं। वर्तमान में 8 प्रखंडों की 39 पंचायतें (37 ग्राम पंचायत + 2 नगर क्षेत्र) बाढ़ से प्रभावित हैं।



कुल 189 गांवों के 95,245 परिवारों की लगभग 3 लाख 80 हजार 900 की आबादी बाढ़ की चपेट में है। आवागमन और राहत के लिए जिले में उपलब्ध 260 नावों में से 223 नावें चलाई जा रही हैं जिसमें 13 सरकारी और 210 निजी नावें शामिल हैं। जरूरत पर और नावों की व्यवस्था होगी। सुरक्षा मानकों का पालन और ओवरलोडिंग नहीं करने का सख्त निर्देश दिया गया है। सरकारी नावों पर निःशुल्क सेवा का बैनर लगाया गया है। बछवाड़ा, तेघड़ा, मटिहानी और शाम्हो में एसडीआरएफ तथा बलिया में एनडीआरएफ की टीम तैनात की गई है। बाढ़ पीड़ितों के लिए 85 सामुदायिक रसोई केंद्र चल रहे हैं, जहां अब तक 28,653 लोगों को भोजन कराया गया है। डीएम ने सभी एसडीओ और सीओ को निर्देश दिया है कि जहां घरों में पानी घुस गया है, वहां तत्काल रसोई शुरू करें। रसोई में साफ-सफाई, कुर्सी-दरी, हाथ धोने और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। डीएम स्वयं रसोई केंद्रों का निरीक्षण करेंगे और भोजन की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा। शिकायत पर कार्रवाई होगी। जो वृद्ध रसोई तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, उन्हें सूखा राशन दिया जाएगा।तटबंधों पर रह रहे परिवारों के लिए 41,880 पॉलिथीन शीट स्टॉक में है, अब तक 1,290 का वितरण हो चुका है। स्वास्थ्य सेवा के लिए 36 मेडिकल कैंप चल रहे हैं, 5,164 मरीजों का इलाज कर दवाएं दी गई हैं। दियारा क्षेत्र में बोट एम्बुलेंस और बोट मेडिकल कैंप से सेवा दी जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 'चिकित्सा आपके द्वार' कार्यक्रम युद्धस्तर पर चलाने, ब्लीचिंग, चूना छिड़काव और फॉगिंग के निर्देश दिए गए हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए आईसीडीएस और स्वास्थ्य विभाग को समन्वय से काम करने को कहा गया है। पशुधन के लिए 8 पशु चिकित्सा कैंप चल रहे हैं, 840 पशुओं का उपचार/टीकाकरण और 345 क्विंटल चारा वितरित किया गया है। कृषि विभाग के अनुसार 27,034 हेक्टेयर कृषि रकबा प्रभावित है। पानी उतरने के बाद सर्वे कर फसल क्षति का आकलन कर राहत दी जाएगी। डीएम ने कहा सभी तटबंध सुरक्षित हैं और जल संसाधन विभाग 24 घंटे निगरानी और गश्ती कर रहा है। छोटी से छोटी सूचना पर भी कार्रवाई हो रही है। डीएम ने कहा प्रशासन का लक्ष्य हर परिवार तक राहत पहुंचाना है। जनहानि होने पर अनुग्रह अनुदान तुरंत दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से धैर्य बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने, गहरे पानी में न जाने और आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन या जिला आपदा नियंत्रण कक्ष को सूचित करने की अपील की।

### बलिया में बाढ़ से हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बलिया। दियारा में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। रविवार सुबह भी जलस्तर में वृद्धि से गांवों में लोगों की परेशानी बढ़ गई है।स्थिति का जायजा लेने सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह रविवार को बलिया पहुंचे। उनका सनहा-गोरगामा बांध स्थित चेचियाही ढाला पर बाढ़ पीड़ितों से मिलने का कार्यक्रम था, लेकिन डेढ़ घंटे की मूसलाधार बारिश के कारण वे वहां नहीं पहुंच सके।बाद में उन्होंने अनुमंडल कार्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर बलिया में बाढ़ की स्थिति, राहत-बचाव कार्य और सुविधाओं की जानकारी ली। मंत्री ने रविवार से ही दियारा के बाढ़ प्रभावित गांवों में सामुदायिक रसोई शुरू करने का निर्देश दिया। कहा कि पीड़ितों को भोजन, स्वास्थ्य सुविधा, पशुचारा और जरूरी सामान समय पर मिले, लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रशासन लगातार निगरानी करे। बैठक में एसडीओ अजय यादव, डीएसपी सुबोध कुमार, बीडीओ संतोष कुमार, बीईओ सुरेंद्र कुमार पांडेय, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी विपिन कुमार, बीएओ अंशु प्रिया और नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी मौजूद थीं।

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर दो दिवसीय कार्यशाला

### 6 से 8 वर्ग के बच्चों को होगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के सरकारी विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को गणित और विज्ञान विषय अब रटने की बजाय करके सीखने की पद्धति से पढ़ाया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा, बेगूसराय द्वारा आदेश जारी किया गया है। यह कार्यशाला कैस्केड मॉडल पर आधारित होगी। जानकारी के अनुसार कार्यशाला का आयोजन समग्र शिक्षा कार्यालय के सभागार में किया जाएगा। कार्यशाला का समय पूर्वाह्न 11 बजे से निर्धारित किया गया है। पहले दिन 8 सितंबर 2026 (सोमवार) को वीरपुर, डंडारी, गढ़पुरा, खोदावंदपुर, मंसूरचक, मटिहानी, नावकोठी, साहेबपुर कमाल, शाम्हो और तेघड़ा प्रखंड के कुल 55 प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, जिला तकनीकी दल और प्रखंड तकनीकी दल के सदस्य शामिल होंगे। वहीं दूसरे दिन 9 सितंबर 2026 (मंगलवार) को बछवाड़ा, बखरी, बलिया, बरौनी, बेगूसराय, भगवानपुर, चेरिया बरियारपुर और छौड़ाही प्रखंड के 55 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। डीपीओ ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य गणित और विज्ञान की कक्षाओं को अधिक रोचक, गतिविधि आधारित और प्रभावी बनाना है, ताकि बच्चे अवधारणाओं को आसानी से समझ सकें। उन्होंने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों और तकनीकी दल के सदस्यों को निर्देश दिया है कि वे ससमय कार्यशाला-सह-समीक्षा बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही संबंधित कार्यालय को स्टेशनरी, अल्पाहार, पेयजल और चाय की समुचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया है।

# मैराथन दौड़ में साहेबपुर कमाल के धावकों का दबदबा

## 275 धावकों ने लिया हिस्सा, कन्हैया कुमार ने हासिल किया प्रथम स्थान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** श्रीकृष्ण पूजा समिति के तत्वावधान में रविवार को मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 275 धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ का शुभारंभ महेशवाड़ा पंचायत स्थित पीएम श्री बौधू सिंह प्लस टू विद्यालय, पहसारा-बभनगामा के परिसर से हुआ। करीब 5.5 किलोमीटर की दूरी तय कर धावक एपीएस प्लस टू विद्यालय नावकोठी के खेल मैदान पहुंचे। प्रतियोगिता में साहेबपुर कमाल प्रखंड के धावकों का दबदबा रहा। प्रथम दस स्थानों में इस प्रखंड के चार धावकों ने जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। साहेबपुर कमाल के कन्हैया कुमार ने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं 15 हजार रुपये की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। बछवाड़ा प्रखंड के चमथा विशनपुर निवासी संजीत कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें 11 हजार रुपये, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं साहेबपुर कमाल के गुलशन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। उन्हें 7100 रुपये नगद, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बिंदटोली के मंजेश कुमार चतुर्थ, साहेबपुर कमाल के चंदन कुमार पंचम, उलाव के जितेंद्र कुमार षष्ठम, इसी गांव के लव कुमार मल्लिक सप्तम, साहेबपुर कमाल के राहुल कुमार अष्टम, सलौना-बखरी के सिंटू कुमार नवम तथा पहसारा के लाल बादल कुमार दशम स्थान पर रहे। सभी दस स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं 1100 रुपये नगद राशि देकर हौसला बढ़ाया गया। पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित करते हुए डीडी न्यूज के रिपोर्टर राजेश राज ने कहा कि खेल व्यक्ति को अनुशासन और संघर्ष की सीख देता है। खेल के माध्यम से अनेक खिलाड़ी केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में सेवा दे रहे हैं। उन्होंने 'खेलोगे-कूदोगे तो होगे खराब' की पुरानी धारणा को मिथक बताते हुए युवाओं से खेल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। साथ ही सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के आयोजन में पैनेशिया हॉस्पिटल बेगूसराय, द सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक बेगूसराय, जीडी हॉस्पिटल महेशवाड़ा तथा स्थानीय ग्रामीणों का आर्थिक सहयोग रहा।मौके पर कोच दिवाकर कुमार भारती, प्रखंड प्रमुख अनिता देवी, मुखिया निभा देवी, पैक्स अध्यक्ष सुनीत कुमार, सरपंच प्रतिनिधि रामाशीष सिंह गुरुजी, शिवम वत्स, अमित कुमार फूचो, घनश्याम सिंह, मेला समिति अध्यक्ष वचन देव कुमार, उपाध्यक्ष लक्ष्मी सहनी, गोलू, मोहन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों और मेधावी बच्चों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर जिला माध्यमिक शिक्षक संघ ने दिनकर भवन में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया।सर्वप्रथम संघ भवन में जिलाध्यक्ष उमानंद चौधरी ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर जिला सचिव रणजीत कुमार, डॉ. सुदर्शन कुमार, सुधीर सिंह, सर्वेश कुमार, पुरुषोत्तम कुमार मौजूद थे। बाद में डॉ. राधाकृष्णन, राष्ट्रकवि दिनकर, स्व. जगदीश शर्मा और स्व. गंगोत्री सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ और उच्च विद्यालय नयागांव बलहपुर के शिक्षक रूपेश कुमार की टीम ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि विधान पार्षद सह शिक्षा समिति संयोजक डॉ. संजीव कुमार




सिंह ने कहा शिक्षक वंदनीय हैं, मैं सदन से सड़क तक आपकी समस्याओं के प्रति सजग हूं। विशिष्ट अतिथि डीईओ मनोज कुमार ने कहा मुझे भी शिक्षक ने ही इस लायक बनाया है। मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद राय ने कहा यह दिन देश के समस्त शिक्षा जगत के सम्मान का दिन है। उन्होंने संघ की 1925 से स्थापना, संघर्षों और नियोजनवाद समाप्ति की चर्चा करते हुए कहा सरकार ने सरकारी कर्मी का दर्जा तो दिया पर वेतनमान, प्रोन्नति और सेवा शर्त नहीं। विशिष्ट शिक्षकों को पे लेवल 7-8 और उत्क्रमित माध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक को 9-12 का वेतनमान मिले तभी 8वें वेतन आयोग का लाभ मिलेगा। जिला सचिव रणजीत कुमार ने संचालन करते हुए कहा हम चट्टानी एकता बनाए रखेंगे और बताया कि 30 सेवानिवृत्त शिक्षकों और 5 मेधावी संतानों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में चंद्र किशोर कुमार, अर्चना कुमारी, सुशील कुमार चौधरी, डीपीओ स्थापना अमृत कुमार, आकाश कुमार, कुमार अनुभव, सुनील कुमार राय, जमुई के अशोक कुमार राय सहित मो. सलीमुद्दीन, सुधीर सिंह, नीरज कुमार, अरुण कुमार हरि, अरविंद कुमार, शमीम अख्तर, मनोज कुमार, अविनाश शांतनु, खुर्शीद आलम, विजय कुमार, धीरज कुमार, डॉ. शिवनाथ प्रसाद, रवि कुमार, संतोष दास, अरुण कुमार, अमित कुमार, शंभू कुमार, मंतोष कुमार राय, प्रशांत कुमार सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे। आभार संयोजक रामपुकार पासवान ने किया।

# महिला से मारपीट व घर में तोड़फोड़, पांच नामजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र की पहसारा पंचायत के वार्ड संख्या-13 में बुजुर्ग महिला से मारपीट, घर में तोड़फोड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मधुवाला देवी ने गांव के ही पांच लोगों के विरुद्ध नावकोठी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में मधुवाला देवी ने बताया कि वह अपने घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान रमेश सहनी, पवन सहनी, रूपेश सहनी, अभिषेक कुमार और पप्पू सहनी कथित रूप से लाठी-डंडा, बांस, भाला और पिस्तौल लेकर उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मापरपीट की गई। पीड़िता के अनुसार, शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पुत्र बिंदु कुमार के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि रमेश सहनी द्वारा डंडे से किए गए प्रहार से उनके बाएं गर्दन और हाथ में चोट लगी, जबकि पवन सहनी ने पिस्तौल के बट से हमला किया, जिससे उनकी नाक से खून निकलने लगा और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। महिला ने आरोप लगाया कि इसके बाद आरोपितों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की। वहीं, अभिषेक कुमार पर घर से एक बैग लेकर जाने और मुकदमा करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि महिला के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# जय कन्हैया लाल से गूंजा प्रखंड मुख्यालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मेला का भव्य शुभारंभ बीती शाम विधिवत रूप से किया गया। स्थानीय उपप्रमुख पंकज कुमार यादव, अंचलाधिकारी रानू कुमार और थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। फीता कटते ही उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के गगनभेदी जयकारे लगाए, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उपप्रमुख पंकज कुमार यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण महाभारत के नायक थे। उन्होंने कहा, जब-जब धरती पर अत्याचार, अनाचार,



भ्रष्टाचार और व्यभिचार अपनी सीमा पार करता है, तब-तब भगवान स्वयं अवतरित होकर पापियों का समूल नाश कर धरती पर पुनः धर्म की स्थापना करते हैं। श्रीकृष्ण का जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन पूजा समिति के अध्यक्ष आदित्य कंत शर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता शिवकुमार चौधरी, सचिव बलवीर कुमार, कोषाध्यक्ष संजय कुमार राय, समिति के सक्रिय सदस्य संजीव कुमार उर्फ टिंकू सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे। इससे पूर्व शुक्रवार की मध्यरात्रि में जन्मोत्सव पूजन के बाद जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का पट खुला, मंदिर परिसर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान के बाल स्वरूप के मनोहारी दर्शन के लिए भक्तों का तांता लग गया, जो शनिवार और रविवार दिन भर जारी रहा। शाम होते ही बल्बों और रंग-बिरंगी रोशनियों से पूरा बाजार जगमगा रहा है। वहीं बच्चों और युवाओं के लिए टावर झूला, ड्रैगन झूला, ब्रेक डांस, नाव, रेलगाड़ी और डोर-डोर जैसे आधुनिक झूले आकर्षण का मुख्य केंद्र बने हुए हैं। इसके साथ ही शनिवार की रात से मेला मंच पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन शुरू हो गया है, जो देर रात तक चलता है।मेले को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए अंचलाधिकारी रानू कुमार, थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात है। तो थानाध्यक्ष ने कहा, मेला शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, यही हमारा प्रयास है।मेले की सफलता के लिए अध्यक्ष आदित्य कंत शर्मा, सचिव बलवीर कुमार, कोषाध्यक्ष संजय कुमार राय, उपसचिव अमरजीत कुमार महतो, मुकेश कुमार और संजीव कुमार उर्फ टिंकू पूरी टीम के साथ तन-मन से दिन-रात जुटे हुए हैं।

# शिक्षकों तथा आंगनबाड़ी सेविकाओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नावकोठी में शुक्रवार को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करने के साथ हुई। इस अवसर पर क्षेत्र के सेवानिवृत्त एवं कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा आंगनबाड़ी सेविकाओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज के उत्कृष्ट वर्ग में शामिल हैं। समारोह में एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नावकोठी के प्रधानाध्यापक गणेश झा, मध्य विद्यालय नावकोठी के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, अक्षयवट संस्कृत माध्यमिक विद्यालय नावकोठी के प्रधानाध्यापक बागीशचंद्र पाठक सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं को अंगवस्त्र, चादर, डायरी, कलम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सेवानिवृत्त शिक्षक रामस्वरूप साहु ने कहा कि शिक्षक समाज की वह धुरी हैं, जो भय को आत्मविश्वास और सपनों को हकीकत में बदलने का कार्य करते हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्व के प्रति गौरव और निष्ठा बनाए रखने का आह्वान किया। पूर्व शिक्षा अधिकारी फणीश चंद्र पाठक ने कहा कि शिक्षक समाज में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत करते हैं।

# आनंद मिश्रा दुबारा बने वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** भाजपा ने संगठन विस्तार के तहत आनंद मिश्रा पराशर को चौथी बार प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। उन्हें भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ, बिहार का प्रदेश प्रवक्ता पुनः बनाया गया है। साथ ही जमुई जिले का कार्यक्रम प्रभारी भी मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के निर्देश पर वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रो डॉ जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने यह नियुक्ति की है। आनंद मिश्रा पूर्व में डॉ संजय जायसवाल, सम्राट चौधरी और दिलीप




जायसवाल के अध्यक्षीय कार्यकाल में भी प्रदेश स्तरीय दायित्व निभा चुके हैं। प्रदेश प्रवक्ता के रूप में वे पार्टी की विचारधारा, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और व्यापारी वर्ग की समस्याओं को संगठन तक लाने का काम करेंगे। जमुई प्रभारी के रूप में वे अभियानों व कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे। नियुक्ति पर सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, मंत्री राम कृपाल यादव, विधायक सुरेंद्र मेहता, रजनीश कुमार, कुंदन कुमार, एमएलसी सर्वेश कुमार, जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा सहित कई नेताओं ने बधाई दी। आनंद मिश्रा पराशर ने कहा कि यह पद नहीं, सेवा का अवसर है और नेतृत्व के विश्वास पर पूरी निष्ठा से खरा उतरूंगा।

# नबीनगर में सवर्ण समाज का आक्रोश मार्च

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों और आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर रविवार को नवीनगर में सवर्ण समाज संगठन के बैनर तले आक्रोश मार्च निकाला गया। अनुग्रह नारायण स्टेडियम परिसर से शुरू हुए इस मार्च में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए और शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में समान अवसर और पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई। आक्रोश मार्च अनुग्रह नारायण स्टेडियम परिसर से निकलकर बस स्टैंड, न्यू एरिया, मंगल बाजार, शनिचर बाजार, जनकपुर पोखरा, टंडवा रोड और थाना रोड होते हुए बसन बिगहा मोड़ तक पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने लोगों से अपनी मांगों के समर्थन में आगे आने की अपील की। सवर्ण समाज संगठन के सदस्यों ने यूजीसी से जुड़े प्रावधानों में पारदर्शिता लाने और आरक्षण नीति में सुधार की मांग की। संगठन की ओर से शिक्षा और सरकारी नौकरियों में योग्यता एवं समान अवसर को पर्याप्त महत्व देने की बात कही गई।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे जिलाधिकारी

## सामुदायिक रसोई, मेडिकल कैंप एवं पशुचारा वितरण का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा द्वारा एसडीआरएफ की नाव से शाहपुर प्रखंड के लच्छू टोला स्थित श्याम बाबा का डेरा का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां संचालित सामुदायिक रसोई केंद्र का निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी ने सामुदायिक रसोई केंद्र में उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जानकारी ली तथा स्वयं भोजन कर खाने की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही उन्होंने सामुदायिक रसोई में भोजन कर रहे बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी




ली। जिला पदाधिकारी ने क्षेत्र में संचालित मेडिकल कैंप का भी निरीक्षण किया तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं एवं चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने प्रभावित लोगों को आवश्यकतानुसार समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा, पशुओं के लिए लगाए गए कैंप एवं पशुचारा वितरण की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से पशुचारा की उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी ली तथा बाढ़ प्रभावित पशुपालकों को आवश्यकतानुसार पशुचारा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत, भोजन, स्वास्थ्य, पशुचारा एवं आवागमन से संबंधित व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि प्रभावित लोगों एवं उनके पशुधन को आवश्यक सहायता समय पर उपलब्ध कराई जा सके।

# 113वां कृष्ण जन्मोत्सव संगीत समारोह की तीसरी निशा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** शहर की शास्त्रीय संगीत परंपरा राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध बक्शी कुलदीप नारायण सिन्हा के आयोजनों में भारत रत्न एवं पद्मविभूषण से सम्मानित कलाकारों ने अपनी प्रदर्शन से आरा की संगीत परंपरा को समृद्ध बनाया है। आरा की संगीत परंपरा राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध रही है। उक्त बातें चर्चित कवियित्री डॉ. किरण कुमारी ने कही। अवसर था महाजन टोली स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में आयोजित 113वां कृष्ण



जन्मोत्सव संगीत समारोह की तीसरी निशा का। बक्शी कुलदीप नारायण मेमोरियल द्वारा आयोजित समारोह का उद्घाटन कवियित्री डॉ. किरण कुमारी ने किया। कार्यक्रम में युवा गायक रोहित कुमार के द्वारा प्रस्तुत राग यमन में गणेश वंदना, राग पहाड़ी में ठुमरी सैया बिना घर सुना, 'बातों बातों में बीत गई रात सजन तुम रूठ गए बोलो न' के स्वरों के संगम में दर्शकों ने खूब गोते लगाएं। वही खुशी कुमारी गुप्ता व हर्षिता विक्रम ने कत्थक की पारंपरिक प्रस्तुति व भाव अभिनय से समां बांधा। नावोदित कलाकारों में सिद्धि नारायणी, श्रेया गुप्ता व पूजा कुमारी ने अंग भाव भंगिमा व विन्यास से खूब वाहवाही लूटी। संचालन आदित्या श्रीवास्तव व धन्यवाद ज्ञापन गुरु बक्शी विकास ने किया। अवसर पर शास्त्रीय गायिका विदुषी बिमला देवी, कवि जनमजय ओझा समेत साहित्य एवं संगीत जगत के कई गणमान्य उपस्थित थें।

### सिंदुआरा गांव के तालाब का नहीं हो सका कायाकल्प

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर प्रखंड के सिंदुआरा गांव स्थित सैंकड़ों वर्ष पुराना तालाब सरकारी उपेक्षा के कारण अपना पहचान खो रहा है। बता दें कि यह तालाब लगभग एक किमी के दायरा में है। बता दें कि पूर्व में इसमें बांध बांधकर छोटी वितरणी बनाने का प्रारुप तैयार किए थे जिससे सैंकड़ों बीघे की जमीन की सिचाई होता है परंतु उसके बाद से कुछ नहीं हुआ।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच चूड़ा-गुड़ और बिस्किट वितरीत

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के मझौंवा स्थित पासवान टोली में रविवार को शांति स्मृति शैक्षणिक न्यास के तत्वाधान में बाढ़ से प्रभावित लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर संभावना आवासीय उच्च विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह, गोविंदा सिंह एवं आलोक अतुल्य ने 150 बाढ़ पीड़ितों के बीच चूड़ा, गुड़ और बिस्कुट का वितरण किया गया। राहत सामग्री वितरण करने वालों में प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह, आलोक अतुल्य के अलावे गोविंद कुमार, विष्णु शंकर, हरेराम सिंह, जोगिंदर, बिजेंदर, ऋषिकेश सिंह एवं संभावना स्कूल के शिक्षक और कर्मचारी शामिल थे।

# नशे में ग्रामीणों से उलझना दारोगा को पड़ा महंगा, निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रफीगंज थाना में पदस्थापित एक एएसआई मुक्तिदेव निराला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि एएसआई ने देर रात नशे की हालत में ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज और नोक-झोंक की, जिसका ग्रामीणों ने वीडियो बना लिया और वरीय पुलिस पदाधिकारियों से एसआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि दारोगा नशे में थे और लोगों से बेमतलब उलझ रहे थे। विरोध बढ़ता देख जब वह निकलने लगे तो ग्रामीणों ने उन्हें रोककर हंगामा शुरू कर दिया। बाद में आरोपित दारोगा फरार हो गए। इधर वीडियो का अवलोकन और शुरुआती जांच में एएसआई मुक्तिदेव निराला का आचरण अत्यंत संदिग्ध, पुलिस की छवि को धूमिल करने वाला और घोर लापरवाही का परिचायक पाया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी के प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आरोप की पुष्टि किए जाने पर एएसआई मुक्तिदेव निराला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि के दौरान उनका मुख्यालय पुलिस केन्द्र औरंगाबाद तय किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि विभागीय अनुशासन के विरुद्ध किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## विभिन्न मामलों में 30 आरोपित गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा शनिवार की रात सघन अभियान चलाया गया। इस क्रम में विभिन्न थाना क्षेत्रों से 59 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 30 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार दहेज हत्या में एक, एसटी-एससी एक्ट में दो, हत्या के प्रयास में चार, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 17 तथा अन्य मामलों में 35 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं 976.660 लीटर देसी शराब, 363.685 लीटर विदेशी शराब, दो स्कॉर्पियो, एक ऑटो, एक स्कूटी, दो बाइक एवं एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1072 वाहनों से 63500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा छह वारंटों का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय के साथ कार्रवाई की जा सके।

# ट्रेवलर से भारी मात्रा में शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप दाउदनगर थाना की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस कार्रवाई में अंतर्राज्यीय तस्कर के साथ जिले के दो लाइनर को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास ट्रेवलर से भारी मात्रा में देसी-विदेशी शराब, एक स्कार्पियो एवं एक बाइक जब्त किया गया है। पकड़े गए तस्करों की पहचान थाना क्षेत्र के केरा गांव निवासी पप्पू कुमार चौधरी (43), गोह थाना क्षेत्र के देवहरा गांव निवासी अभिषेक निषाद (32) एवं राजस्थान के उदयपुर जिला अंतर्गत खेरोदा थाना क्षेत्र के मौरी गांव निवासी राजेन्द्र सिंह के रूप में की गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के आदेशानुसार दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रभूषण के नेतृत्व में की गयी। विशेष छापेमारी अभियान के क्रम में शनिवार की रात गुप्त सूचना, आसूचना संकलन एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर 345.06 लीटर विदेशी शराब एवं 48 लीटर देसी शराब तथा एक ट्रेवलर मिनी बस, एक स्कार्पियो एवं एक स्प्लेंडर प्लस बाइक को जब्त किया गया है। इसके अलावा इनके पास से चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष विकास कुमार, एसआई विक्की कुमार सक्सेना, एसआई सुदीश कुमार, एसआई परमानंद कुमार, एसआई प्रदीप कुमार-2, एसआई अभिषेक कुमार, एसआई पवन कुमार, सिपाही अरविन्द कुमार एवं प्रियंका कुमारी आदि शामिल रहे।

## जमीन विवाद में परिवार की सुरक्षा को लेकर डॉ. संजय रघुवर ने जताई चिंता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मगधांचल समग्र विकास समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता डॉ. संजय रघुवर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपने एवं परिवार के सदस्यों की जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने जमीन विवाद में कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। डॉ. रघुवर के अनुसार उनके चचेरे मामा कृष्ण वल्लभ सहाय उर्फ गोपाल प्रसाद ने बचपन में उनकी नानी के नाम पर दूसरी महिला को खड़ा कर मकान और जमीन अपने नाम लिखवा ली थी। उन्होंने बताया कि जमीन से संबंधित मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-8 के न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी बीच दाउदनगर न्यायालय में मुंशीगिरी का काम करने वाले सुमंत ने विवादित जमीन को विशेष समुदाय के कुछ लोगों द्वारा खरीदे जाने की बात कही। डॉ. रघुवर ने कहा कि न्यायालय में विचाराधीन जमीन की बिक्री नहीं की जा सकती। प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि यदि उनके साथ न्याय नहीं हुआ तो वे अपने परिवार सहित आत्मदाह करेंगे।

# कांवरिया शिविरों के सेवादारों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मां शक्ति आराध्य समिति के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन कर निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले कांवरिया शिविरों के सेवादारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाबा धाम पैदल जाने वाले कांवरिया पथ पर पूरे सावन माह 24 घंटे निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराने वाले नीलकंठ महादेव सेवा शिविर, महाकाल सेवा शिविर और औरंगाबाद सेवा शिविर के संस्थापक, अध्यक्ष, सचिव सहित सभी सेवादारों को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सेवादारों के समर्पण और अटूट विश्वास से इतना बड़ा सेवा कार्यक्रम संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों ने अपने जिले का नाम गौरवान्वित किया है। कांवरियों को गरम भोजन, चिकित्सा, ठंडा पानी, फलाहार, मालिश और ड्रायफ्रूट्स सहित विभिन्न सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। सम्मानित होने वालों में नीलकंठ महादेव सेवा शिविर के लखन प्रसाद, नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता, जयराम केसरी, मधुप प्रसाद, पवन सोनी, महाकाल सेवा शिविर के पवन सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, डब्लू सिंह, औरंगाबाद सेवा शिविर के रामविकास सिंह, बनारसी सिंह आदि शामिल हैं। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, रेडक्रॉस अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, मुखिया सुजीत कुमार सिंह, चैंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन मुकेश कुमार लाल, वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, समिति के संरक्षक अजिताभ कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, कालिका कीर्तन के सचिव शमशेर सिंह, समाजसेवी ओम प्रकाश, पार्षद रंजय अग्रहरी, अमित अखौरी, छोटू चौधरी, समिति के सचिव चंदन गुप्ता, उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, गोल्डन गुप्ता, पप्पी गुप्ता, गुड्डू, उप सचिव आनंद राज, कोषाध्यक्ष राजा कश्यप, अजीत चौधरी, ददन सिंह, दिनेश प्रसाद, कार्यक्रम प्रमुख जितेंद्र गुप्ता, अतुल अग्रहरि, विक्की गुप्ता, सैंडी, जुगनू गुप्ता, सुनील कुमार, बिट्टू सेठ, सिकंदर मेहता, गोलू सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## नाकेबंदी कर पुलिस ने पकड़ी कोयले की खेप, लाइनर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ रिसियप थाना पुलिस ने शनिवार की देर रात बड़ी कार्रवाई की। सूचना के आधार पर दोमुहान के समीप नाकेबंदी कर पुलिस ने अवैध कोयला लदे 12 चक्का हाइवा के साथ तस्करों के लिए रेकी कर रही एक लग्जरी कार को जब्त कर लिया। मौके से पुलिस ने लाइनर को भी गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि सूचना मिली थी कि अवैध कोयले की बड़ी खेप झारखंड से होकर गुजरने वाली है। इसके बाद पुलिस टीम ने दोमुहान के पास घेराबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। पुलिस को देखते ही चालक ट्रक खड़ी कर फरार हो गया जबकि लाइनर पकड़ा गया। पूछताछ में लाइनर ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया। गिरफ्तार लाइनर की पहचान रोहतास जिले के राजपुर थाना अंतर्गत दारेखाप गांव निवासी रितेश कुमार पटेल के रूप में हुई है जबकि फरार चालक की तलाश की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि लाइनर लग्जरी कार से हाइवा के आगे चलकर रास्ते की रेकी कर रहा था और पुलिस की गतिविधियों पर नजर रख रहा था।

# ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाला शातिर गिरफ्तार

### चार मोबाइल फोन और 56 हजार रूपये बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पौथू पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित को पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित रितेश कुमार की निशानदेही पर पुलिस उसके एक अन्य सहयोगी की तलाश में जुटी है। इसका अपराधिक इतिहास रहा है। यह चोरी मामले में पहले भी जेल जा चुका है। आरोप है कि इसने एक ही रात में चार मोबाइल फ़ोन और दो अलग-अलग घरों से पैसों की चोरी की। एक घर से 18 हजार जबकि दूसरे घर से 38 हजार रुपये चोरी करने की बात कही। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बेरी गांव सहित चार जगहों पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक शातिर आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के यदुबिगहा निवासी रितेश कुमार के रूप में की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपित ने पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपित रितेश अपने एक सहयोगी के साथ मिलकर बेरी में चार चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के पूछताछ में उसने कई खुलासे किये हैं। चोरी की अन्य घटनाओं का खुलासा होने की संभावना है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के चार मोबाइल फोन, दो अलग-अलग व्यक्तियों से 56 हजार रूपये और एक कार भी बरामद किया है। इसके खिलाफ गोह थाना में 04 दिसंबर 2025 में चोरी का एक मुकदमा दर्ज करवाया गया था जिसमें वह जेल जा चुका है। आवश्यक पूछताछ के बाद शातिर आरोपित को कोर्ट में पेश कर दिया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

## अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया विशेष वाहन जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने, अपराध पर नियंत्रण करने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार की देर रात जिले के विभिन्न थाना व ओपी क्षेत्रों में विशेष वाहन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों और प्रमुख चौक-चौराहों पर दो एवं चार पहिया वाहनों की सघन जांच की गयी। पुलिस द्वारा वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर विशेष नजर रखी गयी। इसके अलावा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा कानून का सम्मान करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना, अवैध हथियारों, मादक पदार्थों समेत अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी को रोकना तथा जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखना है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण व जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले में इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी लगातार चलाये जाते रहेंगे।

## चंदौल में कृषि ट्रांसफार्मर से बहाल की गयी विद्युत आपूर्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उनके त्वरित निष्पादन की कार्रवाई जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार की जा रही है। इसी क्रम में रफीगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम चंदौल के ग्रामीणों द्वारा सहयोग शिविर में कृषि ट्रांसफार्मर से संबंधित समस्या के समाधान हेतु आवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त आवेदन के आलोक में संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चंदौल में कृषि ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन कराया गया तथा विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई। इससे ग्रामीणों को कृषि कार्य में सुविधा प्राप्त हुई। समस्या के त्वरित निष्पादन से प्रसन्न ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन को जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता दी जा रही है ताकि आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक सहयोग शिविर के लिए वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सहयोग शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित करते हुए प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निष्पादन किया जाए। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा पात्रतानुसार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## कान्हा रूप सज्जा प्रतियोगिता में 175 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित में रविवार को श्री कृष्ण परिवार की ओर से कान्हा रूप सज्जा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में करीब 175 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को लेकर बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। छोटे-छोटे बच्चे श्री कृष्ण और राधा के मनमोहक रूप में सजकर पहुंचे और अपनी प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का उद्घाटन होने के बाद रूप सज्जा प्रतियोगिता शुरू हुई। इसमें बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण और राधा के रूप में अपनी प्रस्तुति दी। किसी बच्चे ने कान्हा का रूप धारण कर मुरली बजाई तो कोई राधा के रूप में सजी नजर आई। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को कृष्णमय बना दिया। अभिभावक भी अपने बच्चों की प्रस्तुति को लेकर काफी उत्साहित नजर आए और उनकी तस्वीरें लेते रहे। दोपहर बाद शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में राधा-कृष्ण के वेश में सजे बच्चों ने हिस्सा लिया। सड़क पर एक साथ सैकड़ों की संख्या में राधा-कृष्ण के गेटअप में बच्चों के उतरने से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के दौरान बच्चों का रूप और उनकी मनमोहक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। शाम में कार्यक्रम स्थल पर महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

# जलजमाव के कारण बढ़ी लोगों की परेशानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के वार्ड नंबर चार स्थित गायत्री मोहल्ले में न्यू बाल विहार स्कूल से एनएच-19 को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क इन दिनों जलजमाव की समस्या से जूझ रही है। सड़क पर करीब एक फीट तक पानी जमा है। हालात यह हैं कि स्कूली बच्चों, अभिभावकों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को इसी गंदे पानी के बीच से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। पानी में फिसलन के कारण खासकर छोटे बच्चों के गिरने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के मुताबिक हाल के दिनों में इस सड़क पर पानी के कारण मोटरसाइकिल सवारों के गिरने की घटनाएं भी हुई हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक जलनिकासी की ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। गायत्री मोहल्ले की यह सड़क आसपास के लोगों के लिए सामान्य आवागमन का रास्ता भर नहीं है बल्कि कई विद्यालयों तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग भी है। इसी रास्ते से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं स्कूल आते-जाते हैं। न्यू बाल विहार स्कूल के अलावा संत इग्निसस स्कूल समेत अन्य विद्यालय भी इस क्षेत्र में संचालित हैं। विद्यालयों में शहर के अलावा जिले के अलग-अलग इलाकों से भी बच्चे पढ़ने पहुंचते हैं। सुबह स्कूल के समय इस सड़क पर विद्यार्थियों और अभिभावकों की आवाजाही बढ़ जाती है। छोटे-छोटे बच्चों को पानी के बीच से गुजरते देख अभिभावक भी चिंतित रहते हैं। कई जगह सड़क और जलजमाव के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाता है। पानी के नीचे सड़क की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण गड्ढे या ऊबड़-खाबड़ हिस्से में पैर पड़ने से बच्चे गिर सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के बाद समस्या और गंभीर हो जाती है। पानी लंबे समय तक सड़क पर जमा रहने के कारण फिसलन बढ़ जाती है। पैदल चलने वालों के अलावा बाइक और स्कूटी सवारों को भी काफी सावधानी से गुजरना पड़ता है। लोगों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के किनारे जलनिकासी के लिए नाला बनाया गया है। बावजूद सड़क पर पानी जमा रहना व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। लोगों का आरोप है कि कुछ स्थानों पर जलनिकासी का रास्ता अवरुद्ध कर दिए जाने के कारण पानी आगे नहीं निकल पा रहा है। वर्षा या आसपास से आने वाला पानी सड़क पर ही रुक जाता है और धीरे-धीरे जलजमाव का रूप ले लेता है। लोगों का कहना है कि यदि नाले की सफाई कराकर पानी के बहाव को सुचारू कर दिया जाए तो समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। इसके लिए किसी बड़े निर्माण की जरूरत नहीं बल्कि पहले से बनी जलनिकासी व्यवस्था को प्रभावी तरीके से चालू कराने की आवश्यकता है। जलजमाव के कारण सड़क की स्थिति भी लगातार खराब हो रही है। पानी के लंबे समय तक जमा रहने से सड़क की सतह प्रभावित हो रही है। पानी के नीचे गड्ढे होने की स्थिति में वाहन चालकों के लिए खतरा और बढ़ जाता है।

## दुर्गा पूजा को लेकर नई कमिटी गठित

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** देव थाना क्षेत्र के दधपा गांव में दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया और श्री सती नाट्य कला मंच की नई कमिटी का गठन किया गया। इसके लिए सर्वसम्मति से अभिषेक कुमार सिंह को अध्यक्ष, गौरीशंकर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को उपाध्यक्ष, योगेंद्र भारती को सचिव, बैद्यनाथ सिंह उर्फ बैजू सिंह को उपसचिव तथा अजीत तिवारी को कोषाध्यक्ष चुना गया। ग्रामीणों ने बताया कि दधपा गांव में पिछले करीब 56 वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन होता आ रहा है। पूजा के दौरान मंदिर परिसर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। षष्ठी के दिन भव्य कलश यात्रा निकाली जाती है जिसमें दधपा के अलावा आनंदपुर, बसडीहा, नवापुर, मालेनगर और बहुआरा गांवों की माताएं एवं बहनें बड़ी संख्या में शामिल होती हैं। सप्तमी, अष्टमी और नवमी के अवसर पर पूजा समिति की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।






# गणिनाथ गोविंद महाराज की जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज की 96वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनायी गयी। जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य कानू हलवाई संघ की ओर से गांधी मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग इसमें शामिल हुए और बाबा गणिनाथ गोविंद महाराज के जयकारे लगाते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। समारोह को लेकर समाज के लोगों में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में लोग जुटे। शोभायात्रा शहर के अलग-अलग मार्गों से गुजरते हुए श्रद्धा और भक्ति का संदेश देती रही। इसके बाद ग्राम बभंडी स्थित बटाने नदी के तट पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांधी मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा में रथ और घोड़ों के साथ बाजे-गाजे की व्यवस्था भी की गयी थी। समाज के लोगों ने उत्साह के साथ इसमें हिस्सा लिया। पूरे रास्ते बाबा गणिनाथ गोविंद महाराज के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में काराकाट सांसद राजाराम सिंह, ओबरा विधायक डॉ प्रकाश चंद्र ने पूर्व विधायक आनंद शंकर, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता और रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इसके अलावा झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद, रोहतास जिला अध्यक्ष राजगिरी प्रसाद गुप्ता, जिला संयोजक कृष्ण प्रसाद, जिला परिषद सदस्य रेणु देवी, नीलकंठ महादेव सेवा समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष लखन प्रसाद, लप्पू गुप्ता, जयराम केसरी, सर्जन डॉ आरएस गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य सुमन देवी और पूर्व नगर पार्षद कमला देवी भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं। समारोह को संबोधित करते हुए ओबरा विधायक डॉ प्रकाश चंद्र ने कहा कि बाबा गणिनाथ गोविंद महाराज भगवान शंकर के मानस पुत्र थे। उन्होंने बाबा गणिनाथ के जीवन और उनके आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। नप अध्यक्ष उदय गुप्ता ने कहा कि कानू हलवाई समाज बाबा गणिनाथ गोविंद महाराज के वंशज हैं। उनके आदर्श समाज को एकजुटता और आपसी सहयोग का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज को अपनी परंपरा और संस्कारों को आगे बढ़ाने के साथ नई पीढ़ी को भी इनसे जोड़ना चाहिए। रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों और बड़े यज्ञों में हलवाई समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि सतनारायण भगवान की कथा हो या कोई बड़ा यज्ञ, प्रसाद और मिष्ठान के बिना धार्मिक आयोजन अधूरा माना जाता है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269